

हिंसा के बाद लद्दाख में लगा कर्फ्यू 50 लोग हिरासत में - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- भारत अनिश्चितता में भी बना रहा जुझारू - 12



ट्रंप ने गुटेरस को लिखा पत्र... यूएन में मेरे खिलाफ हुई तिहरी साजिश जांच कराएं - 13



वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के लिए बुमराह भारतीय टीम में - 14

आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान

28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.59 सूर्यास्त 06.01


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी उपरांत 09:33 पंचमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 26 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 37, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


UP INTERNATIONAL TRADE SHOW 3rd Edition

- **संस्करण** : तीसरा
- **स्थान** : इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा
- **अवधि** : 25 से 29 सितम्बर 2025 (5 दिन)
- **प्रतिभागी देश** : 80
- **अंतर्राष्ट्रीय बायर्स** : 550+
- **प्रदर्शक** : 2250 (75 जिलों से)
- **हॉल संख्या** : 14 प्रदर्शनी हॉल
- **स्टॉल की संख्या** : 2500+
- **बिजनेस मीटिंग्स** : 2000+
- **विजिटर्स अनुमान** : 5 लाख से अधिक
- **मुख्य फोकस सेक्टर** : डिफेंस, सेमीकंडक्टर, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, एग्री-फूड प्रोसेसिंग, ओडीओपी
- **विशेष आकर्षण** : ओडीओपी कैटलॉग, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मॉडल, फिल्म सिटी व सेमीकंडक्टर पार्क मॉडल, हेरिटेज व क्रूज टूरिज्म
- **जीआई उत्पाद स्टॉल** : 60+
- **उपलब्धियां प्रदर्शित** : स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, एमएसएमई, कृषि, हस्तशिल्प, आईटी इनोवेशन
- **उम्मीद** : निवेश प्रस्ताव, एक्सपोर्ट वृद्धि, लाखों रोजगार सृजन

# निवेश-प्रगति का यूपी नया केंद्र : मोदी

## प्रधानमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में किया यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

- **निवेश की अपील, कहा- योगी गढ़ रहे नए आयाम**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेश और प्रगति का नया केंद्र बन गया है। उन्होंने देश-दुनिया के निवेशकों से आह्वान किया कि यूपी में दिल खोलकर निवेश करें, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि डिफेंस, सेमीकंडक्टर और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में यूपी की बढ़ती भूमिका इसे भारत का मैन्युफैक्चरिंग हब बना रही है। बताया कि देश में बनने वाले 55 प्रतिशत मोबाइल फोन यूपी से निर्मित होते हैं। जल्द ही यहां सेमीकंडक्टर फैसिलिटी भी शुरू होने वाली है, जो आत्मनिर्भर भारत के सपने को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी की कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट निवेश के लिए इसे और आकर्षक बनाते हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) ने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दी है। विदेशी मेहमानों के लिए अब ओडीओपी कैटलॉग ही पर्याप्त है। कहा कि नमामि गंगे और ओडीओपी जैसी पहलें क्रूज व हेरिटेज टूरिज्म को भी नई उड़ान दे रही हैं। उद्यमियों से कहा कि स्वदेशी उत्पादों को गुणवत्ता और टिकाऊपन के साथ अपनाएं।



प्रधानमंत्री को फिरोजाबाद के शिल्पियों द्वारा बनाई गई मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अंत्योदय मॉडल से समावेशी विकास

प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अंत्योदय के सिद्धांत को याद किया, जो गरीब से गरीब तक विकास पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय में ही सामाजिक न्याय की मजबूती है और यही मॉडल भारत दुनिया को दे रहा है। फिनटेक क्रांति का उदाहरण देते हुए उन्होंने यूपीआई, आधार और डिजिलॉकर का जिक्र किया, जो चाहे मॉल में शॉपिंग करने वाला हो या सड़क पर चाय बेचने वाला सभी को समृद्धि का अवसर दे रहे हैं।

### कांग्रेस ने मचाई थी टैक्स की लूट : पीएम

प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार को आर्थिक बचत और ग्रोथ का नया अध्याय बताते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले 1000 रुपये की शर्ट पर 170 रुपये टैक्स लगता था, जो अब 35 रुपये रह गया है। कई उदाहरण देते हुए मोदी ने कहा कि अब औसत परिवार की सालाना 25 हजार रुपये और देशभर में 2.5 लाख करोड़ की बचत होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने टैक्स की लूट मचाई थी, जबकि उनकी सरकार ने महंगाई घटाई और आमदनी बढ़ाई।

### अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का अवसर : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए योगी ने कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विजन को साकार कर रहा है। यूपीआईटीएस-2025 में 80 देशों के साढ़े पांच सौ से अधिक बायर्स और प्रदेश के 75 जिलों से 2250 से अधिक एग्जीबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं।

# वायुसेना को मिलेंगे 97 तेजस विमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से किया 62 हजार करोड़ का करार**

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय वायुसेना के वास्ते 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा इस बड़ी खरीद को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एयरोस्पेस क्षेत्र की इस सरकारी दिग्गज कंपनी के साथ किया गया यह दूसरा ऐसा अनुबंध है। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था।

मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना के लिए 62,370 करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) की लागत से 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके-1ए और संबंधित उपकरणों की खातिर एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



### 'स्वयं रक्षा कवच' से लैस होंगे उन्नत जेट

स्वयं रक्षा कवच से लैस इन उन्नत जेट में 64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी उपकरण होंगे। मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों की आपूर्ति 2027-28 में शुरू होगी। एकल इंजन वाला एमके-1ए, भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को शामिल करना चाहती है क्योंकि उसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो उच्च-खतरे वाले हवाई वातावरण में परिचालन करने में सक्षम है।

## ब्रीफ न्यूज

### सज्जन की दोषसिद्धि पर दिवाली बाद सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह 1984 के सिख-विरोधी दंगों के एक मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास के खिलाफ याचिका पर दिवाली की छुट्टियों के बाद सुनवाई करेगा। सर्वोच्च न्यायालय की दिवाली की छुट्टियां 20 अक्टूबर से शुरू होंगी। उसके बाद 27 अक्टूबर से शीर्ष अदालत में नियमित सुनवाई शुरू होगी।

### सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास आरएस पुरा सेक्टर से एक पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। इस महीने बीएसएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया यह दूसरा पाकिस्तानी नागरिक है। अधिकारियों ने बताया कि सतर्क बीएसएफ कर्मियों ने सरहद पार से इस ओर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को भारतीय क्षेत्र में घुसते ही पकड़ लिया।

### हत्या मामले में ताहिर की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 के दंगों के दौरान आसूचना ब्यूरो (आईबी) के कर्मचारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में आम गुरुवार को आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने आदेश सुनाते कहा कि अर्जी खारिज की जाती है।

# पहली बार ट्रेन से अग्नि प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई उपलब्धि**

- **रूस, चीन और उत्तर कोरिया के बाद यह क्षमता पाने वाला भारत चौथा देश**
- **कई उन्नत सुविधाओं से लैस, दो हजार किलोमीटर मारक क्षमता**

नई दिल्ली, एजेंसी

लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लांचर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। सिंह ने कहा कि अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है।



### रेल नेटवर्क से कहीं से दागी जा सकती है यह मिसाइल

रक्षामंत्री ने कहा कि विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। विशेष ट्रेन के जरिए यह कहीं से भी दागी जा सकती है।

## कानपुर से सपा विधायक इरफान सोलंकी को भी मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर की सीसामऊ सीट से पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिज़वान सोलंकी और सहयोगी इजराइल आटेवाला को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में गुरुवार को जमानत दे दी। कोर्ट ने इस मामले में 2 सितंबर को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित कर लिया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी और इजराइल आटेवाला की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इरफान सोलंकी दो साल से जेल में बंद हैं और इस समय महराजगंज जिला कारागार में निरुद्ध हैं।

- **हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला रखा था सुरक्षित**

मामले के अनुसार कानपुर नगर के जाजमऊ थाने में 26 दिसंबर 2022 को इरफान सोलंकी, उनके भाई रिज़वान सोलंकी और इज़राइल आटेवाला के खिलाफ एक महिला की जमीन हड़पने की कोशिश करने और उसके विरोध करने पर उसके घर में आग लगाने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

**बांके बिहारी के दर्शन**



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को वृन्दावन पहुंचीं और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन किए और निधिवन में राधारानी की प्राकट्य स्थली निहारी एवं स्वामी हरिदास की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मुर्मू ने स्वामी सुदामा दास महाराज की भजन स्थली का लोकार्पण किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मू, दामाद और दोनों नाती भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

## प्रधान बने बिहार में भाजपा के चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को दो प्रमुख ओबीसी चेहरों और पार्टी के सबसे अनुभवी चुनाव प्रबंधक केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव को क्रमशः बिहार और बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रभारी नियुक्त किया।

अगले वर्ष होने वाले चुनाव सहित तीन राज्यों के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए भाजपा ने अपने उपाध्यक्षों में से एक बैजयंत जय पांडा को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। बिहार विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की उम्मीद है, वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले साल मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रस्तावित हैं। पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार चुनाव के लिए सह-प्रभारी हैं। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी होंगे और केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल तमिलनाडु के सह-प्रभारी होंगे।

- **केशव मौर्य होंगे सह प्रभारी, भूपेंद्र यादव को बंगाल की जिम्मेदारी**



## पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्टूबर को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा- 2025 इस बार 12 अक्टूबर को संपन्न कराई जाएगी। इससे पूर्व गुरुवार को प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी जिलों के नोडल अधिकारी शामिल रहे। इस साल, पीसीएस-2025 के लिए कुल 6,26,387 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। आयोग ने हाल ही में अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में कई बड़े बदलाव किए हैं। इन बदलावों में परीक्षा की हाई-टेक निगरानी और प्रश्नपत्र निर्माण प्रक्रिया में सुधार शामिल हैं।

## मिग-21 लड़ाकू विमान आज हो जाएंगे रिटायर

चंडीगढ़, एजेंसी

छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध रूसी लड़ाकू विमान मिग-21 शुक्रवार को यहां आयोजित होने वाले एक समारोह में सेवामुक्त (रिटायर) हो जाएंगे। मिग-21 विमानों के संचालन का आधिकारिक समापन 26 सितंबर को चंडीगढ़ में एक औपचारिक फ्लाईपास्ट और विदाई समारोह के साथ होगा, जहां इस प्रतिष्ठित विमान को 60 साल पहले वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत की वायुशक्ति में एक ऐतिहासिक अध्याय के समापन का प्रतीक होगा।

पैंथर्स उपनाम वाले तेईसवें स्क्वाड्रन के अंतिम मिग-21 विमान को चंडीगढ़ वायुसेना स्टेशन पर आयोजित समारोह में विदाई दी जाएगी, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। एयर चीफ मार्शल एपी. सिंह शुक्रवार को विमान की अंतिम उड़ान में सवार होंगे।

- **छह दशकों से अधिक समय तक रहे वायुसेना की ताकत**



## वांगचुक के एनजीओ की विदेशी फंडिंग का लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। मंत्रालय की यह कार्रवाई संगठन के खातों में पाई गई कई विसंगतियों पर आधारित थी, जिसमें स्वीडन से धन अंतरण भी शामिल था, जिसे मंत्रालय ने राष्ट्रीय हित के विरुद्ध पाया। यह घटनाक्रम लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच व्यापक झड़पों में चार लोगों की मौत के एक दिन बाद हुआ है।

- **वित्तीय अनियमितता पर केंद्र ने की कार्रवाई**

**व्यवस्था** | अधिक पारदर्शिता लाने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया को किया सुव्यवस्थित

# अब डाक मतपत्र के बाद ही गिने जाएंगे ईवीएम के वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। अब तक, मतगणना वाले दिन डाक मतपत्रों की गिनती सुबह आठ बजे और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज मतों की गिनती सुबह 8:30 बजे शुरू होती थी।

अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। पुराने निर्देशों के अनुसार, सैद्धांतिक रूप से डाक मतपत्रों की गिनती के चरण की परवाह किए बिना ईवीएम के वोटों की गिनती जारी रह सकती है और डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती पूरी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, डाक मतपत्रों की गिनती आमतौर पर ईवीएम की गिनती से पहले पूरी हो जाती है। मतगणना प्रक्रिया में एकरूपता और अत्यधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने अब निर्णय लिया है कि ईवीएम की गिनती का अंतिम से पहले वाला दौर, उस मतगणना केंद्र पर डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने के बाद ही शुरू किया जाएगा जहां डाक मतपत्रों की गिनती की जा रही है।



### पहले बिहार विस चुनाव में लागू होगी नई व्यवस्था

यह नई व्यवस्था सबसे पहले बिहार में लागू की जाएगी जहां नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि जिन मामलों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक है, वहां निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पर्याप्त संख्या में मेज एवं मतगणना कर्मचारी उपलब्ध हों ताकि कोई देरी न हो तथा मतगणना प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित बनाया जा सके। दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा हेतु आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहल के मद्देनजर डाक मतपत्रों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

### पारदर्शिता आएगी, मजबूत होगा जनता का भरोसा

चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने तक अंतिम ईवीएम गिनती को रोके रखने का निर्णय सभी उम्मीदवारों और दलों को यह आश्वासन देगा कि मतगणना में किसी तरह की जल्दबाजी या असमानता नहीं होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बुद्ध के अवशेषों को रूस ले जाने की यात्रा टली

**अमृत विचार, लखनऊ :** महात्मा बुद्ध के अवशेषों को रूस ले जाने की यात्रा फिलहाल टल गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'नमो बुद्धाय' के संदेश के साथ यह जानकारी केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर साझा की है। अपने एक्स अकाउंट पर केशव मौर्य ने लिखा कि तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की रूस यात्रा अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित है।आगे उन्होंने लिखा कि भविष्य में यात्रा के लिए नई सूचना प्राप्त होगी तो आप सभी को अवगत कराया जाएगा। इस बार उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ही भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्वकर्ता बनाए गए हैं। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य भारतीय वायुसेना के एक विमान से रूस के काल्मिकिया गणराज्य के लिए रवाना होने वाले थे, जहां 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

### 1.91 लाख बालिकाओं ने सीखी बैंकिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान वर्ष 2025-26 के पांचवें चरण के तहत गुरुवार का दिन प्रदेश की बालिकाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 सितम्बर को शुरू किए गए इस चरण के अंतर्गत प्रदेशभर के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की कक्षा 6 से 8 की करीब 1.91 लाख बालिकाओं ने एक साथ बैंक शाखाओं का भ्रमण कर वित्तीय साक्षरता की दिशा में नई शुरुआत की। छात्राओं को बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्हें खाता खोलने की प्रक्रिया, पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड के उपयोग की जानकारी दी गई।

### जनभागीदारी से गढ़ा जा रहा नया विकास मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान तेजी से जनभागीदारी का नया कीर्तिमान गढ़ रहा है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चल रहे संवाद एवं फीडबैक मिशन के तहत अब तक करीब 7 लाख लोगों ने अपने सुझाव साझा दिए हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 5 .5 लाख और नगरीय क्षेत्रों से 1.5 लाख से अधिक नागरिक जुड़े हैं। यह तथ्य साबित करता है कि आम जनता न सिर्फ इस महाअभियान का हिस्सा बन रही है, बल्कि राज्य के भविष्य की दिशा तय करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। आंकड़ों के अनुसार 31 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों ने सर्वाधिक 3 .60 लाख सुझाव दिए हैं।

# शिक्षक पुरस्कार शुरू करने को शीघ्र तैयार होगी कार्ययोजना

## शैक्षणिक कैलेंडर का पालन न करने पर तय होगी कुलपतियों की जवाबदेही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में मौजूद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय।

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गुरुवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में तमाम नीतियों और योजनाओं को अमली जामा पहनाने पर सहमति बनी। इस क्रम में उच्च शिक्षा विभाग में शिक्षक पुरस्कार शुरु करने की योजना पर मुहर लगी इसके लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में यह भी तय हुआ कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मूल्यांकन समिति का गठन किया जाए। अशासकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों की तरह विश्विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने को प्रस्ताव तैयार किया जाए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार करते हुए मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर नियुक्तियों में शासन का प्रतिनिधि नामित किया जाएगा, ताकि नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों, संचालित नवीन पाठ्यक्रमों की मान्यता तथा नए महाविद्यालयों की स्थापना के लिए एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इसके लिए शीघ्र ही एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कैलेंडर का पालन न करने पर संबंधित कुलपति की जिम्मेदारी शासन स्तर पर तय की जाएगी।

विभागीय समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी, विशेष सचिव गिरजेश त्यागी, निधि श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से जल्द शुरू होंगी लखनऊ, प्रयागराज की उड़ानें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरलाइंस कंपनियों से दिवाली से पहले मांगे प्रस्ताव
- पहले व्यावसायिक उड़ानों से होगी शुरुआत, इंफ्रास्ट्रक्चर व यात्री सुविधाओं पर भी होगा होमवर्क

**अमृत विचार:** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से जल्द लखनऊ, प्रयागराज की उड़ानें संचालित किए जाने को कमर कसी जा रही है। इससे पहले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरलाइंस कंपनियों से दिवाली से पहले प्रस्ताव भी मांग लिए हैं। माना जा रहा है कि शुरुआत पहले व्यावसायिक उड़ानों से होगी फिर इसी कवायद के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर व यात्री सुविधाओं पर भी होमवर्क होगा।

हाल ही में दिल्ली स्थित सफदरजंग एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया कार्यालय में भारतीय वायु सेना और और देश की सभी प्रमुख निजी एयरलाइंस कंपनियों की बैठक हुई। इसमें हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी एडवाइजरी कमिटी के चेयरमैन अतुल गर्ग ने लखनऊ, अयोध्या और प्रयागराज के लिए हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानों को शुरू करने का मुद्दा उठाया था। इंडिगो, स्टार एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बताया कि दिवाली के बाद इन रूटों पर सर्वे कराकर फैसला लेंगे।

## आंधी के साथ हो सकती है बारिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में भीषण उमस और गर्मी से आमजन को हलकान कर रहा मौसम फिर करवट लेगा। इस दौरान न केवल आंधी के साथ बारिश होगी बल्कि तापमान गिरने पर गर्मी से भी राहत मिलेगी। कुछ ही दिनों में कई जिलों में धूल भरी हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। दरअसल, मौसम विभाग के अनुसार राज्य में शनिवार से मौसम में बदलाव की आहट है। आंधी के साथ बारिश के रूप में मौसम का यह बदलाव नजर आएगा। ऐसे में तापमान में भी कमी आना संभव है।

# बेसिक शिक्षा निदेशक पर घूस लेने का आरोप, पत्र वायरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र कासगंज से भाजपा विधायक की ओर से जारी बताया जा रहा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा निदेशक पर घूस लेने संबधी आरोप का एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल है। मुख्यमंत्री को संबोधित यह पत्र कासगंज से भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत की ओर से बताया जा रहा है। इसमें बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि निदेशक और विभागीय बाबू ने बकाया वेतन भुगतान के लिए 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। आरोप है कि निदेशक और बाबू ने बकाया वेतन जारी करने के लिए सुविधा शुल्क मांगा और 10 लाख रुपए की वसूली पहले ही कर ली। बाकी राशि के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, पूरा प्रकरण जांच का विषय है।

# आवंटित फ्लैट के नाम पर लोन दिलाने वाला गारंटर गिरफ्तार


ईओडब्ल्यू टीम की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) की टीम ने बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी को लोन दिलाकर धनराशि हड़पने की साजिश रचने की घटना का खुलासा किया। इस मामले में बैंक में गारंटर बने आरोपी अभिषेक सिंह को गुरुवार को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। इस मामले में 9 वर्ष पूर्व गाजियाबाद के विजयनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर के अधिकारी के मुताबिक, सचिन दत्ता व उसके सहयोगियों द्वारा गाजियाबाद में बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रा. लि. नाम से फर्म बनाई थी। निर्माणाधीन 180 फ्लैट में आरोपियों ने ज्यादातर फ्लैट को दो या उससे अधिक ग्राहकों को आवंटित कर दिया। जांच में सामने आया कि फोस्टर हाइट्स योजना के निदेशक व एमडी राजेंद्र दत्ता व सचिन दत्ता ने ऋण स्वीकृत कराने के लिए सत्यदेव सिंह व गारंटर अभिषेक सिंह की मदद से पीएनबी के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक भगवान दत्त शर्मा, ऋण प्रबंधक जय सिंह से सांठगांठ कर हिमांशु सिंह के फ्लैट को गिरवी रखकर 55.50 लाख रुपये का ऋण हासिल कर लिया। 19 मामलों की जांच प्रदेश सरकार ने ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर को सौंपी है।

# लखनऊ से अयोध्या और नैमिष के लिए रियायती दर पर चलेंगी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वरिष्ठ नागरिकों को कम दरों में मिलेगा टूर पैकेज, पर्यटन विभाग उपलब्ध कराएगा सुविधा
- विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन विकास निगम की पहल

**अमृत विचार :** विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) से श्रद्धालुओं को लखनऊ से नैमिषारण्य और अयोध्या आदि पवित्र तीर्थस्थलों के लिए रियायती दरों पर परिवहन सेवा मिलेगी। इतना ही नहीं, उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए कम दरों में टूर पैकेज उपलब्ध कराए गए हैं। यह यात्रा हर शुक्रवार, रविवार और सोमवार सुबह 8 बजे लखनऊ स्थित होटल गोमती से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि शनिवार सुबह से शुरू होने वाली नैमिषारण्य धार्मिक यात्रा, तीर्थाटन के बाद शाम 7.30 बजे वापस लखनऊ पहुंचेगी। इस टूर पैकेज का शुल्क प्रति यात्री 1,700 रुपये निर्धारित है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दर मात्र एक हजार रुपये रखी गई है। इस पैकेज के अंतर्गत श्रद्धालु नैमिषारण्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे।

साथ ही उन्होंने बताया कि लखनऊ-अयोध्या दर्शन यात्रा शनिवार और रविवार सुबह 8 बजे लखनऊ स्थित होटल गोमती से शुरू होगी। उसी दिन रात लगभग 8.30 बजे वापस लखनऊ पहुंचेगी। इसके लिए प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये रखी गई है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए मात्र एक हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इस यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, राम की पैड़ी सहित अयोध्या के अन्य प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिलेगा।

## प्रदेश में पदयात्रा निकालेगी आम आदमी पार्टी : संजय सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आम आदमी पार्टी सरयू से संगम तक पदयात्रा निकालेगी। पार्टी की यह यात्रा युवाओं के रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर होनी है। यात्रा की शुरुआत सरयू के तट से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर से होगी और 15 नवंबर को संगम के तट पर समाप्त होगी। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यह जानकारी मीडिया से साझा की। आप सांसद के मुताबिक, यूपी में रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। युवाओं को रोजगार चाहिए लेकिन सरकार नहीं दे पा रही है।


लखनऊ में चारबाग स्थित दीनदयाल वाटिका में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।


विधानभवन देखने पहुंचे कानपुर के महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ।

# सपा सरकार बनने पर लागू करेंगे दाम बांधो नीति

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर लगाया मुनाफाखोरी का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


पत्रकारों के साथ वार्ता करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर प्रदेश में दाम बांधो नीति लागू करेंगे। जरूरत की वस्तुओं को सस्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया, मुलायम सिंह यादव दाम बांधों नीति की बात करते थे। समाजवादी सरकार में इसका प्रयास हुआ था। भविष्य में इसे लागू करेंगे।

सपा प्रमुख पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार काम नहीं कर रही है। आज कल बाजारों में गंजिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को नौ साल बाद पता लगा कि दूध, दही, किताबें, खाने-पीने की चीजें, कपड़े और अन्य सामान महंगे हैं। सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार मुनाफाखोरी करा रही है। जीएसटी कम करने के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार जिन चीजों की कीमतों को दो चार रुपये कम करने का प्रचार कर रही है उससे किसानों को क्या लाभ हुआ है। अगर क्रीम, पाउडर पर 2 या 3 रुपये कम हो जायेगा तो उससे किसान को क्या लाभ होगा। नौजवानों को कितनी नौकरी रोजगार मिलेगी।

### हरिजन एक्ट जाति पर बना है

**अमृत विचार :** अखिलेश यादव ने कहा कि जाति हमारा फर्स्ट इमोशनल कनेक्ट है। बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने संविधान में जो आरक्षण दिया है वह जाति के हिसाब से मिला है। मंडल कमीशन की प्रस्तावना में चर्चा हुई और बात सामने आयी थी कि पिछड़ापन जाति के आधार पर है तभी यह तय हुआ कि आरक्षण जाति के अनुसार मिलेगा। भाजपा पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की एकता से घबरा गई है। उन्होंने कहा कि हरिजन एक्ट तो जाति पर ही बना है।

## पूर्व विधायक समेत हजारों कार्यकर्ताओं ने थामी सपा की साइकिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रति आस्था जताते हुए गुरुवार को शोहरतगढ़ के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, गौतमबुद्धनगर-नोएडा के किसान नेता सुधीर चौहान, खजनी विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी विद्या सागर और बसपा के गोरखपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गोरखपुर मंडल के पूर्व कोआर्डिनेटर लालजी भारती अपने-अपने हजारों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय में इन सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उम्मीद जताई कि इन साथियों के आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

धांधली | 2007 में स्वास्थ्य विभाग में हुई नियुक्तियों में फर्जीवाड़ा

# 14 पिता के 35 बच्चे पा गए टेक्नीशियन की नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भर्तियों की छानबीन के बाद सामने आई जांच रिपोर्ट में खुलासा

> एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट संबन्धित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा, अगर कहीं अनियमित्ता होगी तो कार्रवाई भी जाएगी।
>
> – अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में होने वाले फर्जीवाड़ों के खुलासे का अंत नहीं हो रहा है। वर्ष 2008 और 2016 में होने वाली नियुक्तियों की जांच चल ही रही है, इस बीच 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर होने वाली नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।

इन भर्तियों की छानबीन के बाद सामने आयी जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गईं। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई हैं, पता सभी का अलग-अलग हैं।

स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में, चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं।

भर्ती की फाइलों में और भी हैरान करने वाले तथ्य छिपे हुए हैं। कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज की गई। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। वहीं, कई अभ्यर्थियों के पते इतने अपूर्ण पाए गए कि उनके आधार पर पत्राचार तक संभव नहीं है।

साफ नजर आ रहा है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की गई होंगी। यह खुलासा वर्ष 2016 और 2008 में होने वाली भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। खाद्य एवं रसद विभाग ने इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

## आरक्षण और आंबेडकर विरोधी है सपा : डॉ. निर्मल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव शुरू से ही आरक्षण और दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विरोधी हैं। सपा शासन में मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव ने दलित कर्मचारियों के प्रोन्नति में आरक्षण खत्म किया। वह चाहते तो दलितों के साथ ही पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों के लिए भी प्रोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था लागू कर सकते थे। सपा दलितों के साथ ही पिछड़ा वर्ग की भी विरोधी है। डॉ. निर्मल ने आरोप लगाया कि सपा सांसद ने ही लोकसभा में दलित कर्मचारियों के प्रोन्नति में आरक्षण के बिल को फाड़ा। इतना ही नहीं, सपा के कई नेता बाबा साहब के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर अपमानजनक बात करते रहे, अब दलितों का वोट पाने की खातिर वह आरक्षण और अम्बेडकर की बात करने लगे हैं।

# ट्रेड शो में जीवंत हो रहीं शास्त्रीय परंपराएं : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांच दिवसीय आयोजन में अभिलेख और चित्रकला प्रदर्शनी का हो रहा आयोजन

**अमृत विचार :** नोएडा में शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में देश-प्रदेश की विविध लोक एवं शास्त्रीय परंपराएं मंच पर जीवंत हो रही हैं। पांच दिवसीय शो में उप्र. राजकीय अभिलेखागार द्वारा अभिलेख प्रदर्शनी एवं उप्र. संग्रहालय निदेशालय द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित ट्रेड शो में पहले दिन गुरुवार को भोजपुरी गायक दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने गीत और वाराणसी की सोनी सेठ ने "राम रामेति रामाया" कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव से सराबोर किया। गोरखपुर से आईं संस्कृति गाथा बैंड ने लोकधुनों की प्रस्तुति दी, वहीं पवन धनक (मेरठ) ने शहनाई वादन से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। दीपक (मथुरा) ने राधा- कृष्ण-मयूर नृत्य प्रस्तुत कर ब्रज संस्कृति का अद्भुत दृश्य साकार कर दिया। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को स्वराग बैंड (जयपुर) और मथुरा के मुरारी लाल शर्मा पारंपरिक चरकुला नृत्य प्रस्तुत करेंगे। मथुरा के ही गजेंद्र सिंह रसिया गायन से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मानपुर पावर हाउस से बिना सूचना के बंद कर दी बिजली

## उपभोक्ता रहे परेशान, उपकेंद्र में मेंटीनेंस का काम होने की कही गई बात

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बिना पूर्व सूचना के बिजली विभाग ने बिजली काट दी। कई घंटे बिजली गुल रहने के बाद सत्ता पक्ष की मीटिंग होने की सूचना पर विभागीय अधिकारियों ने बिजली की सप्लाई बहाल करा दी। इससे मेंटीनेंस का काम भी पूरा नहीं हो सका। उपभोक्ता पीने के पानी को तरस गये। यह आलम मानपुर विद्युत उप केंद्र का रहा। बिजली विभाग की मनमानी का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा।

बिजली विभाग ने गुरुवार को मानपुर विद्युत उपकेंद्र में मेंटीनेंस का काम किये जाने की पूर्व में सूचना नहीं दी। जब बिजली की सप्लाई बंद कर काम शुरू किया तो जानकारी दी कि मानपुर विद्युत उपकेंद्र में सीटी बदलने का काम किया जायेगा। इसके लिये सप्लाई 25 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक काटी जायेगी। इससे उपभोक्ता परेशान हो गये। उन्होंने लाइनमैन समेत अन्य अधिकारियों को फोन लगाना शुरू कर दिया। यही नहीं कार्यालय में बैठक होने से भाजपा नेता भी परेशान हो गये। इसके बाद भाजपा नेताओं ने अधिशाषी अभियंता को फोन लगा दिया। कहा कि बिजली काटने की पहले से जानकारी नहीं दी गई। इससे उनकी बैठक प्रभावित हो रही है। यह शिकायत मिलते ही अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने मानपुर उपकेंद्र के जेईव एसडीओ को फोन कर तत्काल मेंटीनेंस का काम बंद कर सप्लाई भाजपा कार्यालय में देने के निर्देश दिये। अधिकारी का फोन आते ही बिजली विभाग के जेई व एसडीओ ने कुछ सीटी बदलवाने के बाद काम बंद कर सप्लाई वहाल कर दी। विभाग की माने तो अब मेंटीनेंस का काम अन्य किसी दिन कराया जायेगा।

### ग्रामीण क्षेत्र को चार घंटे ही मिल रही बिजली

**सौरिख,कन्नौज।** प्रदेश सरकार का आदेश बिजली विभाग पर बेअसर साबित हो रहा है जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि ग्रामीण क्षेत्र को चार घंटे ही विद्युत सप्लाई मिल पा रही है जिससे लोग परेशान हैं। सौरिख बिजली घर पर अधिकारी प्रदेश सरकार के आदेशों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में नादेमऊ फीडर, स्टेडियम फीडर तथा खड़नी फीडर से जुड़े सैकड़ो गांव में बिजली व्यवस्था चौपट है। ग्रामीणों का कहना है 24 घंटे में मात्र चार घंटे ही बिजली मिल रही है जिससे फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। ग्रामीण जब बिजली अधिकारियों से बात करने का प्रयास करते हैं तो वह लोग फोन नहीं उठाते हैं। वहीं बिजली घर पर तैनात कर्मचारी ओवरलोड की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं। बुधवार रात दो बजे 33 हजार वोल्ट लाइन का तार टूट जाने के बाद सुबह नौ बजे लाइन चालू की जा सकी। अवर अभियंता दिलीप शर्मा ने बताया, ओवरलोड के चलते 33 हजार लाइन का तार टूट जाने से सप्लाई बाधित हो गई थी। लाइन दुरुस्त करने के बाद सप्लाई काट काट कर देनी पड़ रही है।

- भाजपा कार्यालय में मीटिंग होने से बजने लगा एक्सईएन का फोन तो जोड़ी गई बिजली

## लैब टेक्नीशियन हफ्तों से गायब, नहीं हो पा रहीं जांचें

**कन्नौज।** ठठिया क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में मरीजों की खून आदि की जांचें नहीं हो पा रही हैं। इसका कारण यह है कि लैब टेक्नीशियन कई हफ्तों से ड्यूटी से गायब हैं।

पीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. राजन शर्मा ने लैब टेक्नीशियन अभिषेक कुमार के गैरहाजिर रहने की जानकारी पहले से होने की बात कही। यह भी कि बुधवार को उन्होंने स्वयं निरीक्षण किया तो भी वह गायब पाए गए। कई दिनों से ड्यूटी पर न आने के चलते उसका वेतन रोका जा रहा है। कहा कि मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। वहीं लैब टेक्नीशियन की अनुपस्थिति से मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को विभिन्न जांचों के लिए निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। यहां तक कि कई मरीजों को जांच के लिए जिला अस्पताल तक जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है।

## मकान में हर चीज की ससुर और दामाद को थी जानकारी

अमृत विचार Follow UP

- परिवार में घुलमिल जाने के बाद लूट ले गये 30 लाख की संपत्ति
- शहर के कुतलूपुर मोहल्ले में लूट और हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** करीब तीन माह तक मकान में टायल लगाने का काम करने वाले ससुर व दामाद के महिला के परिवार से अच्छे संबंध हो गये थे। विश्वास होने पर दोनों ने लूट व हत्या की घटना को अंजाम दिया। ससुर व दामाद करीव 30 लाख से अधिक की नकदी व जेवरात लूट ले गये।

सदर कोतवाली के मोहल्ला कुतलूपुर में सुनीता श्रावास्तव पत्नी अर्जुन श्रावास्तव के यहां करीव तीन माह तक टायल लगाने वाले जसवंत व उसके दामाद सूरज ने महिला व उसकी बेटियों से अच्छे संबंध बना लिये थे। दोनों पर परिवार के प्रत्येक सदस्य को पूरा विश्वास हो गया था। इसीलिये नये मकान में काम समाप्त होने के बाद दोनों पुराने छोटे से मकान में बचे हुए टायल लगाने लगे थे। अभी तीन दिन ही काम हुआ था कि ससुर व दामाद की नीयत खराब हो गई। उन्होंने दिन दहाड़े महिला की हत्या कर दी और पुत्री कोमल को मकान की पहली मंजिल कर बंधक बना कर अलमारी में रखी करीव 30 लाख रुपये की संपत्ति पार कर दी। भले ही आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है पर पुलिस अभी तक उन तक नहीं पहुंच सकी है। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस की पांच टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जायेगा। बताया जाता है कि जिस घर में मृतका सुनीता दो पुत्रियों के साथ रहती थी वह पुराना छोटा मकान था। इसीलिये उन्होंने नया मकान बनवाया था। दीपावली पर इसी नये मकान में शिफ्ट होने की तैयारी थी। लूट व हत्या की घटना से मृतका की पुत्रियां खौफ में हैं।

## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी,चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र... ऐं ह्री देव्यै नमः।

## न्यूज ब्रीफ

### ताड़का वध लीला ने बटोरी तालियां

**सौरिख, कन्नौज।** श्रीराम लीला पुरातन कमेटी के रंगमंच पर अहिल्या उद्धार व ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। दर्शाया गया कि ऋषि विश्वामित्र महाराज दशरथ से राम लक्ष्मण को शिक्षा प्रदान करने हेतु आश्रम ले जाते हैं। इस समय अहिल्या उद्धार करते हैं। जीवंत अभिनय देख कर दर्शकों ने श्री राम के जयघोष के नारे लगाए। लीला प्रारंभ से पूर्व नगर के समाजसेवी बादाम सिंह स्वर्णकार द्वारा श्री राम दरबार की आरती की गई। कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा बादाम सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति स्वरूप राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नितेंद्र बिहारी हजेला, चेयरमैन राहुल गुप्ता, अशोक चौरसिया, विनोद शुक्ला, सुसंकेत यादव, सचिन वर्मा, तुषीर वर्मा, विशुन चन्द्र वर्मा, आर्यन गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महिला सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ।** मिशन शक्ति केंद्र फेज 5 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए नगर के जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक बृजमोहन पाल, सब इंस्पेक्टर अंकिता तिवारी, महिला आरक्षी पूजा अवस्थी, शिवानी पाराशर, उप निरीक्षक विमल किशोर और हेड कांस्टेबल जर्मन सिंह ने गुरुवार को कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों के बारे में बताया।

## जीएसटी दरों में कमी पर व्यापार मंडल ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

संवाददाता, छिबरामऊ



बैठक में मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

- बनवारी नगर के एसबीवीएस सभागार में विशेष बैठक हुई

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी दरों में कमी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। बनवारी नगर के एसबीवीएस सभागार में आयोजित विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने जीएसटी दरों में कमी को उद्योग और व्यापार जगत के लिए राहतकारी बताया। नगर प्रभारी आशु तिवारी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों को प्रत्यक्ष लाभ होगा और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। इससे व्यापार में सुगमता आएगी, बाजार की रौनक बढ़ेगी और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने व्यापारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर डाला। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए नियमित संवाद और कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी ने प्रधानमंत्री के निर्णय की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में भी व्यापारी हित में कदम उठाएगी। इस अवसर पर पुष्कर दुबे, सुनील चतुर्वेदी, सोनू कौशल, धर्मेंद्र सविता, अशोक राठौर, नवीन बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## चौथे दिवस माता कूष्मांडा की पूजा अर्चना, मांगी मन्नत

**कन्नौज।** शारदीय नवरात्र पर चौथे दिन माता के कूष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की गई।

नवरात्र के चलते देवी मंदिरों में सुबह से ही लोगों के कतारें माता के दर्शन के लिए लग रही हैं। त्योहार के चलते शहर से लेकर देहात तक दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ ही देवी भागवत का भी पाठ स्थान स्थान पर किया जा रहा है। चौथे दिवस गुरुवार को शहर के सिंहवाहिनी देवी मंदिर, मौरारी देवी, काली देवी, क्षेमकली देवी, फूलमती देवी, काली दुर्गा मंदिर सरायमीरा, गोवर्धनी देवी आदि देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। परिसर के बाहर लगी प्रसाद की दुकानों से भी भक्तों ने खरीदारी की और मैया को भोग चढ़ाकर मन्नत मांगीं। पूजा अर्चना के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी क्रम जारी है।

## डॉ. रजनीश दुबे का रक्तदान व समाजसेवा के लिए दिल्ली में किया गया सम्मान

संवाददाता,छिबरामऊ



डॉ रजनीश दुबे को सम्मानित करते समिति के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम घिलोई निवासी समाजसेवी डॉ. रजनीश दुबे को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) के सिल्वर जुबली समारोह में रक्तदान व समाजसेवा के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड (इंग्लैंड) और यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

चार दिवसीय कार्यक्रम में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मवीर गोखुल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर सिंह कल्याण, निफा चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू, और जापान, मॉरीशस व इंग्लैंड से आए अतिथियों ने समाजसेवियों को सम्मानित किया। निफा के 70,000 सदस्यों में से उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित डॉ. दुबे को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे, सचिव राजीव गोयल, आलोक अग्रवाल, और हरियाणा व दिल्ली सरकार के कई मंत्री व विधायक उपस्थित थे। डॉ. दुबे के सम्मान की खबर से उनके गृह क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, चेयरमैन मनोज दुबे, घिलोई प्रधान सुभाष चंद्र, पूर्व प्रधान जगदीश शाक्य, अवनीश दुबे, आशीष तिवारी, अतनेश सेंगर, ओम मिश्रा, राजा शुक्ला, पुनीत दुबे, आचार्य प्रशांत तिवारी, रंजीत पाण्डेय, राजा सिंह कुशवाहा, पप्पू यादव, आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## पंडाल में मेहंदी प्रतियोगिता गूंजे मां भवानी के जयकारे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सबसे वेहतर मेहंदी रचाने पर मिला पुरस्कार, सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई रहीं निर्णायक

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर इत्र नगरी का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शहर में सजे एक दर्जन से अधिक पंडालों में धार्मिक आयोजनों का दौर चल रहा हैं। पंडालों में भक्त मां भवानी का भव्य श्रृंगार कर भोग लगा रहे हैं।

शहर के एसबीएस इंटर कालेज खेल मैदान में सामाजिक अध्यात्मिक स्वयं सेवी संस्था (सन्मार्ग) की ओर से 30 वर्ष से श्रीदुर्गा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार सुबह पंडाल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमे शहर के बड़ी संख्या में स्कूलों की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सीओ यातायात डॉ. प्रियंका बाजपेई और अंकिता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बारी बारी से छात्राओं के हुनर को परखा। इस के बाद वेहतर मेहंदी रचाने पर छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। इसी दौरान यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी और उपनिरिक्षक अफाफा खान के साथ मिशन शक्ति टीम ने नियमों के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। इसके बाद यहां पर दोपहर 2:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा व्यास राजू बमबम ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की कई लीला का रसपान कराया।

## माता के दरबार में आरती के लिए उमड़ रही भीड़

**छिबरामऊ।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मंदिरों और पंडालों में माता रानी की आरती के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नगर के प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर और सौरिख के मां दुर्गा पंडाल में पहुंचकर माता रानी की आरती की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की भक्ति और शक्ति का प्रतीक है। यह त्योहार हमें नारी शक्ति का सम्मान करना सिखाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से माता के प्रति श्रद्धा और एकता के साथ उत्सव मनाने की अपील की।

## राष्ट्रसेवा को समर्पित था पं. दीनदयाल का जीवन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन देश, मानव और समाज सेवा को समर्पित था। उन्हीं के पद चिन्हों पर आज देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चल रहे हैं।

यह बातें आज उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित जिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कही। जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया के संचालन में हुई गोष्ठी से पहले पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी आदि ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आधुनिक भारत के एक संत तुल्य व्यक्तित्व थे। उनका सामाजिक, आर्थिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और राजनैतिक चिंतन, राष्ट्रवाद और सामाजिक समानता पर आधारित था। आज पार्टी संगठन भी उनकी बातों का अनुसरण राष्ट्र के विकाश में अपना योगदान दे रहा है।

वही जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमेशा संगठन को सर्वोपरि माना और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए कार्य किया। इस मौके पर अशोक सिंह, रामानंद, प्राची गुप्ता, राजेश राजपूत, शरद मिश्रा, शिवेंद्र, समुद्र श्रीवास्तव, मनीष अवस्थी, प्रभात बाजपेई, आशुतोष मिश्रा, विशाल दुबे, अभिषेक पांडे, राजन अवस्थी सहित सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भाजपा की संगोष्ठी में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी। अमृत विचार

आयोजन

### बीआरसी में एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तक पर आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण

# गणित मेला पर रखी बात, रोचक शिक्षण तकनीकों पर जोर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज





सदर बीआरसी सभागार में शिक्षकों को जानकारी देतीं बीईओ मधुलिका बाजपेयी व साथ में बैठे एआरपी व संदर्भदाता। अमृत विचार

- बीईओ मुधलिका बाजपेयी ने पांचवें बैच में पहले दिन प्रशिक्षणार्थियों को दी कई जानकारियां

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सदर सभागार में एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवां बैच गुरुवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण के पहले दिन बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को ट्रेनिंग के नियम एवं उद्देश्य बताए।

खंड शिक्षा अधिकारी ने इंस्पायर अवार्ड, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा, कर्मयोगी ऐप तथा विकसित भारत/ उत्तर प्रदेश संकल्पना 2047 के बारे में जानकारी दी। ऐप पर उत्तर प्रदेश की संकल्पना के बारे में सुझाव देने के लिए प्रेरित किया। संदर्भदाता एआरपी दिनेश चंद्र ने वीणा-1 विषय वस्तु एवं उसकी थीम्स पर चर्चा की। पाठ्य वस्तु सरल तरीके से रुचि पूर्ण ढंग से सिखाया जाए पर प्रकाश डाला। संदर्भदाता डॉ. अरशद अली ने गणित की पाठ्यपुस्तक गणित मेला पर बात रखी और रोचक तकनीकों से शिक्षण पर प्रकाश डाला। संदर्भदाता मंजेश कुमार ने उपचारात्मक शिक्षण के बारे में जानकारी दी। एआरपी मुकेश राजपूत ने केस स्टडी से शिक्षण कौशल के विकास पर बात रखी। प्रशिक्षण में गतिविधियों से समूह कार्य की उपयोगिता और महत्व पर जोर दिया गया। विभाग के विजय कटियार, मधुर मयंक, कृष्णकांत ने सहयोग दिया। प्रशिक्षणार्थी पूनम पांडेय, रितम चतुर्वेदी, विवेक, आकाश, सलीम, सरमन, प्रियंका सचान, बृजेश कुमारी ने प्रतिभाग किया।

## छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ ही प्रबंधकीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में वेबिनार में सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र के जुड़े प्राध्यापक-छात्र
- छात्रों को तकनीकी रूप से एआई, 3डी प्रिंटर, रोबोटिक्स का उपयोग करने के बारे में बताया

**अमृत विचार।** तिर्वा तहसील क्षेत्र के विधईपुर्वा गांव में स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'तकनीकी भूमिकाओं से प्रबंधकीय नेतृत्व की ओर- निर्माण, रियल एस्टेट, अवसंरचना एवं परियोजना क्षेत्र में अवसर' विषय पर वेबिनार हुआ। इस वेबिनार को एनआईसीएमएआर के एकेडमिशियन एवं रिसर्चर व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार टीआर ने संबोधित किया जो विश्व के शीर्ष 02 प्रतिशत वैज्ञानिक में हैं।

उन्होंने छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रबंधन दृष्टिकोण तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने, समझ और दृष्टिकोण के बारे में बताया।

डॉ. कुमार ने छात्रों को तकनीकी रूप से एआई, 3डी प्रिंटर, रोबोटिक्स का उपयोग सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किस तरह से किया जा सकता है के बारे में जानकारी दी। साथ ही भूमिकाओं से प्रबंधकीय नेतृत्व की ओर बढ़ना किस प्रकार निर्माण, रियल एस्टेट, अवसंरचना और परियोजना क्षेत्र में नए अवसर छात्रों को उपलब्ध कराता है बताया। अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रो. मनोज शुक्ल ने कहा कि छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रबंधकीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सकें। वेबिनार का संचालन प्रबंधक निवेश तथा सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक ऋषभ कश्यप ने किया। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक अरस्तु गौतम, मुकुल सक्सेना एवं कार्यक्रम छात्र समन्वयक छात्रा वैशन्वी मिश्रा शामिल हुईं।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला मौसमपुर मौरारा में किराये के मकान में रह रहे फर्रुखाबाद जनपद के युवक ने गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली।

फर्रुखाबाद जनपद के पखना निवासी आशुतोष (26) पुत्र लज्जाराम सदर कोतवाली के मोहल्ला मौसमपुर मौरारा में बाबू लाल दिवाकर के मकान के एक कमरे में किराये पर रहता था। वह मेहनत मजदूरी के साथ पढ़ाई भी करता था। गुरुवार की सुबह उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। इसकी जानकारी उसी मकान में किराये पर रह रहे अन्य लोगों को तब हुई जब वह सुबह होने के बाद भी नहीं उठा। उसका फोन लगातार बज रहा था। इस पर लोगों ने दरवाजे से झांक कर देखा तो पाया कि कुण्डे से उसका शव लटक रहा था।

सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने बताया कि उसके मोबाइल में लॉक लगा था और 70 मिस्ड कॉल पड़ी थी। इससे लगता है कि वह किसी बात से परेशान था। बुधवार की रात किसी समय उसने गले में गमछे से फंदा डाल कर आत्म हत्या करली।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066

Vikash Pathak

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025



न्यूज ब्रीफ

### पं.दीन दयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज।** महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। गुरुवार को नगर के रेलवे रोड स्थित जिला संयुक्त महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संजीव गुप्ता के आवास कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने सामर्थ्यशाली भारत के निर्माण के लिए 'एकात्म मानववाद' का महान दर्शन प्रस्तुत किया।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

**कन्नौज।** घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में युवक का शव मिला। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इस में मौत के कारण की पुष्टि न होने पर विसरा सुरक्षित कर लिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव ददौरा खुर्द निवासी नीरज (28) पुत्र प्रेम चंद्र का शव बुधवार की शाम सात बजे के करीब मकान के अंदर मिला था। जानकारी पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के दौरान इमरजेंसी के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्वच्छता ही पखवाड़ा के तहत हुआ श्रमदान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को वार्ड संख्या 10 के सूबेदार नगर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आम नागरिकों व नगर पालिका कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने एक घंटा स्वच्छता का कार्य कर श्रमदान किया। इस दौरान वीर सिंह, आरपी सिंह, जनार्दन मिश्राआदि ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया।

### बैठक में वीडीओ को आया चक्कर

**जलालाबाद, कन्नौज।** गुरुवार को ब्लाक सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें गांव में स्वच्छता अभियान व विकास कार्यों को लेकर सचिवों की बैठक चल रही थी। इसी दौरान बीडीओ ने सचिव प्रियंका सिंह को गांव में स्वच्छता व विकास कार्यों की जानकारी देने के लिए खड़ा किया। तभी उन्हें चक्कर आ गया। आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया।करीब दो घंटे चले उपचार के बाद आराम मिलने पर उनकी अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।

# नहीं थम रहा बुखार से मौतों का सिलसिला, अब चौथी जान गई

## उपचार के दौरान फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में महिला की हो गई मौत

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

- 18 से अधिक बुखार पीड़ित निजी अस्पतालों में करा रहे इलाज
- गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप कर रही लेकिन लाभ नहीं

**अमृत विचार।** बीते 04 दिन पहले बुखार से बीमार हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। गांव में बुखार से अब तक चार मौतें हो चुकी हैं। इससे बीमार होने पर परिजन पीड़ित को लेकर निजी अस्पतालों की ओर भाग रहे हैं। लोग परेशान हैं।



नन्ही देवी।

गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पछायेपुरवा निवासी नन्ही देवी (54) पत्नी सरमन सिंह चार दिन से बुखार से पीड़ित थीं। परिजन उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में करा रहे थे। जहां आराम न मिलने पर परिजन फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह मौत हो गई।



रोते बिलखते मृतका के परिजन। अमृत विचार

मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। जबकि मृतका नन्ही देवी के दो पुत्र वीरेंद्र कुमार, पंकज कुमार हैं। पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। अब पत्नी की भी मौत हो गई। इससे दोनों पुत्रों पर माता पिता का साया नहीं रहा। दोनों पुत्रों पर परिवार की जिम्मेदारी आ गई। मृतका के बड़े पुत्र वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में 18 से अधिक लोग बुखार से पीड़ित चल रहे हैं।

इसमें गांव के शिवानंद कुशवाहा, सोनम, अमन, जाह्नवी, पुष्पा देवी, विनीता देवी, बृजभान सिंह, आशीष, नीतू ,वेदांश, तान्या, आरती, राजवीर ,जयप्रकाश, सोनाली, कल्पना, शिवम, रामू कुशवाहा, सीता निजी अस्पतालों में अपना इलाज कर रहे हैं।

गांव में बुखार से भय का माहौल है। गांव वालों ने बताया कि इससे पहले भी गांव में बुखार से शिव रतन सिंह, रामश्री, रामकांति की मौत हो चुकी है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप तो कर रही पर उपचार से लाभ नहीं मिल रहा है। इससे लोग बीमार को लेकर बाहर निजी अस्पतालों में मरीज को भर्ती करा कर इलाज ले रहे हैं।

# नई मुख्य सेविकाओं ने समझीं विभागीय योजनाओं की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नवचयनित 21 सुपरवाइजरों को तैनाती दी गई है
- सुपरवाइजरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**अमृत विचार।** जनपद में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में नवचयनित 21 सुपरवाइजरों (मुख्य सेविकाओं) को तैनाती दी गई है। इसमें 13 गृह जनपद कन्नौज की निवासी हैं। सुपरवाइजरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने मुख्य सेविकाओं को विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। कार्य करने के तरीके समझाए। व्यवहारिक प्रशिक्षण पर भी फोकस रहा। कहा, समय पर कार्यालय व क्षेत्र में पहुंचना व समय के बाद ही जाना प्राथमिकता में शामिल करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी मुख्य सेविकाएं अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे तरीके से निर्वहन करें। सभी को आगे तक जाना है। कार्य को बेहतर तरीके से करने की आदत डालें। उन्होंने पात्र बच्चों, महिलाओं व गर्भवती को लाभान्वित करने के तरीके व योजनाओं पर भी बात रखी।



नई सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देते जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा व अन्य ।

### विकास भवन में ट्राई साइकिलों के पुर्जे चोरी

**कन्नौज।** जनपद में चोरों की पहुंच से सरकारी दफ्तर, आवास व परिसर भी सुरक्षित नहीं हैं। विकास भवन परिसर में रखीं ट्राईसाइकिलों के 10 पुर्जे चोरी हो गए। अगले दिन 04 पाट्र्स आरोपी वापस भी रख गए। इसको लेकर चर्चाओं का दौर चल रहा है कि आखिर सुरक्षा के इंतजाम कैसे हैं। गुरुवार को भवन के पिछले हिस्से से ट्राई साइकिलें उठाकर आगे की ओर रखी दी गईं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से जरूरतमंदों को 02 अक्टूबर को ट्राई साइकिलों का वितरण किया जाता है। नोएडा की एक कंपनी से 22 सितंबर को 40 ट्राई साइकिलें जनपद में भेजी गईं हैं। दो दिन पहले ही चोरों ने विकास भवन परिसर से 10 ट्राई साइकिलों से रिम व टायर खोल लिए। इससे कई अधिकारी व कर्मी सरकारी भवन की सुरक्षा को लेकर तरह-तरह की बातें करने लगे। एक अफसर ने बताया कि चोरी गए पुर्जे व उपकरण में से चोर 04 रिम व इतने ही टायर वापस रखकर चले गए लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लगी।

# स्वास्थ्य मेला में 238 मरीजों को परीक्षण के बाद मिला इलाज

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका भाजपा क्षेत्रीय मंत्री ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मेला में 238 मरीजों को परीक्षण के बाद उपचार दिया गया।

गुरुवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. शशांक श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में लगभग 238 बुखार, खांसी, जुकाम, चर्म रोग, पेट व शरीर दर्द सहित अन्य रोगों से ग्रसित मरीजों को परीक्षण के बाद उपचार दिया गया।

इस दौरान डा. शशांक चन्द्रा, डा. परीक्षित, डा. एके सिंह, डा. नीरज कुमार, डा. श्रुति श्रीवास्तव, डा. स्वाति गुप्ता, चीफ फार्मासिस्ट आशीष स्वरूप, महेन्द्र सिंह, विजय कुमार, एलटी आरपी विमल, योगेन्द्र, शिवा गुप्ता, अनित आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ करते भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए लोगों को करें जागरूक : मनोज दुबे

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के क्रम में नगर पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि गलियों में फागिंग शाम के समय की जाए। कूड़ा संग्रहण करने वाले ट्रिपर धीमी रफ्तार से चलें। साथ ही स्पीकर पर 'कूड़ा वाला आया कूड़ा निकाल' गाना भी बजाएं ताकि लोग कूड़ा डालने के लिए पहले से तैयार हो जाएं। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें



संचारी रोग के बारे में बैठक कर जानकारी देते चेयरमैन मनोज दुबे। अमृत विचार

- नगर पालिका के सभागार में आयोजित की गई बैठक
- 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान चलेगा

16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। नाली की सफाई करते समय उसके आसपास उगी घास भी साफ की जाए। कूड़ा संग्रहण के लिए एक गली में केवल या तो ई रिक्शा जाए या फिर ट्रिपर जाए। दोनों एक साथ नहीं जाने चाहिए। यूनिसेफ की ब्लॉक मोबाइल कोऑर्डिनेटर (बीएमसी) पूजा सिंह ने कहा वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। इस दौरान पालिका के सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश यादव, सफाई नायक सलाउद्दीन, सूरज, व आनंद आदि मौजूद रहे।

# 66 विद्यालयों के स्टाफ को वेतन आहरण पर रोक की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विद्यार्थियों की हाजिरी कम होने पर किया गया सचेत
- न हुआ छात्र-छात्राओं की संख्या पर सुधार तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** मिड-डे मील व विद्यार्थियों की हाजिरी कम होने पर बीएसए ने जिले के 66 परिषदीय स्कूलों के स्टाफ को अक्टूबर का वेतन आहरण पर रोक लगाने की चेतावनी दे दी है। कहा है कि सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर रैंकिंग कम आने पर उच्चाधिकारियों ने नाराजगी जताई है। इसमें सुधार किया जाए।

बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए नोटिस में कहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से दर्पण पोर्टल के जरिए योजनाओं का मूल्यांकन व रैंकिंग जारी होती है। पूर्व में विद्यालयवार समीक्षा के लिए बीईओ को निर्देश दिए गए थे, लेकिन सुधार नहीं आया है। कहा गया है कि खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों की लापरवाही दिख रही है। 01 से 22 सितंबर तक मिड-डे मील में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति वाले परिषदीय स्कूलों की सूची भी जारी की गई है। इसमें विकास खंड छिबरामऊ इलाके के 11 परिषदीय विद्यालय, गुगरापुर के 04, हसेरन के 02, जलालाबाद के 02, कन्नौज के 16, नगर क्षेत्र कन्नौज के 03, सौरिख के 06, तालग्राम के 05 और उमर्दा के 17 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। सभी को सचेत किया गया है कि सुधार किया जाए। नामांकन के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपस्थिति की जाए अन्यथा अक्टूबर का वेतन व मानदेय रोक दिया जाएगा। डीपीआरओ को भी पत्र भेजकर प्रधानों से सहयोग मांगा गया है।

# किरन पब्लिक स्कूल में नारी शक्ति जागरूकता को हुआ आयोजन

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के किरन पब्लिक स्कूल में नारी शक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खां एआरटीओ सुभाष प्रजापति व सुधा पाल ,रेणु पाल के द्वारा विद्यालय के छात्र व छात्राओं को नारी शक्ति के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन जैबी हुसैन व श्रद्धा सिंह के द्वारा किया गया । पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी व क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खां के द्वारा मिशन शक्ति ,घरेलू हिंसा व हेल्प लाइन के बारे में विस्तार से बताया। रेणु पाल ने सभी हेल्प लाइन व साइबर क्राइम के बारे मे बताया। राजेश कुमार द्विवेदी ने मोबाइल के बारे मे बच्चों को जानकारियां दीं।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक डॉ वीरेंद्र सिंह गंगवार ने छात्र व छात्राओं को नारी शक्ति के प्रति जागरूक किया।



कार्यक्रम में मौजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

# डीएम व एसपी ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को बढ़पुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पपियापुर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा और जागरूकता से ही महिला सशक्तिकरण संभव है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि के बारे में जानकारी दी और बच्चों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया, इस अवसर पर उपस्थिति जनसमूह में मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरण किये गये।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी ,विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वैध कनेक्शन को बताया अवैध

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन सदस्य व जनपद के स्थानीय पत्रकार ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर विद्युत विभाग की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत में एसोसिएशन ने वैध विद्युत कनेक्शन को अवैध बताकर काटे जाने, झूठे मुकदमे में फंसाने, और मानसिक प्रताड़ना की बात कही है।

शिकायत में विद्युत विभाग की टीम जिसमें उपखंड अधिकारी विनोद कुमार और नगर जेई जावेद सहित अन्य कर्मचारी पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा है कि उनके विरुद्ध कार्रवाई बिजली से संबंधित एक समाचार के प्रकाशन से बौखलाकर की गई और इसके बाद उसके खिलाफ विद्युत चोरी का झूठा मुकदमा भी दर्ज करवा दिया गया। पत्रकार के साथ एसोसिएशन की कोर कमेटी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे मामले की विधिक जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई हो तथा उनके विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे को निरस्त किया जाए। शिकायत कायमगंज कोतवाली व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को पहले ही लिखित रूप से भेजी जा चुकी है, परंतु अब तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन की कोर कमेटी ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर न्यायपूर्ण समाधान नहीं हुआ, तो पत्रकार संगठन को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

आयोजन

मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में मनाया गया विश्व फार्मेसी दिवस

# फार्मासिस्ट समाज के स्वास्थ्य तंत्र की अहम कड़ी

संवाददाता फर्रुखाबाद

मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव दद्दू जी, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह, कुलपति डॉ रंगनाथ मिश्र, कुलसचिव रणजीत सिंह डीन डॉ. बिन्दु राठौर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव ने केक काटकर फार्मासिस्ट दिवस का उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा विक्रेता नहीं बल्कि मरीज और डॉक्टर के बीच की सशक्त कड़ी हैं।



दीप प्रज्ज्वलित करते कुलाधिपति डा. अनार सिंह यादव मौजूद बाबू सिंह यादव दद्दू।

कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि फार्मासिस्ट न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की डोर को थामे हुए हैं बल्कि वे चिकित्सा व्यवस्था की आत्मा भी हैं। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट दवाओं का निर्माण, भंडारण और वितरण ही नहीं करते बल्कि हर मरीज को दवा का सही मार्गदर्शन देकर उसके जीवन की रक्षा करते हैं। आज की पीढ़ी के छात्र-छात्राओं को फार्मेसी की पढ़ाई को केवल डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे एक मानव सेवा का मिशन मानकर कार्य करना चाहिए। चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका है। एक जिम्मेदार फार्मासिस्ट समाज के लिए आशीर्वाद स्वरूप है। प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह ने कहा कि युवा फार्मासिस्टों को नई तकनीक और आधुनिक शोध के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करना होगा ताकि जनमानस को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में कुलपति डा. रंगनाथ मिश्र, कुलसचिव रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को फार्मासिस्ट की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ने और अपना और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही।

फैकल्टी की डीन डॉ. बिन्दु राठौर व विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के छात्रों ने भी अपने विचार रखे। सुमित कुमार, डा. पुष्पेन्द्र बरदिया, प्रदीप शर्मा, रिंकेश कुमार महेन्द्र शर्मा, सूर्यकान्त शुक्ला, डा. नेहा सिंह, मेघा, विशाल सिंह परिहार, जयन्त मिश्रा, दीप सिंह, आदि भी उपस्थित रहे।

### डीपीआरओ के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद ।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया के नेतृत्व में सफाई अभियान चला कर गंगा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान गंगा के किनारे रखी खंडित मूर्तियों एवं अपशिष्ट पूजन सामग्री को हटाकर उचित स्थान पर निस्तारण किया गया। डीपीआरओ ने लोगों के सहयोग से झाड़ू लगाकर पूरे तट की सफाई की। एक घंटे तक चले इस श्रमदान एवं सफाई कार्य अभियान के दौरान डीपीआरओ ने गंगा तट पर प्रसाद एवं पूजन सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अपील की, कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग ना करें। पुजारियों से कहा कि वह श्रद्धालुओं को घाट पर पुरानी मूर्तियों एवं पूजन सामग्री रखने से रोकें।


## कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, कन्नौज

पत्रांक: 506/29–निर्वा0/RUPP/2025 दिनांक: 24 सितम्बर, 2025

**सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 127 पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23 और 2023–24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते (Annual Audited Accounts) निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये जाने तथा वर्ष 2019 से अब तक पिछले 06 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया है, परन्तु निर्धारित समयावधि अर्थात विधानसभा चुनावों के मामले में 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनावों के मामले में 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी (Election Expenditure Report) दाखिल नहीं किये जाने के फलस्वरुप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–56/2025/PPS-III दिनांक 19 सितम्बर, 2025 के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निम्नलिखित पार्टियों को ''कारण बताओ नोटिस'' जारी किया गया है:–

| Sl.No. | Name of RUPP | Registered Address of the party (RUPP) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Bhartiya Vanchitsamaj Party | Village- Bhudiya, (Faguha), Tehsil & Disstt. -Kannauj, UTTAR PRADESH |

2– कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपरोक्त पंजीकृत राजनैतिक दल (आर0यू0पी0पी0) को जारी ''कारण बताओ नोटिस पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है।

3– ''कारण बताओ नोटिस'' के सम्बन्ध में उक्त पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव से हस्ताक्षरित हलफनामा के साथ लिखित प्रत्यावेदन अभिलेखीय साक्ष्यों सहित दिनांक 03 अक्टूबर, 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ–226001 को दिया जा सकता हैं एवं मामले की सुनवाई हेतु नोटिस में निर्धारित तिथि दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे अध्यक्ष/महासचिव/पार्टी प्रमुख कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ में उपस्थित हो सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक पार्टी से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी के पास इस मामले में कहने के लिए कुछ नहीं है। सुनवाई के पश्चात नियत तिथि के भीतर रिपोर्ट / सूचना आयोग को प्रेषित कर दी जायेगी। पार्टी पदाधिकारी द्वारा सुनवाई में उपस्थित होने हेतु की गयी यात्रा के सम्बन्ध में किसी प्रकार का भत्ता विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी,
जनपद–कन्नौज

## न्यूज ब्रीफ

### आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**सैफई ।** 220 केवी विद्युत उपकेंद्र, सैफई पर आज शुक्रवार को दो घंटे का शटडाउन रहेगा। विद्युत प्रेषण खंड, इटावा के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शटडाउन सुबह 12 :30 बजे से दोपहर 2 :30 बजे तक होगा। इस दौरान 220 केवी उपकेंद्र के 132 केवी मेन बस पर कार्य किया जाएगा, जिससे 132 केवी तथा 33 केवी फीडरों की आपूर्ति बाधित रहेगी। शटडाउन के कारण सैफई जिले के 33 केवी सैफई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, व हैंवरा, परासना, हवाईपट्टी, रिम्स, ट्रॉमा, फतेहपुरा, 500 बेड हॉस्पिटल तथा मैनपुरी जिले के 33 केवी करहल, दिहुली, सिमरऊ, तखरऊ आदि बिजलीघरों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से ठप रहेगी। अधिशासी अभियंता ने आम जनता से अपील की है कि इस दौरान पानी आदि का भंडारण समय से पहले कर लिया जाए, ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके।

### मारपीट में दो भाई घायल

**इटावा।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों ने बराही टोला में मारपीट कर दो भाइयों को घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार दबंगों ने किसी विवाद के चलते मारपीट कर दो भाइयों साजन और विनोद पुत्रगण निवासी बराही टोला कोतवाली सदर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने घायलों का डॉक्टरी परीक्षण किया। वहीं पुलिस का कहना है अभी उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है अगर तहरीर मिलेगी तो आगे विधिक कार्रवाई की जायेगी और आरोपियों को खिलाफ सख्त रुख अपनाया जायेगा।

### फार्मासिस्ट एसो. ने मरीजों को बांटे फल

**इटावा।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष डॉ अभिषेक यादव की अध्यक्षता में फल वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पारितोष शुक्ला एवं औषधि निरीक्षक नीलेश कुमार शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर तीनों वार्डो में औषधि निरीक्षक नीलेश शर्मा व जिला अध्यक्ष डॉ अभिषेक ने फल वितरण किया। वहीं फल पाकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। इस मौके पर जिला अस्पताल के सभी फार्मासिस्ट एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उत्पल अग्निहोत्री, जिला महासचिव मोहित यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेक यादव, जिला मुख्य सचिव संतोष राज, जिला सचिव सूरज राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर, ब्लॉक अध्यक्ष लखना जितेश, पवनेश,अनुराग, मोहित आदि फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### पुरबिया टोला से निकलेगी शोभायात्रा

**इटावा।** शारदीय नवरात्रि पर स्थानीय पुरबिया टोला स्थित दुर्गा महोत्सव समिति 30 सितंबर दिन मंगलवार सायंकाल 5 बजे अष्टमी के दिन शोभायात्रा निकलेगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा कर्मक्षेत्र इंटर कॉलेज से कोतवाली चौराहा, तिकोनिया, नगर पालिका चौराहा, राजा गंज चौराहा, छैराहा आदि मार्गों होते काली वाहन मंदिर तक जायेगी। यह जानकारी राकेश वर्मा, योगेश कुमार, अमन पटेल, राजीव कुमार, सचिन वर्मा, अतुलेश पटेल, जयन्त वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा, प्रमेन्द्र कुमार, ईशान्त वर्मा, अतुल वर्मा ने दी।

### टैक्स चोरी, धोखाधड़ी में तीन साल की सजा

**इटावा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार ने टैक्स चोरी व धोखाधड़ी के 23 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर 24 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। एसपीओ उदय श्याम तिवारी ने बताया कि 20 अप्रैल 2002 को व्यापार कर अधिकारी सुबास चंद्र ने उदी निवासी इंद्रवीर सिंह व ट्रक चालक कर्मवीर के खिलाफ टैक्स चोरी व धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। चालक कर्मवीर के हाजिर न होने पर उसकी पत्रावली अलग कर दी गई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने इंद्र वीर को दोषी पाया असौर उसे तीन साल की सजा व 24 हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

# डंपर में घुसा ऑटो, दो की मौत

## मरने वाली दोनों महिलाएं हैं, आठ लोग गंभीर रूप से हुए घायल, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता इटावा


दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त ऑटो। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** इटावा बाह रोड पर पछायगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरी का कुंआ के समीप सवारियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर डंपर में घुस गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई तथा आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल लाया गया। छह की गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर किया गया है।

रैपुरा भिंड से एक ही परिवार के आठ लोग ट्रेन से उतरकर आगरा जिले के थाना जैतपुर के गांव रूपपुर में एक जन्मोत्सव कार्यक्रम में जाने के लिए एक ऑटो में बैठ गए। ऑटो थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरी का कुंआ के समीप पहुंचा था कि तभी चालक को झपकी आ गई। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर डंपर में घुस गया। जिससे ऑटो में सवार अनीता देवी 50 वर्ष निवासी भिंड मध्य प्रदेश, बिटन श्री 55 वर्ष निवासी भिंड मध्यप्रदेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सुग्रीव बाबा निवासी भिंड, सरोज निवासी भिंड, सरस्वती निवासी भिंड, आशा देवी निवासी भिंड, छोटे पुत्र उमेश निवासी रैपुरा बरोही भिंड, नरसिंह पुत्र मेघराज निवासी रैपुरा बरोही भिंड, ऑटो चालक सूरज कुमार पुत्र वीरेंद्र निवासी पछायगांव इटावा व एक अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर थाना पछायगांव पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और मृतकों व घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई। जिला अस्पताल से प्रथम उपचार के बाद आधा दर्जन घायलों को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया।

थाना पछायगांव पुलिस ने मृतक महिलाओं का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। इस भीषण हादसे की सूचना पाकर मृतकों व घायलों के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते इटावा पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### लोडर पलटने से दो घायल

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम टकरूपुरा के सामने जानवर लदा लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें दो व्यापारी घायल हो गए। भरेह थाना क्षेत्र के ग्राम कढाकसदा निवासी व्यापारी सोनू व प्रदीप कुमार गुरुवार को गाँव से लोडर में जानवर लादकर पशु बाजार परशुपुरा मे बेंचने जा रहे थे जैसे ही उनका लोडर लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम टकरूपुरा गांव के सामने पहुंचा तभी सड़क पर गड्ढा होने के कारण और गड्ढे में लोडर का पहिया जाने के कारण लोडर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। लोडर वाहन पलटते ही उसमे बैठे व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे चीख पुकार की आवाज सुन गाँव के लोग मौके पर पहुँचे और सड़क के किनारे पलटा लोडर को ट्रैक्टर मगांकर लोडर वाहन को सीधा करके उसके नीचे दबे व्यापारी सोनू व प्रदीप को निकाल कर अस्पताल भेजा।

# युवक का रक्तरंजित शव घर में मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

संवाददाता जसवंतनगर इटावा


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीरम पुरा में एक युवक के सिर पर किसी वजनी वस्तु से प्रहार कर हत्या कर दी गई। उसका शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। रक्त रंजित शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

उक्त गांव निवासी प्रदीप शाक्य 40 अविवाहित था वह अपने घर में अकेला रहता था। सुबह करीब 8:30 बजे मृतक के पड़ोस में रहने वाले उसके परिवार के ताऊ नरोत्तम सिंह ने प्रदीप की दिनचर्या के अनुसार उसकी चहल कदमी न देखकर जब उसे देखने के लिये घर गये तो देखा कि खून से लथपथ प्रदीप का शव पड़ा हुआ था। उनके शोर मचाने पर इकट्ठे हुए ग्रामीणों और ताऊ नरोत्तम ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने घटना से अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने घटना की जानकारी करने के बाद घटनास्थल का जायजा लिया और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। माना जा रहा है कि रात को सोते समय वजनदार वस्तु से मृतक के सिर पर प्रहार कर घटना को अंजाम दिया गया है। उसके दो बड़े भाई राजाराम शाक्य व राजवीर सिंह के भी मकान अलग-अलग बने हुए हैं और दोनों भाई बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना के संदर्भ में क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने बताया कि प्रथम दृश्यता अज्ञात द्वारा हत्या का मामला है। हत्या क्यों व किस कारण हुई इसकी जांच की जा रही है।

● **सिर पर वजनदार वस्तु से प्रहार कर की गई हत्या**

**घटनास्थल से मिले शराब के पाउच :** मृतक प्रदीप अविवाहित था और पल्लेदारी कर अपना जीवन यापन करता था। परिवार में हुए बंटवारे में मिले अपने पैतृक घर में अकेला रहता था। वह शराब का आदी था । जानकारी के अनुसार उसके पास कोई अचल संपत्ति भी नहीं है। एक बीघा पैतृक खेत था वह उसने बहुत पहले ही बेच दिया था। लेकिन घटना स्थल से पुलिस को मिले शराब के पाउच इशारा करते हैं कि घटना के समय मृतक के साथ और भी कोई था। चारपाई के पास खाने पीने का सामान भी रखा हुआ था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस सघनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# जीएसटी में कटौती से लोगों को होगा लाभ

कार्यालय संवाददाता इटावा


पत्रकारों के वार्ता करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति साथ में जिला अध्यक्ष व महामंत्री।

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि सरकार ने नवरात्र और दीपावली से पहले त्योहार के सीजन में जीएसटी कटौती करके इस छूट का लाभ जनता को दिया है। जिससे को राहत मिली है।

सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा की जनता को राहत देने के लिए बड़े बदलाव किए हैं जो 22 सितंबर से लागू भी हो चुके हैं। अब जीएसटी में सिर्फ दो स्लैब हैं पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे साबुन, शैंपू, बिस्किट, नमकीन, दूध, पनीर अब पांच प्रतिशत जीएसटी की श्रेणी में आ गए है। उन्होंने कहा कि कारों की स्थिति यह है कि मारुति कार की बिक्री ने 35 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और शोरूम में कारों की कमी हो गई है। छोटे वाहनों की भी यही स्थिति है ।

● **दैनिक उपयोग की चीजें सस्ती होना जनता के लिए बचत उत्सव : धर्मवीर**

उन्होंने कहाकी दवाओं पर भी 12 प्रतिशत के स्थान पर पांच प्रतिशत जीएसटी रखी गई है जिससे दवाई भी सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि जनता इसे महसूस कर रही है और लोग खरीदारी के लिए बाजार में निकल रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि जीवन बीमा पॉलिसी को भी जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है इससे छोटे व्यवसाय और उद्योग जगह दोनों को राहत मिली है । जिले में खाद की किल्लत के सम्बंध में कहा कि वह समय पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी व यूरिया उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता , जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे व रोहित शाक्य आदि मौजूद रहे।

### ऑटो में बैठी सवारी की जेब से 82 हजार रुपये किये पार

**बकेवर ।** पशु बाजार से भैंस खरीदने गये किसान के ऑटो से वापस आते समय जेबकतरे ने जेब काटकर 82000 रुपये पार कर सराय मिट्ठे के पास उतरकर मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गया।

बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी जयवीर ने बकेवर थाने में बताया कि वह गुरुवार को अपने गांव से पशु बाजार भैस खरीदने के लिए गया हुआ था जब वह आटो में बैठकर अन्य सवारियों के साथ वह वापस गांव आ रहा था जैसे ही ऑटो ग्राम सराय मिट्ठे के सामने पहुँचा कि तभी आटो में बैठे जेबकतरे ने उसकी पैंट की जेब काट ली और जेब में रखे 82000 हजार रुपये निकाल कर ऑटो से उतर कर जेबकतरा कट बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग जाने में सफल रहा।

# सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** सहकारी समितियों के सचिवों ने बकेवर सहकारी समिति पर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। धरना दिए सचिवों ने बताया कि धरना सदस्यता अभियान के विरोध को लेकर हैं। पूर्व सदस्यों को ही खाद पूरी नहीं हो पा रही है। सदस्यों के बढ़ने पर खाद वितरण में और समस्या आएगी । इसके विरोध को लेकर प्रत्येक ब्लॉक पर जाकर सचिव धरना दे रहे हैं। महेवा ब्लॉक का धरना बकेवर समिति पर दिया है।

गुरुवार को बकेवर सहकारी समिति पर सँयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश यादव सचिव ताखा की अध्यक्षता में करीब 50 की संख्या में सचिवों ने धरना दिया। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि ये धरना समितियों पर सदस्यता महाअभियान के बहिष्कार को लेकर है। पुराने समिति के जो सदस्य है उनको ही खाद नहीं दे पा रहे।नए सदस्य जो 226 रुपये के बनेंगे उनको खाद कहाँ से दे पाएंगें। ताखा समिति में करीब 6 हजार किसान सदस्य हैं 6 हजार बोरी आने पर एक एक बोरी सभी को दे पाएंगे। समिति को एक गाड़ी दो गाड़ी खाद दी जाती है। ऐसे में समस्या आएगी। समितियों पर आने वाले कमीशन को अपने पास रख ले और सचिवों को वेतन अपने पास से दें। इस को लेकर सभी ब्लॉकों पर जाकर धरना दिया जा रहा है। 1 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से इस सम्बंध में ज्ञापन भेजा जाएगा।

### परिजन सोते रहे बदमाश ले गये आभूषण व नकदी

**भरथना।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में अज्ञात बदमाशों ने किसान के घर को निशाना बनाकर लाखों के आभूषण और नकदी समेत अन्य समान पार कर दिया।

पीड़ित गृहस्वामी मंजेश कुमार यादव ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी सुमन देवी और दो बच्चियों के साथ कमरे में सो रहा था, जबकि उनका भाई संदेश कुमार घर के बाहर सो रहा था। देर रात अज्ञात बदमाश उसके घर में दाखिल हो गए और अलमारी का ताला तोड़कर सोने के आभूषण नकदी आदि सामान चोरी कर भाग गए। पीड़िता सुमन देवी के अनुसार चोर नकदी समेत तीन लाख के आभूषण ले गये हैं। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर बदमाशों की तलाश शुरू करदी है।

### बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**सैफई।** मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को थाना पुलिस में 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव में यह घटना मंगलवार की रात करीब दो बजे हुई थी। आरोपी रिश्तेदारी में अपने जीजा के घर आया हुआ था। उसी समय उसने पड़ोसी की नौ वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की । किसी तरह बच्ची ने खुद को छुड़ाकर अपनी मां को जानकारी दी, जिसके बाद स्वजन थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया । आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई थी गुरुवार की सुबह आरोपी छोटू 35 , निवासी कानपुर देहात को हैवरा बाईपास तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।

# 'स्वास्थ्य सोचो, फार्मासिस्ट सोचो'

संवाददाता जसवंतनगर इटावा


फार्मेसी बच्चों के साथ निदेशक डॉ. प्रदीप यादव व अन्य । अमृत विचार

**अमृत विचार ।** चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम "स्वास्थ्य सोचो, फार्मासिस्ट सोचो" रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात कॉलेज निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की महत्ता, उनकी जिम्मेदारी भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में अर्पित और अनुभव ने प्रथम स्थान तथा अनु और खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अनु ने प्रथम और हर्षिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। सभी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। कॉलेज में प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में हृदय एवं फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्राध्यापकों ने स्वास्थ्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए।अंत में विजेताओं को प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव एवं निदेशक डॉ. प्रदीप ने सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

● **चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस**

### पुलिस कर्मियों ने बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की

**इटावा।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसएसपी ने दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल में प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में निर्देश दिए। पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राखी चौहान ने एक आठ साल की बच्ची के साथ मारपीट व दुष्कर्म के दो साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि जसवंतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 20 अगस्त 23 को उसकी आठ साल की पुत्री शाम करीब आठ बजे पड़ोसी के घर टीवी देखने जा रही थी तभी रास्ते में गांव का ही विशाल उसकी पुत्री को पकड़ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में किसी तरह बच्ची घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विशाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पलिस ने छानबीन के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह तोमर ने की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विशाल को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर एक लाख रुपया का जुर्माना लगाया। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।

**मनोनयन** | लोगों को विधिक जानकारी देना अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का उद्देश्य

# संजीव अध्यक्ष व सुबोध बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता जालौन



कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जनपद इकाई ने सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया । मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद काशी प्रांत उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री नीरज सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की कि भारतीय न्याय व्यवस्था कैसे और दुरुस्त हो, विधि जानकारी का विस्तार हो, हर गांव गरीब तक विधिक जानकारी कैसे पहुंचे, इन सबके लिए अधिवक्ता परिषद कार्य करता आ रहा है। न्याय पालिका, कार्य पालिका, विधायिका के बीच सही और न्यायोचित सामंजस्य, और संविधान के अनुरूप उचित कार्य ही सच्ची भारतीय न्याय सेवा होती है । न्याय आदर्श के रूप में महाराज शिवि एक आदर्श स्वरूप है । हम सभी लोग भारतीय विधिक व्यवस्था हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया की दिसंबर माह में अधिवक्ता परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन जोधपुर में होना है । इस बाबत सभी जिले की इकाइयों का पुनर्गठन होना शुरू हो गया

वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम किशोर वाजपेई ने संगठन और कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया की अधिवक्ता परिषद निरंतर विधिक क्षेत्र में संविधान के हिसाब से कार्य करते हुए, समाज में समानता के साथ कार्य कर रहा है । डीजीसी शिव कुमार शुक्ला ने सभी का संगठन में कार्य करने वाले सभी अधिवक्ता कार्यकर्ताओं , मंचासीन अतिथियों का आभार जताया । बैठक के बाद इकाई का गठन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर संजीव कुशवाहा, महामंत्री सुबोध राजपूत, उपाध्यक्ष अश्वनी सिंह, मोहित गोविंदा दुबे, ज्योतिराव, एवं कोषाध्याक्ष श्रवण जैन, जिला मीडिया प्रभारी आदित्य मोहन शर्मा, जिला मंत्री पद पर कमल किशोर माथुर, निधि पाल, सचिन तिवारी, विवेक राजपूत,और जिला कार्यसमिति सदस्य सत्यप्रकाश जाटव, नेहा सिंह, अजीत तोमर, मंजू शाक्य, जयंत बौद्ध, तुषार गुप्त, लव राजपूत, बलवीर राजपूत, सदस्य के रूप में सभी पदाधिकारी मनोनित किए गए । कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा ने किया ।

# पत्नी से विवाद के चलते जहर खाकर दी जान

संवाददाता इकदिल इटावा

**अमृत विचार।** थाना इकदिल क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पिलखर में पति पत्नी में आपसी कलह के चलते पति ने जहर खा लिया, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

ग्राम पिलखर निवासी रघुराज दोहरे का पुत्र मोहन 23 वर्ष का पत्नी अंजली से विवाद हो गया। इसके बाद अंजली मायके चली गई। इसके बाद पति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर आयुर्विज्ञान मेडिकल कॉलेज सैफ़ई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के बाद अच्छे इलाज के लिए आगरा ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विक्रम सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना स्थल की जांच कर साक्षय जुटाये। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया। मोहन के बड़े भाई शिवम ने बताया कि हमारे भाई की शादी एक मई 2025 को ग्राम सुजानपुर औरैया निवासी अंजली के साथ हुई थी वह ट्रक का ड्राइवर था मेरे भाई की पत्नी घर मे फोन पर दो दो तीन घण्टे किसी से बात करती थी इसी बीच आपसी झगड़ा हो जाता था लेकिन मंगलवार को अंजली ने अपने पिता और रिश्तेदारों को बुला लिया और झगड़ा कर अपने मायके चली गयी और ससुर ने गाली गलौज की।

इसी बात से छुब्ध होकर मेरे भाई ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था सबसे बड़ा अवधेश, शिवम हैं। पिता बीमारी से ग्रस्त है मां कमलेश का रोरो कर बुरा हाल है।

### पालिकाध्यक्ष और ईओ ने स्वच्छता ही सेवा के लिए किया श्रमदान

**जसवंतनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गुरुवार को पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार और अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज के नेतृत्व में पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुबह आठ बजे नगर के मिडिल स्कूल व बिलैया मठ पर स्वच्छता ही सेवा के लिए श्रमदान का महाअभियान कार्यक्रम चलाया। सभी ने एक घंटे से ज्यादा अपने हाथों में झाड़ू और डस्टबिन लिए अपने आसपास सफाई कर श्रमदान किया संदेश साफ था कि हर व्यक्ति को हर रोज अपने आसपास की जगह और अपने घर को स्वच्छ और साफ रखना है। नपा बड़े बाबू नवनीत कुमार, सफाई इंस्पेक्टर लाल कुमार, शिवांग यादव,विनय सगर, सोनू, सुरजीत,सफाई नायक रामसिया,सतीश कुमार, विनोद आदि पालिका के अधिकारी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुएं में गिरे गोवंश को सुरक्षित निकाला

**अछल्दा (औरैया)।** थाना अछल्दा क्षेत्र के इटैली चौकी अंतर्गत रविवार को बड़ा हादसा टल गया, जब एक गौवंश अचानक पुराने कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने घटना को देखा तो हड़कंप मच गया और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हेमंत चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गौवंश को सुरक्षित निकालते ही ग्रामीणों ने पुलिस टीम के त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान चौकी प्रभारी हेमंत चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की कि ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचना दें और सतर्क रहें, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

### दो पहिया वाहन सवारों के काटे चालान

**कंचौसी, औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंचौसी चौकी पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार ने कंचौसी औरैया रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने छोटे-बड़े वाहनों की जांच की। करीब आधा दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चालकों का चालान किया गया। इनमें बिना हेलमेट, बिना दस्तावेज, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले शामिल थे। चौकी प्रभारी ने सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी।

### जलकुंभी में फंसकर भैंस की मौत

**फफूंद, औरैया।** क्षेत्र के केशमपुर-पसईपुर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव के तालाब किनारे चरने गई एक भैंस पानी पीने तालाब में उतरी लेकिन उसमें उगी जलकुंभी में फंसकर बाहर नहीं निकल पाई और उसकी मौत हो गई। गांव निवासी महेंद्र उर्फ भूरे गुरुवार सुबह भेज गांव के तालाब किनारे भैंस चरा रहा था। भैंस पानी पीने के लिए तालाब में उतरी थी। जलकुंभी के घने जाल में फंस जाने के कारण वह बाहर निकलने का प्रयास करती रही लेकिन, गहराई और फिसलन के चलते निकल न सकी। उसकी मौत हो गई।

# रंजिश में बाइक रोक युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

## अज्ञात बदमाशों ने घाटमपुर पुलिया पर रोकी युवक की बाइक, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- गोली युवक के कंधे पर लगी जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गया


बरामद बाइक को थाने ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव घसारा में पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने एक बाइक रोक कर गोली चला दी। एक युवक घायल हो गया, उसका साथी गायब हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर घायल युवक को सैफई रेफर कर दिया।

बुधवार रात एक बड़ी वारदात सामने आई। हरनारायनपुर निवासी विपिन यादव (30) अपने साथी शिवा के साथ रात करीब 9 बजे बाइक से अछल्दा से घर लौट रहे थे। तभी घसारा गांव के पास घाटमपुर पुलिया पर पुरानी रंजिश के चलते दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनकी बाइक रोक ली। हमलावरों ने विपिन पर गोली चला दी। गोली उनके कंधे में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के दौरान विपिन का साथी शिवा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। इधर हमलावर विपिन की होंडा ब्लैक कलर की बाइक और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए। बाद में बाइक और मोबाइल को घसारा-छछुंद बंबा किनारे छोड़ दिया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विपिन को सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बरामद बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को ले जाने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बिधूना, औरैया।** थाना बेला क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप पिता ने लगाते हुए लिखित तहरीर दी है। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाना बेला में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को 22 सितंबर को शाम करीब 4 बजे गांव के ही आकाश उर्फ छोटू पुत्र अवधेश उर्फ तैया, सुनील कुमार पुत्र नाथूराम और बलराम पुत्र नाथूराम बहला- फुसलाकर भगा ले गए। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने नाबालिग लड़की की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही लड़की को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ...माता रानी कृपा बनाए रखना पर झूमे भक्त

**औरैया।** बुधवार को अखिल भारतीय पुरवार, पोरवाल महासभा की जिला महिला शाखा इकाई की जिला संयोजक सदस्य नीलम पुरवार के निज निवास पर माता रानी के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आई हुई सखियों ने भजन कीर्तन का आनन्द लिया, और देवी गीत, लांगुरिया गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। और माता रानी सब सखियों पर अपनी कृपा बनाये रखना। इस दौरान भजन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एकता पुरवार, नगर अध्यक्ष पूनम पुरवार, जिला कोषाध्यक्ष बबिता पुरवार, जिला मंत्री नीलम पोरवाल, बीना पुरवार, नगर मंत्री रचना पुरवार, साधना पुरवार, संयोजक सदस्य शालिनी पुरवार, राजेश्वरी पुरवार, नेहा पुरवार, शिप्रा पुरवार, निशि पुरवार, दिव्या पुरवार, रूपाली पुरवार, रागिनी पुरवार ,नीलम पुरवार, प्रमिला पुरवार, कीर्ति पुरवार, मंजू पुरवार, दीप्ति पुरवार, अदिति पुरवार, स्वीटी पुरवार, आदि महिला शक्ति उपस्थित रहीं।


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## मनमाने तरीके से रेलवे की बाउंड्री बना रहे ठेकेदार

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे के सराय बाजार में रेलवे की बाउंड्री को मनमाने तरीके से बनाने को लेकर ठेकेदार पर आरोप लगाया है।

कस्बे के सराय बाजार में रेलवे की भूमि पर नगर पंचायत का हैंडपम्प लगा हुआ है जो कि नगर पंचायत की जमीन से थोड़ा ही अंदर है। यह हैडपम्प सालों पुराना है। रेलवे की लोहे की रेलिंग लगी होने के चलते कस्बे के लोग रेलिंग से अंदर जाकर पानी भर लेते थे। लेकिन, अब रेलवे द्वारा अब सीमेंट की बाउंड्री वॉल करके अपनी जमीन को सुरक्षित किया जा रहा है और नगर पंचायत के लगे हैडपम्प को अपने कब्जे में लिया जा रहा है। जिसका कस्बे के लोगों ने विरोध जताया है। कस्बे के लोगों का कहना है अगर सराय बाजार मुहल्ले में एक ही हैडपम्प लगा हुआ है, जिससे हजारों की संख्या में लोग पानी पीते हैं। वहीं बिजली न होने पर भी लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। इस हैंडपंप को कस्बे के लोगों के लिए रखा जाए और रेलवे अपनी बाउंड्री अंदर करके बनाए जिससे नल बाहर रहे। ठेकेदार अपनी मर्जी से निर्माण कार्य करने में लगे हैं वही, ठेकेदार बबलू ने बताया है कि हम उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन कर रहे हैं।

# अलग-अलग समय के लिए दो छात्राएं बनीं थानाध्यक्ष

संवाददाता, फफूंद, औरैया


एक दिन की थानाध्यक्ष बनीं सुहानी।

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति 5.0 के साथ तहत नगर की दो छात्राओं को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनाया गया। थानाध्यक्ष का पद संभालते ही अपना काम शुरू किया। उन्होंने थाने में आये फरियादियों की शिकायत सुनी। फरियादियों के आवेदकों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गुरुवार की सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक एक्सीज पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 की 14 वर्षीय छात्रा तनिष्का अग्रवाल पुत्री तरुण अग्रवाल निवासी मुहल्ला तिवारीयान कस्बा फफूंद ने शिकायत सुनी। सबसे पहले उन्होंने जन सुनवाई में शिकायत सुनी पहला प्रार्थना पत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव केशमपुर की भैंस अचानक खूंटा से खुलकर गांव में बने तालाब में चली गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। भैंस का पोस्टमार्टम करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। उन्होंने प्रार्थना को पढ़ने के बाद संबंधित दरोगा को मौके पर जाकर जांच करने के बाद कार्यवाही का निर्देश दिया। एक दिन की थानाध्यक्ष तनिष्का अग्रवाल ने शिकायत सुनने के बाद दोपहर एक बजे चार्ज छोड़ दिया जिसके बाद उन्होंने कहा कि आगे चल कर हम आईपीएस बनना चाहते हैं। एक बजे के बाद कस्बा के मोहल्ला चमनगंज निवासी 20 वर्षीय अनु राठौर पुत्री राजवीर राठौर को थानाध्यक्ष बनाया गया। अनु राठौर नोएडा में आईएएस की तैयारी दृष्टि इंस्टीट्यूट से कर रही हैं।

### एक दिन की थानाध्यक्ष बनीं सुहानी दुबे

**अयाना, औरैया।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत गुरुवार को पीबीआरपी एकेडमी की कक्षा आठ की छात्रा को अयाना थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। साथ ही वाहन चेकिंग व अन्य प्रशासनिक कार्यों को किया। सुहानी ने बताया कि एक दिन की थानाध्यक्ष बनकर वह बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष अजय कुमार से पुलिस के कार्य को बारीकी से सीखा। वह आईपीएस अधिकारी बनना चाहती हैं। वहीं कक्षा आठ की छात्रा मन्नत ने एक दिन की मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान प्रधानाचार्य संदीप कुमार, उप प्रधानाचार्य पुष्पलता मौजूद रहीं।

# एकात्म मानववाद, स्वदेशी के पथ पर भाजपा

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

- भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा भाजपा में स्वदेशी की झलक है

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद में स्वदेशी की स्पष्ट झलक दिखती है। भाजपा ही एक मात्र ऐसा संगठन है जिसने दीनदयाल जी के स्वदेशी मंत्र को अपने मार्गदर्शन का आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा स्वदेशी विचारधारा पर चलकर आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का संकल्प साकार कर रही है।

पाल ने कहा कि इसके विपरीत विपक्ष विदेशी विचारधारा में जकड़ा हुआ है। जिनकी विचारधारा ही विदेशियों द्वारा लिखी गई हो, वे भारत और भारतीयता को कैसे आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का विपक्ष साम्यवाद और पूंजीवाद की राह पर है, जो कि कार्ल मार्क्स और एडम स्मिथ जैसे विदेशियों की सोच से प्रेरित है। यही कारण है कि आज विपक्ष देश की आत्मा और संस्कृति से कट चुका है।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी की स्वदेशी की विचारधारा आज भाजपा के लिए प्रेरणा बन चुकी है। यही कारण है कि मोदी जी के नेतृत्व में विपक्ष लगातार असहज और परेशान है। भाजपा का स्पष्ट विश्वास है कि दीनदयाल जी की विचारधारा ही विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह बात उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विशाल संगोष्ठी में कही। उन्होंने दीनदयाल के महान जीवन का वर्णन कर कहा कि पंडित दीन दयाल सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनका संपूर्ण जीवन देश को अंत्योदय भारत बनाने के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन सामाजिक समरसता व राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्हें लेकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कहते थे कि अगर हमारे पास दो दीनदयाल और हो जाएं तो देश का नक्शा बदल दूंगा। क्योंकि उनका विचार था जब तक गरीब के पैरों की फटी हुई एड़ियों पर मरहम ना लगा दें तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, सदर विधायक सदर गुड़िया कठेरिया, पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे, अनुसूचित आयोग की सदस्य नीरज गौतम, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा , पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक, शिवसिंह भारती, जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह गौर, जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, जिला महामंत्री कौशल राजपूत ,अजीतमल ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, अभय सिंह ,नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर राघव मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जयंती पर पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि

संवाददाता अछल्दा (औरैया)


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संगठन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनसंघ के प्रख्यात नेता और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को कस्बे के सराय बाजार में अंत्योदय दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। उनके "एकात्म मानववाद" और "अंत्योदय" के सिद्धांत आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, समर्पण और स्वावलंबन का संदेश दिया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश पोरवाल, श्यामबाबा शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित तोमर, प्रधान लिधौरा शिवेंद्र सेंगर, सम्राट श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी दुबे बूथ अध्यक्ष, मान सिंह राजपूत सहित भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## नवदुर्गा महोत्सव में हुआ श्रीराम कथा का आयोजन

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे में शिव शक्ति सेवा समिति गैस एजेंसी के पास दिबियापुर रोड फफूंद द्वारा आयोजित छटवां श्री नवरात्रि पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं।

वहीं रात्रि में लोग श्री राम कथा का आनंद लेते रहे। श्री राम कथा व्यास शिव प्रसाद व रामायणी ने अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को रसपान कराया। इस कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा। समिति संरक्षक राजेंद्र प्रसाद पाल, गोरेलाल प्रजापत, चंद्रप्रकाश पाल, दुर्गेश राजपूत, अनुराग शुक्ला पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि, मुकेश यादव ,जमुना प्रसाद, अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद पाल प्रधान, महामंत्री लक्षद्वीप राजपूत, संतोष कुमार कठेरिया, सतपाल सिंह पाल, निलेश राजपूत, कोषाध्यक्ष राजवीर राठौर, विशेष सहयोगी अंकित रंजन त्रिपाठी, अश्वनी पांडे, आशीष पोरवाल, प्रमोद गुप्ता, मंगल सिंह राजपूत, दिवारी लाल यादव, कल्लू यादव, राम प्रकाश पाल, कपिल अग्निहोत्री, हिमांशु तिवारी, राहुल कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## ताड़का वध के मंचन में उमड़े लोग

संवाददाता फफूंद, औरैया


रामलीला मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे 155 वें श्री रामलीला महोत्सव में बुधवार की रात कलाकारों ने ताड़का वध का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया। मंचन के दौरान रामायण प्रसंगों को जीवंत होते देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भगवान श्री राम की जय-जयकार से पूरा मैदान गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पड़रिया प्रधान भूरे तिवारी और प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और रामदरबार की आरती उतार कर किया।रामलीला मंचन में दर्शाया गया कि ऋषियों के यज्ञ की रक्षा हेतु विश्वामित्र राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को मांगते हैं और उन्हें लेकर वन की ओर प्रस्थान करते हैं। अगस्त ऋषि के शाप से पीड़ित राक्षसी ताड़का लोगों का संहार करती है, जिसे अंततः भगवान श्रीराम परास्त कर देते हैं। ताड़का वध के दृश्य के साथ ही भक्तों में उत्साह और आस्था की लहर दौड़ गई। रामलीला कमेटी के कृपाशंकरशुक्ला,

बबलू अग्निहोत्री, ओमबाबू तिवारी, धीरू शर्मा, रानू अग्निहोत्री, रानू मिश्रा, छोनू शुक्ला, आर्यन दुबे, अनुराग अवस्थी, आशीष, नीलू, श्यामू अग्निहोत्री मौजूद रहे।

**आयोजन**

छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं का सामना कैसे करें, इसके तरीके भी समझाए

# मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता, बिधूना, औरैया


कार्यक्रम के दौरान शामिल बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार


शिविर के दौरान जानकारी देते जिम्मेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रैपिड ग्लोबल स्कूल के वतानुकूलित सभागार में विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, शिक्षा निदेशिका दीप्ति कमल राठौर व प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित, सोहेल खान, माधुरी शर्मा व रूमा देवी ने छात्राओं और शिक्षकों के समक्ष मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके कार्यशाला का शुभारम्भ किया।

मुकेश बाबू एसएचओ ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 'चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो' छात्राओं को बताया कि वे किसी आपात स्थिति में डायल 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 पर संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा और छेड़-छाड़ जैसी घटनाओं का सामना करने के तरीके भी समझाए। शम्भूनाथ (एसआई) ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है। इस अवसर पर आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों की भी जानकारी दी गई। शिक्षण संस्था के निदेशक अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने कहा हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें मिशन शक्ति के तहत सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत बढ़ुआ में हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम:** फफूंद, औरैया। भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बढ़ुआ में मिशन शक्ति के तहत महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।

गुरुवार को पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बढ़ुआ में आयोजित कार्यक्रम में एसआई नरेंद्र कुमार और महिला आरक्षी सविता ने छात्राओं को सुरक्षा उपायों और बालिका संबंधी अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया। खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम ने विद्यालय के बच्चों से पढ़ाई की जानकारी की और उन्हें चॉकलेट वितरित किए। वहीं नोडल अधिकारी, बीईओ और एडीओ ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम में बीडीओ डॉ.आदित्य तिवारी, नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र चौरसिया, बीईओ दाताराम, एडीओ संतोष तिवारी, ग्राम प्रधान ममता यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी नंदराज, प्रधानाध्यापक मुहीत सिद्दीकी और तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## छात्राओं ने भ्रमण कर सीखीं बैंकिंग की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- खाता संचालन, जमा पर्ची व चेक की जानकारी दी गई
- मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत हुआ शैक्षिक भ्रमण

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय कसहा) की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण बैंक ऑफ बड़ौदा, दिबियापुर शाखा में कराया गया।

यह भ्रमण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रक्षा चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार एवं ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा अधिकारी नीलम वर्मा के मार्गदर्शन तथा प्रधानाध्यापक राकेश बाबू के सहयोग से सम्पन्न हुआ। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एसएन माथुर ने छात्राओं का स्वागत करते हुए बैंकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खाता संचालन की प्रक्रिया, बचत खाते के लाभ, जमा पर्ची भरने की विधि, धन आहरण, चेक एवं ड्राफ्ट के प्रकार के बारे में बताया। छात्राओं को जमा पर्ची और रिप्लेसमेंट स्लिप भरने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं से अंग्रेज़ी में संवाद स्थापित किया, जिसका छात्राओं ने आत्मविश्वासपूर्वक उत्तर दिया। बैंक अधिकारियों ने शीघ्र ही विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों को और गहराई से बैंकिंग प्रणाली से अवगत कराने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान में पड़ा मिला अधेड़ का शव

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव का निवासी हरिओम (52) पुत्र मनीराम का शव बुधवार की शाम को उसके घर में पड़ा मिला। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना परिजनों दी। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि वह छतरपुर में रहता है। तथा उसका भाई मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त था। बताया कि वह गांव में अकेला रहता था। आशंका जताते हुए बताया कि उसका भाई सीढ़ियों से गिर गया होगा। तथा दो दिनों तक वहीं पर पड़े रहने से उसकी मौत हो गई है। बताया कि जब घर से दुर्गंध आने लगी तो ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। बताया कि मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त होने पर सात साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

### एक सप्ताह चलेगा स्वच्छता महाअभियान

मौदहा( हमीरपुर )। एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता महा अभियान का गुरुवार को शुभारम्भ हुआ। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित टीम ने आगे आकर अभियान की अगुवाई की। सरकार द्वारा 25 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता महा अभियान का आरम्भ गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष ने किया इस दौरान एक सप्ताह तक चलने वाले अभियान में पार्कों, तालाबों के घाटों और पूजा पंडालों सहित कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने बताया कि सरकार द्वारा एक सप्ताह के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसको लेकर सफाई अभियान की शुरुआत कस्बे के अमृत सरोवर मीरा तालाब से सफाई अभियान की शुरुआत की गई जो एक सप्ताह तक चलेगा।

### ट्रक चालक के जिंदा जलकर मरने पर परिवार में मचा कोहराम

सुमेरपुर (हमीरपुर)। बीती रात महोबा में आमने-सामने दो ट्रकों की हुई भीषण भिड़ंत में पचखुरा खुर्द के युवक के जिंदा जलकर मरने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था और ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण में सहयोग करता था। पिता गल्ला मंडी में पल्लेदारी करते हैं। पचखुरा खुर्द निवासी बैरागी अरख का बड़ा पुत्र अशोक उर्फ सोनू (30) ट्रक चलाकर घर गृहस्थी चलाने में सहयोग करता था। बीती रात महोबा के समीप आमने-सामने हुई दो ट्रकों की भिड़ंत में यह जिंदा जलकर मर गया था। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पूर्व प्रधान जुगुल किशोर सिंह परिजनों के साथ महोबा पहुंचे और पोस्टमार्टम कराकर शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए हैं। देर शाम तक शव गांव आने की उम्मीद है।

### मंदिर की जमीन पर कब्जे का आरोप

हमीरपुर। बड़ा कछार के ग्रामीणों ने गांव के ही दबंगों पर वर्षों पुराने शिव मंदिर की सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने मंदिर परिसर की भूमि को कब्जे से मुक्त कराने की मांग है। सुमेरपुर विकासखंड के बड़ा कछार गांव निवासी कमल सिंह, सुल्तान सिंह, बृजराज, ब्रजेश सिंह आदि ने ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में लगभग 40 वर्ष पुराना शिव मंदिर स्थापित है। जिसमे प्रतिवर्ष नवरात्रि और सावन माह में पूजा अर्चना के कार्यक्रम चलते आ रहे है। आरोप लगाया कि मंदिर परिसर के पीछे और बगल में खाली पड़ी सरकारी भूमि में गांव के ही रामश्री, जयराम, सीताराम व दीपक ने दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने इस बावत पहले भी ज्ञापन सौंपा। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### खड़ी बाइक से एलईडी टीवी चोरी हुई

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कोआपरेटिव बैंक के बाहर बाइक में रखी एलईडी टीवी अज्ञात चोर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बिवांर थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव के निवासी गोविंद नाथ ने बताया कि वह कस्बे के कोऑपरेटिव बैंक में पिता को साथ लेकर रुपये निकालने आया था। बाइक बैंक के बाहर खड़ी करके झोले में रखी एलईडी टीवी बाइक में रख दी थी। बैंक का कामकाज निपटाने के बाद जब वह बाहर आया तो बाइक में रखी एलईडी टीवी झोले सहित गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# गोवंश संरक्षण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

## गौशालाओं में चारा-पानी व अन्य समुचित व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापना व संचालन के लिए अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें गोवंश आश्रय स्थलों में समुचित व्यवस्था रखने, गोवंश के लिए चारा-पानी की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की गई। उन्होंने गोवंश संरक्षण में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की बात कही।

बैठक में ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कई ऐसी गौशालाएं हैं जहां पहुंच मार्ग कच्चा या जलभराव की स्थिति है। कई जगह बाउंड्री वॉल, भूसा भंडारण कक्ष, विद्युत कनेक्शन, पानी की व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, चौकीदार आदि नहीं है। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं गौशाला संचालकों को निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में जानवरों के लिए चारा-भूसा एवं पानी प्राथमिक आवश्यकता है। समस्त गौशालाओं में मूलभूत आवश्यकताओं को अविलम्ब पूर्ण कराया जाए। जहां भी टिन शेड जर्जर अवस्था में हैं उनकी मरम्मत कराई जाए। यदि किसानों से अन्ना पशुओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई, तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी प्रति माह संबंधित गौशालाओं का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्था देखें। जनपद में लापरवाही की वजह से कोई भी पशु हानि नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, बीएसए आलोक सिंह, सीडीओ डॉ.गीतम सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित गौशालाओं के लिए नामित समस्त नोडल अधिकारी, बीडीओ, पशु चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

### पं.दीनदयाल की जयंती पर उनके पद चिह्नों पर चलने का आह्वान

मौदहा (हमीरपुर)। जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नगर सहित क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में मनाते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया गया।

जानकारी के अनुसार पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए उनके दार्शनिक विचारों को अमल करने की प्रेरणा लिया कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा संगठन और समर्पण एवं आदर्शों के मूल्य से भरा रहा अंत्योदय दर्शन आज भी समाज में वंचितों के उत्थान हेतु प्रखर एकात्म वाद भारत की सांस्कृतिक आत्मा को आधुनिक युग की आवश्यकताओं से जोड़ने वाला मार्ग उनके आदर्श से प्रेरित होकर हम सभी को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की विकास योजनाएं एवं न्याय की रोशनी पहुंचाने के लिए आगे आना चाहिए।



डीएम को ज्ञापन देने जाते डीएलएड प्रशिक्षु। अमृत विचार

# डीएलएड परीक्षा हमीरपुर में करवाने की उठाई मांग

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** डीएलएड प्रशिक्षुओं ने परीक्षा केंद्र महोबा की जगह परीक्षा केंद्र हमीरपुर बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन दिया।

डीएलएड प्रशिक्षु आशीष पाल, भूपेंद्र सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, प्रद्युम्न यादव, जीतू शिवहरे, प्रियांशु सिंह, शिल्पी, नीतू प्रतिभा, अंकिता, अंजली आदि ने ज्ञापन में बताया कि जिले के 6 महाविद्यालयों में डीएलएड की कक्षाएं संचालित है। जिसमें लगभग ४०० प्रशिक्षु अध्ययनरत है। बताया कि उनका परीक्षा केंद्र विगत वर्षो से महोबा जनपद में बनाया जा रहा है। जबकि पूर्व में परीक्षा केंद्र हमीरपुर बनाया जाता रहा है। परीक्षा केंद्र महोबा बनने से परीक्षा देने जाने के लिए उनको आर्थिक एवं शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विगत वर्षों में प्रशिक्षुओं के साथ दुर्घटनायें घटित हुई है और अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। भविष्य में प्रशिक्षुओं के साथ ऐसी कोई घटना घटित न हो, इसके लिए परीक्षा केंद्र हमीरपुर बनाए जाने की मांग की है।

# सीओ ने बालिकाओं को आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा का सिखाया पाठ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के नगर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्राओं और महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के तरीके, गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं से संबंधित अपराधों से बचाव के उपाय और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर यूपी 112 के उपयोग के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102/108 एंबुलेंस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की महिलाओं/बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताने के साथ संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर अन्य पुलिसकर्मी सहित विद्यालय की छात्राएं व अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

उधर ललपुरा थानाक्षेत्र के नदेहरा गांव के पंचायत भवन में गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं एवं छात्राओं को सीओ प्रतिज्ञा सिंह ने भारतीय न्याय संहिता एवं नागरिक सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला अपराध से संबंधित तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 12,1090,181,108,1076,1098 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि की जानकारी दी। इस मौके पर ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज, महिला आरक्षी रश्मि तिवारी, अंशिका एवं ग्राम प्रधान उदयभान यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



इस्लामिया इंटर कॉलेज में जानकारी देते सीओ सदर राजेश कमल।

### मजदूर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

मौदहा (हमीरपुर)। सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

बुधवार देर रात मदारपुर गांव निवासी रामराज (45) पुत्र बन्ना अस्पताल में भर्ती बेटी को खाना लेकर नरायच गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गया था। लौटकर आते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया। परिजन गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे चार लड़के, एक लड़की को रोता बिलखता छोड़ गया। ग्राम प्रधान अब्दुल्ला ने बताया कि मृतक के एक बीघा जमीन है। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटा आधा दर्जन विद्यार्थी घायल हो गए

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाना के सरीला ममना मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास जीआईसी के छात्र छात्राओं से भरा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें चालक सहित दस छात्र-छात्राएं बैठी थीं। जिसमें लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राएं घायल हो गईं। दो छात्र व एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उरई रेफर किया गया है।

गुरुवार को क्षेत्र के महाराजपुरा गांव निवासी अंशिका (17) पुत्री रामजुहार, शाहना खातून (17) करीम बक्स, अजय (17) पुत्र परमेश्वरी दयाल, पुष्पेन्द्र (14) पुत्र जय सिंह,नेहा कुशवाहा (17) पुत्री रामकरन, उषा देवी (18) पुत्री रामजुहार,पूनम (17) पुत्री जय सिंह, जमील (18) पुत्री इस्लाम व ममना गाँव निवासी बेदिका (17) पुत्री प्रमोद कुमार गुरुवार सुबह ई रिक्शा में बैठ कर सरीला कस्बे के राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रहे थे। पचखुरा गाँव निवासी अनिल (30) पुत्र जगपाल ई रिक्शा चला रहा था।



घायल छात्राओं का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

- दो छात्र व एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उरई किया रेफर

तभी सरीला ममना मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे चीख पुकार मच गई। जिसमें कक्षा इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका, शहाना खातून, वेदिका, छात्र अजय व कक्षा 9 का छात्र पुष्पेंद्र घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अजय, पुष्पेन्द्र व शहाना खातून की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की जानकारी ली है।

# संदिग्ध हालात में कमरे से मिला अज्ञात बालक!

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** गत दिनों परछछ में एक मकान के कमरे में चार फीट गहरा गड्ढा, पूजा पाठ का सामान और एक अज्ञात बालक देखकर ग्रामीणों ने नरबली की योजना का आरोप लगाया है।

ग्राम परछछ में सोमवार रात करीब 11 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर दो संदिग्ध लोगों को पकड़वाया था। एक बजे पुनः पुलिस परछछ गांव पहुंची और वहां से एक युवक के घर पर एक 7 वर्षीय बच्चे को बरामद किया व उसी घर में एक कमरे में जहां गृहस्थी का सारा सामान रखा था उसी कमरे में ड्रम के आकार का चार फीट गड्ढा मिला उसी गड्ढे में नींबू, अगरबत्तियां, फूलमाला पड़ी थीं। ग्रामीण श्यामू सिंह ने बताया कि सोमवार रात दो लोग बाइक से जा रहे थे। उसने रोका तो उन्होंने पैर में बाइक चढ़ा दी। जिससे अंगूठा घायल हो गया। जब पुलिस आई थी तो संतराम के घर में एक कमरे में चार फीट का गड्ढा और उसी में नींबू, अगरबत्तियां और फूल पड़े थे, उसी कमरे में एक लड़का भी मिला था जिसको वह पहचानते नहीं है। ग्रामीण ने बताया कि युवक के घर में गड्ढा देखा वहीं पर एक छोटा बच्चा भी था और एक अपरचित व्यक्ति था जो रात में ही कहीं चला गया।

पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से कतरा रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा की जा रही हैं। हालांकि अभीतक यह पता नहीं चला है कि वह बच्चा कौन था, कहां से आया था, रात में जो व्यक्ति आया था वह कहां गया।

### महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य

मौदहा (हमीरपुर)। हर साल की तरह इस वर्ष भी नवरात्र के मौके पर नगर के एक गेस्ट हाउस में नवरात्र गरबा महोत्सव संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों महिलाओं ने मां दुर्गा के गीतों पर डांडिया नृत्य किया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के शिक्षा राज्यमंत्री डॉ.रजनी तिवारी व राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ.अंजू प्रजापति के अलावा पूर्व विधायक डॉ.अमब्रेश कुमारी मौजूद रहीं। मुख्य अतिथियों ने उक्त कार्यक्रम संपन्न करने के लिए नगर की समाजसेवी व पूर्व प्रधान ज्योत्स्ना सिंह व उनकी टीम की सराहना की। कार्यक्रम में नगर समेत क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# दीनदयाल जयंती को स्वदेशी सप्ताह के रूप में मनाया गया

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था। जिन्हें पंडितजी के नाम से जाना जाता है। यह एक भारतीय राजनीतिज्ञ एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिज्ञ दल भारतीय जनसंघ के नेता थे। जो भारतीय जनता पार्टी के अग्रदूत थे। उनका जन्म राजस्थान के धनकिया में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद व माता का नाम रामप्यारी था। पं.दीनदयाल जी की 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन के आसपास हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया 'जब भी हम बाजार जाएंगे माल स्वदेशी लायेगे। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए। जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार मिश्र एवं रमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। आभार संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। अमृत विचार

### ई-रिक्शा की टक्कर से महिला का सिर फटा

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी अनोखी पुत्री अयोध्या प्रसाद की ससुराल जनपद महोबा के खरेला गांव में हैं। पितृपक्ष के चलते श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने मायका में आई थी। गुरुवार को दोपहर में ई रिक्शा में किनारे बैठकर अपने पति वृंदावन के साथ ससुराल जा रही थी। तभी छानी गांव की तरफ से कल्ला गांव का चालक इंद्रजीत अपने रिक्शा को लेकर इंगोहटा गांव को जा रहा था। कल्ला गांव के पिपरिया के पास सड़क में चालक इंद्रजीत ने उसके जोरदारी से टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क में गिर गई, सिर फटने से वह लहूलुहान हो गई। वहीं आरोपी चालक रिक्शा लेकर भाग गया। पति ने महिला को छानी सीएचसी में भर्ती कराया। पति ने रिक्शा चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

स्वच्छता पखवाड़ा | भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने किया श्रमदान

# रामलीला मैदान में चलाया गया स्वच्छता अभियान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत रामलीला मैदान में स्वच्छता कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने श्रमदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने रामलीला मैदान में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पूर्व विधायक डॉ. अम्बेश कुमारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, सुरेश खेबरिया, महेंद्र शुक्ला आदि लोगों ने सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई कर लोगों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। लोगों को भी स्वच्छता के साथ रहने और साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।





स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान में भाग लेतीं पूर्व विधायक। ब्लॉक कार्यालय में साफ-सफाई करते कर्मी।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ब्लॉक कार्यालय में की गई साफ-सफाई

सुमेरपुर( हमीरपुर )। विकासखंड कार्यालय के कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर ब्लाक परिसर में साफ सफाई की। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर आगामी दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को ब्लॉक कर्मियों के साथ मिलकर खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक कार्यालय प्रांगण में सघन सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर कामिनी पाल, रामसजीवन, नितिन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से की गई सफाई

कुरारा। टोडरपुर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान कर साफ-सफाई का संदेश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गांव के ग्राम प्रधान केयर टेकर ने आंगनबाड़ी सहित गांव की अन्य महिलाओं व पुरुषों के साथ स्वच्छता श्रमदान किया गया। साथ ही साफ सफाई का संदेश दिया। इस मौके पर देव कुमारी, कमलेश कुमार, कृष्ण कुमार कुशवाहा, रेशु यादव, अवध बिहारी, मनोरमा आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सा शिविर में 400 मरीजों का किया उपचार

संवाददाता,राठ(हमीरपुर)

- विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर का किया शुभारंभ

**अमृत विचार।** कस्बे की सीएचसी में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल एवं विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्पेशल हेल्थ कैंप में करीब चार सैकड़ा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाएं और उचित परामर्श दिया गया।

विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डॉ.शिवानी ने आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए जागरूक किया। चिकित्सा शिविर में डा.नेहा यादव, डॉ.सुरभि यादव, हमीरपुर से आए डॉ.प्रमेंद्र प्रजापति, डॉ.सीपी गुप्ता और आयुर्वेद चिकित्सक जय सिंह राजपूत, फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता, बृजेश, स्टाफ नर्स प्रियंका व अनमोल ने मरीजों का बेहतर उपचार कर व उनकी जांच कर उन्हें दवाएं दी।

इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर में लगभग चार सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया है।

न्यूज ब्रीफ

## कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**महोबा।** चुरबुरा गांव निवासी दीना (56) पुत्र मंगुवा खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ सालों से फसल की अच्छी पैदावार न होने से किसान परेशान रहता था। उधर खेती की जुताई-बुवाई और शादी के लिए साहूकारों से लिए गए करीब डेढ़ लाख रुपये कर्ज की अदायेगी को लेकर खासा चिंतित था। किसान ने इस साल खरीफ की फसल के बाद कुछ पैसा देने की बात कही थी और शेष धनराशि रबी की फसल आने के बाद अदा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस साल खरीब की फसल अतिवृष्टि की भेंट चढ़ गई, जिससे कसान खासा परेशान रहने लगा। मृतक के बेटे ने बताया कि पिताजी कई बार साहूकारों के कर्ज की अदायेगी करने की बात कहते थे। कुछ दिन पहले भी उन्होंने साहूकारों का कर्ज अदा न होने पर चिंता जताई थी और वह उदास हो गए थे। गुरुवार को उन्होंने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## किशोरी की एक सप्ताह बाद उपचार दौरान मौत

**महोबा।** थाना श्रीनगर में एक सप्ताह पहले बारिश के चलते गिरी दीवार में एक किशोरी दबकर घायल हो गई थी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया था। गुरुवार को उपचार के दौरान किशोरी की झांसी अस्पताल में मौत हो गई। श्रीनगर निवासी अंशिका (12) अपने घर पर बैठी थी, तभी बारिश के बाद अचानक कच्ची दीवार भरवारक गिर गई, जिससे किशोरी दीवार में दब गई। आसपास के लोगों ने मलवा हटाकर उसे बाहर निकाला था। गंभीर हालत में उसे पहले जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया था। करीब एक सप्ताह के बाद गुरूवार को उसने दम तोड़ दिया।

## साइबर टीम ने गुम मोबाइल बरामद किए

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जिला स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शिकायतकर्ता बृजकिशोर पटैरिया पुत्र लखनलाल निवासी मलहरा छतरपुर मप्र. का मोबाइल फोन कही गुम हो गया था, तकनीकी प्रयासों के बाद गुरुवार को उसे बरामद कर शिकायतकर्ता को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। साइवर टीम में उपनिरीक्षक विशाल वाजपेयी, कम्प्यूटर आपरेटर विकास सिंह वर्मा, कांस्टेबिल महादेव शामिल रहे। टीम ने साइवर हेल्प डेस्क से संबन्धित अपील करते हुए बताया कि' यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुया या चोरी हो जाता है या साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क अथवा टोल-फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें।

## मिशन शक्ति अभियान की कार्ययोजना तैयार की

**महोबा।** शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर 30 दिवसीय विशेष अभियान फेज-05 चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने सोशल मीडिया से छात्राओं के जीवन में सकारात्मक उपयोग पर गूगल मीट के माध्यम से स्कूल एवं कालेज की छात्राओं से जुड़कर मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यक्रमों के लिए सुझाव मांगे। बाद में एक कार्ययोजना तैयार की गई। छात्रा मोनिका ने वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर काउन्सिलिंग से सम्बन्धित कार्यक्रम कराये जाने तथा प्रधानाध्यापक पटेल इण्टर कालेज ननौरा द्वारा घुमन्तु, आदिवासी लोगों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सुझाव दिये।

## माता मंदिरों में जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

**कुलपहाड़।** शारदीय नवरात्र में नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से भक्तगण देवी माता के मंदिरों में जाकर जलाभिषेक के साथ पूजन अर्चन कर मत्था टेक रहे हैं। नवरात्र के तहत मां बाघ बिराजन धाम मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ जुट रही है। साथ ही पीतांबरा मैया, अन्नपूर्णा मैया सहित नगर के शारदा माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, बड़ी भवानी मंदिर, काली माई, बरा खेरे मंदिर, काली माता मंदिर, सोनीगंज सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्त जाकर श्रद्धापूर्वक अपने परिवार सहित समाज की खुशी तथा वैभवशाली राष्ट्र की खुशहाली की मन्नत मांग रहे हैं। वहीं माता के पंडालों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने हाईवे किया जाम, पुलिस ने खदेड़ा

### कानपुर-सागर हाईवे एक घंटे जाम होने से वाहनों की लगीं कतारें, कर्मचारियों पर भेदभाव का आरोप

संवाददाता, कबरई (महोबा)


हाईवे से लेकर समिति तक खड़े किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साधन सहकारी समिति कबरई नम्बर-2 में खाद वितरण के दौरान कुछ लोगों को बिना लाइन में लगाए खाद दे दी गई। इससे सुबह से तेज धूप में खड़े किसानों का गुस्सा फूट गया और किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों को उग्र होता देख समिति कर्मियों ने खाद का वितरण बंद कर दिया। नाराज किसानों ने कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे एक घंटे तक कानपुर सागर हाईवे जाम रहा। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कबरई पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन किसानों ने एक नहीं मानी, इस पर पुलिस ने जाम लगाए किसानों को लाठी पटक खदेड़ दिया। इससे जाम स्थल पर अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात व्यवस्था को बहाल कराया।

साधन सहकारी समिति कबरई नम्बर-2 में गुरुवार को खाद का वितरण किया जाना था, जिससे किसान सुबह से ही समिति में खाद के लिए पहुंच गए और लाइन लगा ली। किसान खाद के चक्कर में तेज धूप के बाद भी लाइन से नहीं हटे। किसानों ने आरोप लगाया कि समिति कर्मचारियों ने कुछ पहुंच वाले लोगों को बिना लाइन पर लगे खाद दे दी। इसके विरोध में किसानों ने नारोबाजी की। बाद में किसानों ने सुबह करीब दस बजे हाईवे पर बैठकर जाम लगा दिया, जिसके चलते महोबा से कानपुर, हमीरपुर, लखनऊ आने-जाने वाले तमाम वाहन जाम में फंस गए। तेज धूम के चलते जाम में फंसे बच्चे गर्मी से रोने पीटने लगे। बस के चालक परिचालक बस के बाहर जाम खुलने के इंतजार में घूमने लगे। बाद में पहुंची पुलिस ने किसानों से जाम खोलने को कहा। लेकिन किसान नहीं माने।

इस पर पुलिस ने लाठी पटककर किसानों को हाईवे से खदेड़ कर जाम खुलवाया। पुलिस ने समिति के कर्मचारियों को किसी के साथ भेदभाव न कर नियमानुसार खाद का वितरण करने की हिदायत देकर खाद का वितरण पुनः शुरू कराया। इसके बाद एक बार फिर से समिति में खाद का वितरण शुरू हो गया और पुलिस की मौजूदगी में डीएपी खाद का वितरण किया गया। खाद वितरण की खबर फैलते ही समिति में किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। कबरई थाना प्रभारी सत्यवेंद्र सिंह ने बताया कि भीड़ में कुछ अराजकतत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई करेगी। प्रशासन ने किसानों को जल्द खाद की आपूर्ति का भरोसा दिया है और पुलिस की देखरेख में खाद का वितरण शुरू करा दिया गया है। इधर कुछ लोगों का आरोप है कि पुलिस ने लाठी चार्ज किया है और लोगों को चोट आईं हैं।

## पंडित दीनदयाल भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष

**महोबा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा कार्यालय में गुरुवार को मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा संघ के लिए दिए गए योगदान की जानकारी दी। विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के उन शिखर पुरुषों में से थे, जिन्होंने देश की राजनीतिक दिशा को एक मौलिक विचार दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान 'एकात्म मानववाद' का दर्शन है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि पंडित उपाध्याय का मानना था कि भारत के विकास का आधार यहां की अपनी संस्कृति और सनातन धर्म होना चाहिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जयपाल सिंह, जितेंद्र बुधोलिया, रविन्द्र महेन्द्र, जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अरुण सक्सेना, नीरज रावत, आशीष अवस्थी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष भागीरथ नागयच, सुखलाल, महेन्द्र गुरुदेव, सौरभ तिवारी विभा पुरवार, रेखा तिवारी, दिवाली तिवारी, सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।


पार्क की सफाई करते नगर पालिका के कर्मी। अमृत विचार

## सफाई अभियान के बाद चकाचक हुआ नेहरू पार्क

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 'एक तारीख एक घण्टा, एक साथ' कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में नगर के नेहरू पार्क में श्रमदान किया गया। पालिका अध्यक्ष के अलावा अन्य स्टाफ व सफाई कर्मियों ने पार्क की घास काटते हुए झाड़ू लगाई, इससे पार्क चकाचक हो गया।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सन्तोष चौरसिया के नेतृत्व में चन्देल कालीन मदन सागर सरोवर के तट पर स्थित नेहरू पार्क में सफाई अभियान चला। पालिकाध्यक्ष द्वारा अभियान के दौरान पार्क मार्ग में लगे खर पतवार, घास फूस को फावड़ा चलाकर अलग किया और इसके बाद सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र वाहन से फेंका।

अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद शासन के निर्देशानुसार 'स्वच्छोत्सव थीम' पर 156 घंटे का महा सफाई अभियान भी चलाएगी। उन्होंने बताया कि 156 घंटे का महा सफाई अभियान में स्वच्छ बाजार, फूड स्ट्रीट, प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान व सीटीयू ट्रांसफार्मेशन, सोर्स सेग्रीगेशन, सीटीयू ट्रांसफार्मेशन, पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों की सफाई, घाट तालाबों की सफाई एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के लिए अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम में सभासद अशफाक अहमद, मकसद, नरेन्द्र कुशवाहा, फरमान, संजना सेन, राजेश कुमार, आमिर खान के अलावा सफाई नायक रामसेवक, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।


उपकारागार का निरीक्षण कर वापस लौटतीं जिला जज डॉ. विदुषी सिंह। अमृत विचार

## जिला जज ने उपकारागार का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने उपकारागार का निरीक्षण करते हुए बंदियों से वार्ता कर मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिला जज ने निरीक्षण में कारागार की साफ सफाई के साथ बांदियों के आवसीय बैरक, भोजनालय, अस्पताल आदि की बारीकियों पर नजर डालते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेकर जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला जज ने निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बावत जानकारी ली, जेलर को समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद जनपद न्यायाधीश ने उपकारागार का मुआयना करते हुए बंदियों के आवासीय बैरक, भोजनालय उपकारागर परिसर व अन्य जगहों की सफाई व्यवस्था को देखते हुए और बेहतर व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। उपकारागार के चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए दवाओं व अन्य सुविधाओं की जानकारी की और बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने के निर्देश दिए।

उपकारागार का निरीक्षण करते हुए जिला जज ने कहा कि जेल परिसर के अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश करे। इसके लिए कड़ी सतर्कता बरती जाए। उपकारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की निगरानी करते हुए उन्हें बेहतर भोजन मुहैया कराया जाए साथ हीं चिकित्सा सुविधाओं की नियमित रूप से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि कारागार एक सुधार गृह है, अतः यहां निरुद्ध बंदियों को सुधार की दिशा में प्रेरित करने के लिए सकारात्मक गतिविधियों एवं परामर्श कार्यक्रमों का संचालन किया जाना चाहिए, जिससे बंदियों के रवैया में बदलाव लाया जा सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के अलावा पुलिस, प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## बृजेंद्र हत्याकांड के आरोपियों की चार दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के काली पहाड़ी गांव में हुई ग्रामीण की हत्या के चार दिन बाद भी पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। मृतक के परिवार में अब तक दो लोगों की हत्या हो चुकी है इससे परिवार में भय है।

सोमवार को बृजेंद्र राजपूत कचहरी में एक मुकदमे की तारीख में आया था इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। खोजबीन में पता चला की अगवा करके उसकी हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट मृतक के पिता ने बबलू समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए, लेकिन हत्या के चार दिन बाद भी पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं दिखाई। हालांकि गठित की गई टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ चल रही है।

मामले में क्या कार्रवाई की जा रही है मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई। उधर हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से मृतक के परिजन बुरी तरह सहमे हुए हैं और हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं पुलिस भी सभी हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए हाथ पैर मारने में जुटी हुई है।

## रामलीला मैदान में हुआ सुंदरकांड पाठ

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मंच पर सम्मानित होने के बाद खड़ी भजन मंडली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के पुराने रामलीला मैदान में रामलीला समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बुधवार रात्रि ग्राम बिलखी की भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ गायन कार्यक्रम किया गया।

सुंदरकांड पाठ के पश्चात रामलीला आयोजन समिति ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आरती की। अंत में रामलीला न्यास ने भजन मंडली का माला पहनाकर और धार्मिक पुस्तक देकर सम्मान किया। पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा रचित श्री रघुनाथ विनय शतक पुस्तक भेंट की।

मंडली द्वारा भक्तों को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है और यह पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला में 2 अक्टूबर तक विभिन्न पात्र रोज नई नई लीलाओं का मंचन करने के बाद उसी दिन रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। 3 अक्टूबर को रामलीला मैदान से प्रभु की राजगद्दी की शोभा यात्रा नगर भ्रमण होगा। कार्यक्रम में महेश्वरीदीन तिवारी, शिवकुमार गोस्वामी, अबोध सोनी मुकेश गुप्ता, संजीव तिवारी, राजीव तिवारी, सुभाष तिवारी, अरविंद नायक, रामजी गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता महेंद्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र पर चारों तरफ गूंज रहे मां के भजन और गीत

संवाददाता कार्यालय, महोबा



मंदिर परिसर में पूजा करने जाते श्रद्धालु, महिला के शरीर पर बोए गए जवारे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर जिले के प्राचीन देवी मंदिरों में जहां एक ओर सुबह शाम भक्त नंगे पैर पहुंचकर माता के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना कर भक्ति में लीन हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर में तमाम समितियों ने कई स्थानों पर एक से बढ़कर एक पंड़ाल सजाकर मां दुर्गा के नौ स्वरुपों को विराजमान किया है। भक्त आरती और पूजा पाठ में मगन होकर मां को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं।

गुरुवार को नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा आदिशक्ति के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की भक्तों ने आराधना की गई। कूष्मांडा का अर्थ है कुम्हड़ा यानि पेठा की बलि देना। जब सृष्टि में चारों तरफ अंधकार फैला था उस समय मां कूष्मांडा ने जगत की उत्पत्ति की इच्छा से मंद मुस्कान के साथ सृष्टि में अंधकार को समाप्त कर प्रकाश फैल दिया। मां कूष्मांडा का निवास स्थान सूर्य मंडल के बीच में माना जाता है, इसलिए मां का तेज ही इस संसार को तेज बल और प्रकाश प्रदान करता है। मां मूल प्रकृति और आदिशक्ति हैं। मानना है कि मां के इस तेजोमय रूप की जो भक्त श्रद्धा भाव से भक्ति करते हैं और नवरात्र पर्व के चौथे दिन इनका ध्यान करते हुए आराधना करते हैं उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता।

### माता की महिला भक्त ने शरीर पर जवारे बोए

■ **बेलाताला।** ग्राम पंचायत खिरियाकला में नवरात्र के मौके पर एक महिला ने अपनी आस्था प्रकट करते हुए देवी मंदिर परिसर में बने चबूतरे पर लेटकर अपने शरीर में जवारे बोए हैं। खाना-पानी त्याग कर मां की आराधना में लीन है। माता की भक्ति में लीन महिला का नाम पुक्खन पत्नी जीवनलाल राजपूत है। नवदुर्गा के प्रथम दिन से नौ दिनों तक अपने शरीर के विभिन्न हिस्सों जवारे बोए हैं। महिला की मां के प्रति आस्था और धार्मिक समर्पण भाव देखकर ग्रामीण उसे देखने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं।

कार्यक्रम | पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

# पौधे लगा शुद्ध पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

संवाददाता कालपी जालौन


पौधरोपण कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों तथा नागरिकों के साथ मौजूद रेंजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर डीएफओ प्रदीप कुमार के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में नागरिकों ने पौधरोपण कर शुद्ध पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

नगर के आलमपुर वन ब्लाक क्षेत्र में सामाजिक वानिकी विभाग तथा नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के छोटे भाई रविन्द्र सिंह यादव ने कहा कि 25 सितम्बर 1916 को जन्मे उपाध्याय ने जीवन भर मानव सेवा का काम किया है। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण महाभियान -2025 के अंतर्गत छायादार शोभाकर पौधे रोपित करने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमको शुद्ध आक्सीजन उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। स्वच्छ तथा शुद्ध पर्यावरण के लिये सभी लोग हरिशंकरी पौधों को ज्यादा संख्या में रोपित करें। सभी लोगों ने पौधरोपण के इस पुनीत कार्य में भागीदारी करने का संकल्प लिया। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिये बहुत उपयोगी है। वन दरोगा महेंद्र सिंह,मन्ना सिंह हरिओम सिंह ,प्रीति व समस्त वन विभाग के कर्मचारियों के अलावा आशु सभासद, अंजली चौहान, ओम सिंह पूर्व प्रधान, भूरा यादव, गंगाराम प्रजापति अंजलि चौहान रहे।


एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं अनुष्का।

## अनुष्का एक दिन के लिए बनीं प्रधानाध्यापक

**जालौन।** ब्लाक विकासखंड के ग्राम भदवा प्राथमिक विद्यालय में एक दिन के लिए मिशन शक्ति के अंतर्गत कक्षा 5 की अनुष्का वर्मा को प्रधानाध्यापक बनाया गया।

बृहस्पतिवार को प्रधनाचार्य बनीं अनुष्का ने क्लास रूम में जाकर बच्चों की अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया व क्लास रूम में बच्चों से बातचीत की। इसके साथ ही ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को कुछ सवाल भी दिए। विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने उनके लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उप मुख्यमंत्री से मिले विधायक व भाजपा नेता, विकास पर चर्चा

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्वनी तिवारी ने चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह राजपूत के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंट करके ऐतिहासिक एवं धर्म नगरी कालपी के विकास को लेकर चर्चा की। लखनऊ प्रवास के दौरान भाजपा नेता अश्विनी तिवारी ने उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। उन्होंने कालपी क्षेत्र की स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सेवाओं को लेकर चर्चा की। भाजपा नेता अश्विनी तिवारी ने बतया कि उन्होंने कालपी विधानसभा क्षेत्र की नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण पर चर्चा की। इस दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के लिए भर्ती पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत से भी उपमुख्यमंत्री ने मुलाकात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।


उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात करते भाजपा नेता।

न्यूज ब्रीफ

### नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया

**चित्रकूट।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिला चिकित्सालय में केक काटकर बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया। लोगों को संदेश दिया कि बेटी और बेटा में कोई अंतर नहीं है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, एसओ नीलम देवी, प्रिया माथुर, मीनू सिंह, अभिषेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### राघव प्रयाग घाट में रामलीला शुरू

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र के श्रीराघव प्रयाग घाट में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला मंचन का शुभारंभ हो गया। बुधवार रात संत महंतों और जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों ने इस दौरान लीला मंचन देखा। पहले दिन सांस्कृतिक कला संगम, नई दिल्ली के कलाकारों ने नारद मोह लीला का मंचन किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** गुरुवार को दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के कार्यकताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम किए। दीनदयाल परिसर, उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट के दीनदयाल पार्क में कार्यक्रम में संस्थान के विविध प्रकल्पों के कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया और उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों को दैनिक जीवन मे आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### समझौता कराकर परिवार को बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। शिवम पुत्र भैयालाल निवासी ग्राम सिद्धपुर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया था कि पत्नी अनुराधा निवासी भभौर थाना पहाड़ी मायके से वापिस नहीं आ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गीता देवी, मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी ने दोनों पक्षों को समझाया। पति-पत्नी विवाद भूलकर साथ रहने पर राजी हो गए।

### आवेदन की अंतिम तिथि चार अक्टूबर

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर 27 अगस्त से किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 सितंबर से बढ़ाकर चार अक्टूबर कर दी गई है। त्रुटियों में संशोधन पांच से सात अक्टूबर तक किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। बताया कि छात्रों की संख्या के आधार पर जिले में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण होगा।

### ब्लाक प्रमुख ने जानीं किसानों की समस्याएं

**मानिकपुर।** खाद के लिए परेशान किसानों की समस्या के बीच मानिकपुर ब्लॉक के प्रमुख अरविंद मिश्रा गुरुवार को सहकारी समिति पहुंच गए। बताते हैं कि उन्होंने वहां पाया कि किसी और के नंबर पर खाद किसी और को दी जा रही थी। इस पर उन्होंने सोसायटी सचिव से नाराजगी जताई और आगाह किया कि किसानों को परेशान करना बंद करें। इस दौरान महिपाल, हाशिम और अच्छे लाल आदि किसानों ने बताया कि कई दिन से खाद के लिए चक्कर लगा रहे हैं पर बारी आती है तो खाद खत्म हो जाती है। मजबूरी में निराश होकर घर लौटना पड़ता है।

# पुरानी तहसील परिसर में बनेगा उप निबंधक कार्यालय

- विधायक ने भूमि पूजन कर चलाया फावड़ा
- उप निबंधक कार्यालय बनने के बाद लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से इतिहास के पन्नों में दर्ज पुरानी तहसील भवन की जगह गुरुवार को उप निबंधक कार्यालय के नए भवन के लिए भूमि पूजन कर दिया गया। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने फावड़ा चलाकर भवन निर्माण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उपनिबंधक कार्यालय के इस भवन के बनने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

विधायक ने निर्माण कार्य मे गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम राम ऋषि रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, उप निबंधक ज्ञानेंद्र सिंह, अमित श्रीवास्तव, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि सप्लीमेंट टू द लंदन गजेटियर 18 अप्रैल 1859 के तत्कालीन



फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत करते विधायक। अमृत विचार

इतिहास के प्रमाणित दस्तावेजों में एवं बांदा गजेटियर में भी इस बात का जिक्र है कि पेशवा के सलाहकार राधागोविंद ने मऊ से लेकर कर्वी क्षेत्र तक अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था।

बांदा गजेटियर के अनुसार आठ जून को इलाहाबाद सेंट्रल जेल से फरार विद्रोही यमुना के रास्ते मऊ आए, जहां उन्होंने यहां के स्थानीय जमींदार एवं अन्य लोगों को ब्रितानिया शासन के खिलाफ क्रांति के लिए जगाया। स्थानीय लोगों ने जबरदस्त विरोध किया और मऊ तहसील में 1200 रुपये की लूटपाट हुई। बाद में इस पुरानी तहसील में अंग्रेजों ने यहां के लोगों को बर्बर यातनाएं दीं। साथ ही तमाम क्रांतिकारियों को फांसी पर लटका दिया गया।

### स्मारक बनवाने का कराएंगे प्रयास : विधायक



- विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि जिलाधिकारी से बात कर पुरानी तहसील परिसर के सामने थाने के परिसर में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में भव्य स्मारक बनवाए जाने का प्रयास किया जाएगा। स्वतंत्रता आंदोलन में मऊ का इतिहास सदैव लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

### बनवाया जा रहा है पार्क : चेयरमैन



- नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा स्वतन्त्रता आंदोलन के महान सेनानियों की याद में पार्क बनवाया जा रहा है। पुरानी तहसील परिसर में 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की याद में स्मारक बनवाए जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### दो करोड़ से ऊपर की है लागत

- जानकारी के मुताबिक, मऊ की पुरानी तहसील को धराशाई कर वहां पर दो करोड़ 16 लाख की लागत से उपनिबंधक कार्यालय बनाया जा रहा है। उप निबंधक कार्यालय अभी तक मऊ ब्लॉक के परिसर में संचालित हो रहा था।



राजकीय संप्रेक्षण गृह का मुआयना करते सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बांदा श्रीपाल सिंह। अमृत विचार

# अपर जिला जज ने किया संप्रेक्षण गृह का मुआयना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बांदा श्रीपाल सिंह ने गुरुवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने किशोर अपचारियों से खानपान और समस्याओं की जानकारी की। इस मौके पर वहां कार्यरत लोगों ने अपर जिला जज को किशोरों की दिनचर्या की जानकारी दी। संप्रेक्षण गृह में 18 सीसीटीवी कैमरों में चार काम नहीं कर रहे थे।

उन्होंने इनको दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य द्वार की ऊंचाई कम पाने पर उन्होंने कंटीले तार लगाने को निर्देशित किया। अपर जिला जज ने अभिलेखों को भी देखा। इस दौरान राशिद अहमद अंसारी डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऋण जमा अनुपात कम वाले बैंकों में तीन दिन में कराएं प्रगति : डीएम

## यूपी ग्रामीण बैंक शाखा चकौंध एवं इंडियन बैंक शाखा तरौंहा के शाखा प्रबंधकों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक में राजस्व वसूली की स्थिति पर असंतोष जताया। डीएम ने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक आशुतोष शर्मा को निर्देश दिए कि जिन बैंकों का ऋण जमा अनुपात (सीडी रेशियो) कम है, तीन दिन के अंदर उनमें प्रगति कराएं।

जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं में ऋण की स्थिति, एनपीए, वार्षिक ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आरसी वसूली में भी प्रगति ठीक नहीं है। अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अलग से तहसीलों की बैठक कराकर प्रगति कराएं।





जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

डीएम ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की प्रगति पर भी रोष जताया और सुधार के निर्देश दिए। कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन के लिए जो लक्ष्य निर्धारित है, उसमें भी प्रगति कराई जाए। इसके अलावा पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के संबंध में भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लक्ष्य पूर्ति करने पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा चकौंध एवं इंडियन बैंक शाखा तरौंहा के शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक सुधीर कुमार पांडेय, उप निदेशक कृषि राजकुमार, उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### एसीपी की स्थिति भी अत्यंत खराब

- डीएम ने कहा कि स्वचालित चेक प्रसंस्करण प्रणाली (एसीपी) में स्थिति अत्यंत खराब है. इसमें सुधार कराया जाए। अगर कोई समस्या हो तो बैंकर्स बताएं कि उनका निस्तारण कराया जा सके। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों का बैंक तत्काल निस्तारण कराएं।

### अच्छा काम करने वालों को करें पुरस्कृत

- डीएम ने डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा से कहा कि मिशन शक्ति का पांचवां चरण चल रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, जो अच्छा कार्य कर रही हैं, को सम्मानित कराया जाए। स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत ऋण के लंबित आवेदन पत्रो का निस्तारण कराया जाए।

### ब्लाकस्तरीय गणित ओलंपियाड का आयोजन

**रामनगर।** बीआरसी में गुरुवार को ब्लाकस्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों से बच्चों ने इसमें प्रतिभाग किया। आयोजन खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एवं एआरपी राजेश कुमार यादव की देखरेख में हुआ। बीईओ ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर विजेता 10 बच्चों को जनपद स्तर पर आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा। इसी तरह स्व. रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कालेज पहाड़ी, सरधुआ इंटर कालेज, केदारनाथ महाविद्यालय खटवारा में परीक्षा हुई। बीईओ राजेश कुमार ने परीक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने बताया कि इस गणित ओलंपियाड परीक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या 146 रही। इस मौके पर सहायक अध्यापक अरविंद कुमार, राघवेंद्र, अमरदीप, मंगल प्रताप सिंह, प्रेमलता, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, देवेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामनारायण साहू आदि मौजूद रहे। खंड शिक्षाधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी की देखरेख में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कसहाई में परीक्षा हुई। इसमें ब्लॉक से 185 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

### विकसित भारत प्रतियोगिता में करें प्रतिभाग

**चित्रकूट।** जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव-विकसित भारत युवा नेता संवाद के अंतर्गत विकसित भारत चैलेंज ट्रैक का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागी माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए क्विज व निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते है। विजयी प्रतिभागी राज्य स्तर पर और तृतीय चरण के विजेता प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव के अवसर पर विकसित भारत चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चतुर्थ चरण के अंतिम दौर में पहुंचने वाले प्रत्येक थीम के युवा प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

पंकज ऑटो मोबाइल्स
हमारे यहाँ Ace, Magic Maximo, Bolero, Scorpio, Pick-up, Tata Megha, Super Ace का स्पेयर पार्ट मिलते है। Maruti, Hyundai, Honda, Renault, Skoda, Nissan, Toyota, Ford, Chevrolet इन सभी कम्पनियों की गाड़ी का Suspention & Disc Pad & Break Rotor एवं स्पेयर पार्ट मिलते है।
15-C, 2nd Floor, Gulati Motor Market Gadarian Purwa, Kanpur
Whatsapp No. 8874837218

नवरात्रि, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बम्पर धमाका लोन एवं एक्सचेंज मेला
डाउन पेमेंट 19999*/- मात्र या एक्सचेंज ऑफर 0* डाउन पेमेंट पर
लोन की बेहतरीन सुविधाएं
- Low Down Payment
- कम ब्याज दर पर फाइनेंस
- No Cost EMI का विकल्प उपलब्ध
आसान फाइनेंस सुविधा
1 चार्ज पर 130 से 200 किमी रेंज
बैटरी की गारण्टी 3 वर्ष व 5 वर्ष तक
पुराना ई-रिक्शा लाओ नया ई-रिक्शा ले जाओ, बेहतरीन वैल्यू के साथ
MAYURI
के. आर. इण्टरप्राइजेज
Mob: 7398886766, 7398615366, 8318583760
बैटरियों पर फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।
पता - विकास नगर कपसेठी प्रयागराज रोड, कर्वी, चित्रकूट

# महिलाओं के बिना देश का विकास असंभव : प्रतिभा

- छात्राओं को सेनेटरी पैड बांटकर दी स्वास्थ्य की जानकारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं के बिना देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। वह गुरुवार को संस्था भानु प्रभात फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोल रही थीं।

गुरुवार को जेएम बालिका इंटर कालेज में भानु प्रभात फाउंडेशन और विकास पथ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क सेनेटरी पैड एवं फ्रूट जूस वितरण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि प्रतिभा कुशवाहा ने बालिकाओं को पढ़ लिखकर देश का नाम करने की प्रेरणा दी। किशोरियों को चाहिए कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें



इस मौके पर मौजूद छात्राएं। अमृत विचार





कार्यक्रम में मौजूद राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, ट्रस्टी भानु प्रताप व अन्य।

और अपने सपनों को पूरा करने के लिए साहसपूर्वक प्रयास करें। भानु प्रभात फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी भानु प्रताप ने बताया कि प्रोजेक्ट शक्ति के तहत पांच गांवों को गोद लेकर वहां जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। डा. प्रभाकर सिंह ने बालिकाओं को सहजन और मीठी नीम के पौधे घर-घर लगाने के लिए प्रेरित किया। महिला थाना प्रभारी नीलम देवी ने मिशन शक्ति की जानकारी दी। कार्यक्रम को महिला मोर्चा की महामंत्री विनीता द्विवेदी, डा. सोनम, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर उपासना श्रीवास्तव एवं शिखा प्रताप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कालेज संस्थापक जगमोहन सिंह, प्रधानाचार्य अनूप श्रीवास्तव, आदित्य सिंह, भानु प्रभात फाउंडेशन के सुरेश निगम, शिखा प्रताप, लवलेश सिंह, विनोद त्रिपाठी, किरण श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, जयाश्री, कविता विश्वकर्मा आदि मौजूद रहीं।

बैठक | डीएम ने बताए नियम और कायदे, पर्यटक जानेंगे यहां की संस्कृति

# होम स्टे नीति से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आशा जताई कि होम स्टे नीति से जिले में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। इसके साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को यहां के जीवन और संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

इस संबंध में गुरुवार को जिलाधिकारी सभा कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटन को नई दिशा देने और स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति लागू की है। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोज़गार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। बताया कि इसके तहत गृहस्वामी एक से छह कमरों तक की सुविधा पर्यटकों को उपलब्ध करा सकेंगे।





होम स्टे नीति के बारे में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी।

सभी पंजीकृत होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों में सीसीटीवी कैमरे एवं अग्नि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य होंगे। बताया कि पंजीकरण यूपी टूरिज्म के पोर्टल पर कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत से पर्यटन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल, अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### नीति के तहत घरों का पंजीकरण

- दो श्रेणियों में होगा। डीएम ने बताया कि ये श्रेणियां गोल्ड कैटेगरी, सिल्वर कैटेगरी हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन, पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रिया सरल और पारदर्शी तरीके से होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होमस्टे को विशेष बढ़ावा और अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी

### नीति से होने वाले लाभ

- उप निदेशक पर्यटन आरके रावत ने बताया कि इस नीति से स्थानीय संस्कृति का संरक्षण, लोककला, परंपराओं और जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए स्वावलंबन के नए अवसर खुलेंगे। पर्यटकों को गांव-कस्बों के वास्तविक आतिथ्य का अनुभव होगा। पर्यटन और तीर्थ स्थलों पर आवागमन बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

# 18 माह की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

- इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना बीते साल की

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** 18 माह की मासूम को सूखे नाले में ले जाकर दुराचार करने में दोषी को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई।

इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना 23 जून 2024 को मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके नौ बच्चे हैं। कुछ माह पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। घटना के दिन वह अपने बड़े बेटे की शादी के कार्ड बांटने गया था और उसके बच्चे घर पर थे। इस दौरान शराब के नशे में इतराज प्रसाद घर आया। वह उसकी 18 माह की बेटी को घर के बाहर से खेलते हुए उठाकर ले गया। सड़क किनारे सूखे नाले में लेजकार उसने उसके साथ दुराचार किया। बिटिया के रोने की आवाज पर गांव के अन्य लोग वहां पहुंचे तो आरोपी बेटी को छोड़कर भाग गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे बड़े बेटे ने उसे फोन से सूचना दी और वह बच्ची को लेकर थाने पहुंचा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी इतराज पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने गुरुवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी इतराज प्रसाद को आजीवन कारवास के साथ अर्थदंड से दंडित किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम VIJYI था मैं अपना नाम बदल कर VIJAY KUMAR रख लिया हूं इसी नाम से जाना व पहचान जाए। VIJAY KUMAR S/O-SURESH ADD-SEMGADHA KOLABHR MAJGAWN, DIST-SRAWASTI (U.P)

**सूचना**
पहले मेरा नाम JITENDRA KUMAR था मैं अपना नाम बदलकर JITENDRA KUMAR GAUTAM रख लिया हूं अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। JITENDRA KUMAR GAUTAM S/O-RAM AKSHEVAR, ADD-146A, SAHAB TARA JALALPUR DEHAT DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं MUNIR AHMAD MOHAMMAD SIDDIQ S/O MOHAMMAD SIDDIQ निवासी ग्राम व पोस्ट चिर्रा जिला बाराबंकी का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर MUNIR AHMAD रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री अनुष्का एंड एसोसिएट्स, 93, विजय नगर, कानपुर रोड, लखनऊ, टिन नम्बर-09552002873 का फार्म 38 संख्या-3034502 जारी दिनांक 01.05.2015 एवम फार्म C संख्या-09157790 जारी दिनांक 01.02.2017 खो गया है जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। - **प्रोपराइटर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम KARAM CHAND S YADAV था अब बदलकर KARAM CHAND YADAV हो गया है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **पता-ग्राम-फूलपुर पोस्ट-दारी चौरा थाना-उतरौला जनपद- बलरामपुर -271607 (उ0प्र0)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री अनुष्का एंड एसोसिएट्स, 93, विजय नगर, कानपुर रोड, लखनऊ, टिन नम्बर-09552002873 का फार्म 38 संख्या-3034502 जारी दिनांक 01.05.2015 एवम फार्म C संख्या-09157790 जारी दिनांक 01.02.2017 खो गया है जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। - **प्रोपराइटर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MAYA WATI K YADAV था अब बदलकर MAYAWATI YADAV हो गया है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-KARAM CHAND YADAV **पता-ग्राम-फूलपुर पोस्ट-दारी चौरा थाना-उतरौला जनपद-बलरामपुर- 271607 (उ0प्र0)**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 1231542248है वास्तव में खो गया है। जिस व्यक्ति को मिले इस पते पर पहुंचाने की कृपा करें। **गोविन्द प्रसाद पुत्र रामेश्वर प्रसाद, निवासी- ग्राम खमरखा पोस्ट नारायनपुर थाना कमासिन जिला बांदा**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231231943 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र कहीं खो गया है। **सौरभ पुत्र प्रमोद ग्राम कोलाहैबतपुर, पोस्ट-मेजरगंज, जनपद- रायबरेली, उत्तर प्रदेश। पिन-229128**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोहित पुत्र रामपाल को उनके गलत आचरण, व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपने मकान उपरोक्त व अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर अलग कर दिया है। उनके किसी भी प्रकार के कार्य से कोई लेना देना नहीं है वह अपने द्वारा किये गये कार्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **रामपाल पुत्र स्व. प्रभु दयाल निवासी- ग्राम व मोहल्ला मोहम्मदपुर, थाना चौबेपुर, जनपद कानपुर नगर।**

# अमृत विचार

शुक्रवार, 26 सितंबर 2025




एक उम्र के बाद हम वही चाहने लगते हैं, जो मिल सकता है।
–निर्मल वर्मा, हिंदी लेखक



# सिनेमा का गौरव सम्मान

भारतीय सिनेमा का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही गौरवपूर्ण भी है। इस उद्योग ने न केवल मनोरंजन के क्षेत्र में बल्कि समाज के सांस्कृतिक और भावनात्मक जीवन में भी गहरा प्रभाव छोड़ा है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह ने इस बात को और पुष्ट कर दिया कि भारतीय सिनेमा अपनी विविधता, रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों के कारण विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए इन पुरस्कारों ने यह भी साबित किया कि सिनेमा केवल पर्दे पर कहानियां कहने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को जोड़ने का सशक्त साधन भी है। इस बार मलयालम सिनेमा के महान अभिनेता मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की स्वीकृति है, बल्कि पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा के संघर्ष और उत्कर्ष की पहचान भी है। मोहनलाल ने अपने अभिनय से जिस तरह मानव जीवन की जटिलताओं, भावनाओं और संघर्षों को पर्दे पर उतारा, वह भारतीय सिनेमा की धरोहर है।

इसी अवसर पर शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। शाहरुख खान को फिल्म 'डंकी' और विक्रांत मैसी को '12वीं फेल' में उनके दमदार अभिनय के लिए सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार इस बात के प्रमाण हैं कि हिंदी सिनेमा की मुख्यधारा भी अब केवल व्यावसायिक सफलता पर निर्भर नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक संदेश और यथार्थपरक कथानक को भी महत्व देने लगी है। विक्रांत मैसी का सम्मान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी फिल्म '12वीं फेल' ने लाखों युवाओं की संघर्ष यात्रा को पर्दे पर उतार कर समाज को प्रेरित किया है। वहीं रानी मुखर्जी की फिल्मों ने महिला किरदारों को नई मजबूती दी है और यह दिखाया है कि नायिका केवल सहायक पात्र नहीं बल्कि कहानी की धुरी भी हो सकती है। राष्ट्रीय पुरस्कारों में क्षेत्रीय सिनेमा का योगदान भी उल्लेखनीय रहा। सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार 'कटहल' को मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का खिताब '12वीं फेल' ने जीता। यह दर्शाता है कि आज के फिल्मकार सामाजिक मुद्दों को गंभीरता से उठा रहे हैं और मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर रहे हैं। यही कारण है कि राष्ट्रपति ने भी अपने संबोधन में कहा कि फिल्मों का लोकहित में होना लोकतंत्र को और मजबूत बनाता है।

इन पुरस्कारों का एक और सकारात्मक पहलू यह है कि इससे कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है और वे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित होते हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित होता है कि दर्शकों को गुणवत्तापूर्ण सिनेमा मिले। पुरस्कार समारोह यह संदेश देता है कि प्रतिभा और मेहनत को कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता, चाहे वह किसी भी भाषा या क्षेत्र की फिल्म क्यों न हो। आज जब वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, तब ऐसे पुरस्कार न केवल कलाकारों की मेहनत का सम्मान करते हैं, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करते हैं।

## प्रसंगवश

# सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना के प्रतीक जुबीन दा



मनोरमा सिंह
स्वतंत्र पत्रकार

बीती 19 सितंबर को असम के गायक, संगीतकार और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक जुबीन गर्ग की मृत्यु ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। उनकी अंतिम यात्रा में गुवाहाटी की सड़कों पर लाखों लोगों की उमड़ी भीड़ असम के लोगों की अपने प्रिय कलाकार के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रेम को दर्शाती है। यह श्रद्धांजलि अपने आप में अद्वितीय थी, हाल के सालों में शायद ही किसी अन्य कलाकार के लिए इतनी विशाल और भावनात्मक भीड़ हमने भारत में देखी हो। जुबीन गर्ग की अंतिम यात्रा में गुवाहाटी में अनुमानित 10 लाख से अधिक लोग शामिल हुए, जो असम के इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना थी। उनकी मृत्यु के बाद, असम के हर कोने से लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने आए, अपने घरों से सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर आए, श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान सड़कें ठसाठस थीं। एक्स पर उनका नाम ट्रेंडिंग रहा, जिसमें लाखों पोस्ट्स में उनकी कला और सामाजिक योगदान की चर्चा हुई, लेकिन इस मौके पर कुछ लोग यह कह रहे हैं कि असमवासी अपने कलाकारों का सम्मान करना जानते हैं, जो अन्य राज्यों में कम दिखता है। यह तुलना न केवल अनुचित है, बल्कि यह जुबीन गर्ग की विरासत को भी कमतर करता है। जुबीन कोई सत्ता की गोद में बैठे हुए कलाकार नहीं थे। वो जोखिम उठाकर बोलने वाले इंसान थे, उन्होंने हर किसी को खुश करने के लिए चुप रहना या न्युट्रल होना भी नहीं चुना, उन्होंने जाति, धर्म और संप्रदाय से अपने को ऊपर रखा, साथ ही संकीर्णता, धर्मांधता, जाति गर्व, समुदाय गर्व जैसी छोटी सीमाओं को तोड़ते हुए अपनी कला को मानवता के लिए समर्पित किया। जुबीन दा केवल एक गायक या अभिनेता नहीं थे, वे असम की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का प्रतीक थे। उनके गीतों ने असमिया, बोडो, बंगाली और हिंदी भाषाओं में एकता का संदेश दिया। उनकी मृत्यु पर ऐसी भीड़ उमड़ना उनकी व्यक्तिगत और सामाजिक विरासत का परिणाम था, न कि केवल असम की संस्कृति का। उनकी जिंदगी और कला इस बात का प्रमाण है कि वे जनता के लिए जिए और जनता के लिए गाए। जाति और धर्म से परे 2019 में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में जुबीन दा ने कहा था मेरी कोई जाति नहीं, मेरा कोई धर्म नहीं मेरा कोई भगवान नहीं।

जुबीन ने नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए 2019) के खिलाफ खुलकर विरोध किया, सत्ता से ऊपर उठकर लोगों के साथ होकर कहा, मैं पहले असमिया, फिर भारतीय और फिर कलाकार हूं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और असम की पहचान के लिए भी आवाज उठाई। सत्ता के सामने नतमस्तक नहीं हुए और कहते रहे, मैं हर उस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाऊंगा जो किसी भी इंसान के जीवन को प्रभावित करता हो। असम के सीएम हिमंता बिस्वा शर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि में कहा "जुबीन असम की धड़कन थे, जुबीन असम की आत्मा थे, जिन्होंने हमें एकजुट किया"। आपको ये लकीर देखकर बात करनी होगी कि यह केवल एक कलाकार के प्रति प्रेम नहीं था या है, बल्कि उनकी मानवतावादी और सामाजिक विचारधारा के प्रति सम्मान था। जुबीन कोई सत्ता की कठपुतली नहीं थे, वे जनता के कलाकार थे, जिन्होंने हर वक्त लोगों की बात की। 15 अनाथ बच्चों के पिता थे, लगातार व्यापक सामाजिक सरोकारों के लिए काम करने वाले, फिर पूरा असम क्यों नहीं रोयेगा उनके लिए?

# फलस्तीन को मान्यता और इजराइल





नवीन गुप्ता
बरेली

गाजा में हमास पर हमले में आम नागरिकों की मौत से दुनिया के कई देशों में इजराइल के प्रति गहरी नाराजगी और गुस्सा है। खुद इजराइल में भी आए दिन लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हमले रोकने की मांग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कर रहे हैं। इन सबके बीच अब इजराइल की कूटनीति भी फेल होती जा रही है तो अमेरिका भी सहयोगी देशों के गुस्से से इजराइल को नहीं बचा पा रहा है। हालत यह है कि अमेरिका के मित्र राष्ट्र भी अब फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता दे रहे हैं। भारत और चीन तो बहुत पहले ही फिलीस्तीन को राष्ट्र मान चुके हैं। फ्रांस, पुर्तगाल, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और कनाडा का फलस्तीन को मान्यता देना पूरी दुनिया को चौंका रहा है। ये फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और आस्ट्रेलिया अमेरिका के बेहद करीबी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन देशों के प्रधानमंत्रियों पर फलस्तीन का समर्थन न करने के लिए दबाव भी बनाया था लेकिन उनका दबाव काम नहीं आया। फ्रांस द्वारा फलस्तीन को न सिर्फ मान्यता देना बल्कि, गाजा में इंटरनेशनल फोर्स तैनात किए जाने का सुझाव भी दिया है। फ्रांस के इस प्रस्ताव के पीछे कई कूटनीतिक, मानवीय और रणनीतिक कारण बताए जा रहे हैं।

फलस्तीन अभी संयुक्त राष्ट्र संघ में गैर सदस्य पर्यवेक्षक के रूप में है। उसे मतदान का अधिकार नहीं है। पर्यवेक्षक सदस्य का दर्जा 29 नवंबर, 2012 को प्रदान किया गया था। हालांकि संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलना बहुत आसान नहीं होता है। स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संयुक्त राष्ट्र में आवेदन किया जाता है। इस आवेदन को वहां से सुरक्षा परिषद के पास भेज दिया जाता है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से कम से कम नौ सदस्य देशों का समर्थन जरूरी है। इन 15 देशों में शामिल वीटो प्राप्त सभी पांच सदस्य मान्यता देंगे तब आवेदन को महासभा के पास भेजा जाता। वहां सभी 193 सदस्यों के बीच मतदान होता है। अगर दो तिहाई सदस्य इस आवेदन को समर्थन देते हैं तब किसी क्षेत्र को राष्ट्र की मान्यता मिलती है। फलस्तीन की तरफ से 2011 में मान्यता के लिए आवेदन किया गया था। वैसे तो 145 से अधिक देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। वीटो प्राप्त चीन और रूस ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ब्रिटेन ने भी मान्यता दे दिया है। फ्रांस ने मान्यता दे दिया है। इन वीटो प्राप्त इन चार देशों द्वारा मान्यता देने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र संघ से फलस्तीन को मान्यता नहीं मिल पाएगी, क्योंकि अमेरिका भी वीटो प्राप्त देश है जो कभी मान्यता नहीं देगा। अमेरिका के सहयोगी देशों द्वारा फलस्तीन को मान्यता देने से इजराइल नाराज है।

फलस्तीन अभी संयुक्त राष्ट्र संघ में गैर सदस्य पर्यवेक्षक के रूप में है। उसे मतदान का अधिकार नहीं है। पर्यवेक्षक सदस्य का दर्जा 29 नवंबर, 2012 को प्रदान किया गया था। हालांकि संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलना बहुत आसान नहीं होता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मान्यता के साथ ही उम्मीद जताई है कि इजराइल और फलस्तीन को शांतिपूर्ण भविष्य मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा है कि फलस्तीन को राज्य की मान्यता देना कनाडा और ब्रिटेन के साथ मिलकर किया गया कदम है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन देशों से नाराजगी जाहिर की है जिन्होंने फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना मतलब आतंकवाद को इनाम देने जैसा है। मेरे पास उन सभी नेताओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है जो फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं, खासकर 7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार के बाद तो आप आतंक को एक बहुत बड़ा इनाम दे रहे हैं।

फलस्तीन को बढ़ते समर्थन के साथ ही इजराइल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। ताबड़तोड़ बमबारी में हमास के लड़कों के साथ ही आम नागरिक भी मारे जा रहे हैं। आम नागरिकों तक खाद्य रसद नहीं पहुंच पा रही है। यही वजह है कि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, पुर्तगाल जैसे देशों के प्रमुख नाराज हैं और इस हमले को वे नरसंहार करार दे रहे हैं। सहयोगी देशों की बढ़ती नाराजगी को दूर करने का प्रयास भी इजराइल की ओर से नहीं किया जा जा रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने तो सबकुछ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर छोड़ दिया है। ट्रंप ने भी सहयोगी देशों से नाराजगी जाहिर की है। ताइवान, कोसोवो को भी अभी तक संयुक्त राष्ट्र की मान्यता नहीं मिल पाई है। ताइवान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र में हाल ही में बेलीज, एस्वातिनी, ग्वाटेमाला, मार्शल द्वीप समूह, पलाऊ, सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, तवालू समेत नौ देशों ने आवाज बुलंद की है। हालांकि चीन की कूटनीति इतनी मजबूत है कि फलस्तीन जैसा समर्थन ताइवान को नहीं मिल पा रहा है। चीन लगातार ताइवान पर कब्जे की धमकियां देता रहता है। आए दिन अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा में भेजता है। इससे दोनों देशों में तनाव बढ़ता है।

अमेरिका का ताइवान को खुला समर्थन है। दोनों देशों में व्यापक स्तर पर रक्षा समझौता भी है। इससे चीन, अमेरिका से नाराज रहता है और वह अमेरिका के सहयोगी देश इजराइल के विरुद्ध फलस्तीन को पहले ही मान्यता दे चुका है। चीन और रूस अंदरखाने ही फलस्तीन के पक्ष में दूसरे देशों को लामबंद भी कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका को पता है कि दुनिया के सभी देश भले ही मान्यता दे दें अगर वह नहीं देगा तो एक स्वतंत्र देश के रूप में फलस्तीन विश्व मानचित्र पर नहीं दिखेगा क्योंकि अमेरिका वीटो पावर देश है। इसलिए उसका समर्थन भी फलस्तीन के लिए जरूरी है। इसीलिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन और पेरू के प्रमुखों से समर्थन न देने के लिए अपील तो की लेकिन दबाव नहीं डाला। हालांकि इजराइल को भी पता है कि वह बदलते वैश्विक परिदृश्य में वह अलग-थलग होता जा रहा है जो उसके लिए ठीक नहीं है।

## आमने सामने



गौ भक्त होने का दावा करने वाली बीजेपी और मध्य प्रदेश सरकार ने गौ मांस पर जीएसटी शून्य यानी टैक्स फ्री कर दिया है। जीएसटी में गाय पर जीरो प्रतिशत टैक्स बताता है कि बीजेपी की कथनी और करनी में कितना अंतर है। गौ भक्त मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे अब अपना धर्म निभाएं।
–जीतू पटवारी, कांग्रेस अध्यक्ष, मध्य प्रदेश

गौ माता को कोई परेशान भी करेगा तो हमारी सरकार में उसे जेल में डाल दिया जाएगा। सख्त कानून है प्रदेश में। हमने कई ट्रक और गाड़ियां जब्त की हैं, जिनमें गौवंश की तस्करी की जा रही थी, जब इन्हें पकड़ते हैं तो कांग्रेस हाय रे हाय रे चिल्लाते हैं। असल में कांग्रेस को गौ माता से कोई लेना देना नहीं है।
–डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश



# भारतीय भाषाओं का बढ़ता प्रभाव व प्रसार



प्रोफेसर मीना यादव
बरेली कॉलेज




भारत गणराज्य में बोली जाने वाली भाषाएं कई भाषा परिवारों से संबंधित हैं, जिनमें से प्रमुख हैं 78.05% भारतीयों द्वारा बोली जाने वाली इंडो-आर्यन भाषाएं और 19.64% भारतीयों द्वारा बोली जाने वाली द्रविड़ भाषाएं। दोनों परिवारों को एक साथ कभी-कभी इंडिक भाषाओं के रूप में जाना जाता है। शेष 2.31% आबादी द्वारा बोली जाने वाली भाषाएं ऑस्ट्रोएशियाटिक और कुछ अन्य छोटे भाषा परिवारों से संबंधित हैं। हिंदी इंडो-आर्यन भाषा परिवार का हिस्सा है। उत्तर भारत में हिंदी भाषा का वर्चस्व है, जबकि दक्षिण में द्रविड़ भाषाओं का। स्वाभाविक रूप से जब भाषाएं अलग हैं, तो उनकी भी भिन्न होगी। दोनों वर्गों में सामंजस्य के लिए बड़े परिवार अर्थात हिंदी भाषीय क्षेत्र को पहल करनी होगी।

जब हिंदी भाषी राज्यों में दक्षिण भारतीय भाषाओं का सम्मान होगा, तभी दक्षिण में हिंदी के प्रचार प्रसार को गति मिलेगी और दक्षिण भारत के राज्यों मीं हिंदी के प्रति कटुता कम होगी। तभी वे हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने में सहज होंगे। साथ ही उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान व्यापार को भी बढ़ावा देगा और औद्योगिक क्षेत्र को भी गति मिलेगी। आंतरिक एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी भारत में प्रवास का इतिहास लंबा एवं विविध है, जिसमें लोग रोजगार, व्यापार व सांस्कृतिक कारणों से देश और विदेश में स्थानांतरित होते रहे हैं।

प्रवासी अनुभव केवल अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है। भारत जैसे सांस्कृतिक एवं भाषाई विविधता वाले देश में आंतरिक प्रवास भी 'प्रवासी' अनुभव को जन्म देता है। प्रवासी उन लोगों को कहते हैं, जो अपनी मूल संस्कृति, भाषा या पहचान को बनाए रखते हुए किसी अन्य क्षेत्र या देश में रहते हैं। देश के भीतर एक सांस्कृतिक या भाषाई क्षेत्र से दूसरे में स्थानांतरण, जैसे- ओडिशा के मजदूरों का गुजरात में 'विदेश' कहलाना, आंतरिक प्रवास का उदाहरण है। विदेशों में बसने वाले भारतीय, जैसे-अमेरिका में तेलुगु समुदाय या मॉरीशस में भारतीय मूल के लोग अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी की श्रेणी में आते हैं। सभी प्रवासी समुदाय अपनी भाषा, संस्कृति एवं परंपराओं को बनाए रखने के लिए संगठन बनाते हैं, जैसे-बंगाली समाज, पंजाबी समाज, मराठी संगठन या गुजराती समाज। भारत की आंतरिक प्रवासी आबादी 10 करोड़ से अधिक है जो अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी आबादी से तीन गुना अधिक है।

भारत की प्रमुख भाषाओं (पंजाबी, मलयाली, तमिल आदि) के आधार पर प्रवासी आबादी का अनुमान लगाया गया। भारत की कुल प्रवासी आबादी 100 मिलियन से अधिक है, जिसमें आंतरिक प्रवासी (70 मिलियन से अधिक) अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी (30 मिलियन) से कहीं अधिक हैं। पंजाबी, मलयाली एवं तमिल भाषी समुदाय सर्वाधिक फैले हुए हैं (10% से अधिक)। हिंदी भाषी प्रवासी सबसे बड़ा समूह (39.9 मिलियन) है, किंतु उनकी कुल आबादी के अनुपात में कम फैले हुए (7.5%)। मराठी, कन्नड़ एवं बंगाली कम फैले हुए हैं। मलयाली और तमिल को छोड़कर सभी प्रमुख भाषा समूहों की आंतरिक प्रवासी आबादी अंतर्राष्ट्रीय से बड़ी है। भारत के दस सबसे बड़े शहरों में एक-तिहाई आंतरिक प्रवासी रहते हैं। प्रवासी समुदाय अपनी परंपराओं (दुर्गा पूजा, गणपति उत्सव) और भोजन को देश एवं विदेश में प्रसारित करते हैं।

भारत की प्रमुख भाषाओं (पंजाबी, मलयाली, तमिल आदि) के आधार पर प्रवासी आबादी का अनुमान लगाया गया। भारत की कुल प्रवासी आबादी 100 मिलियन से अधिक है, जिसमें आंतरिक प्रवासी (70 मिलियन से अधिक) अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी (30 मिलियन) से कहीं अधिक हैं।

वर्ष 2024 में, बाह्य प्रवासियों द्वारा देश को 129.1 बिलियन डॉलर का उल्लेखनीय धन प्रेषण प्राप्त हुआ है, जो किसी भी देश के लिए एक वर्ष में होने वाला सर्वाधिक धन प्रेषण है और वैश्विक धन प्रेषण का 14.3% था। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इस क्षेत्र में भारत के प्रभुत्व को रेखांकित करती है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में धन प्रेषण का योगदान 3.3% है, जो भारतीय परिवारों को महत्त्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। भारतीय उद्यमों को वैश्विक बाजारों से जोड़कर और सहयोग को बढ़ावा देकर, प्रवासी समुदाय भारत के व्यापार परिदृश्य को समृद्ध बनाता है, तथा देश को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर करता है। प्रवासी भारतीय, भारत की वैश्विक पहचान के स्तंभ हैं, जो देश की संस्कृति और अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, क्योंकि हिंदी भाषीय प्रवासी भारतीयों की संख्या सर्वाधिक है। देश के आर्थिक संवर्धन में भी हिंदी भाषीय आंतरिक और बाह्य प्रवासियों का सर्वाधिक योगदान है।

## सोशल फोरम

# जड़ निकला आलू हो सकता है नुकसानदेह



डॉ. आलोक खरे
शिक्षक

आलू हमारी रसोई का सबसे आम और पसंदीदा सब्जी है। पर क्या आप जानते हैं कि जिस आलू में थोड़ी सी जड़ निकल गई हो, उसे खाना आपके लिए खतरे की घंटी हो सकता है? हां, यह बात सच है। अक्सर लोग आलू में जड़ निकलते ही इसे काटकर डाल देते हैं या छीलकर खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन इसमें छुपा होता है एक जहरीला तत्व, जिसे सोलानिन कहते हैं।

सोलानिन एक प्राकृतिक जहर है जो आलू, टमाटर और बैंगन जैसी कुछ सब्जियों में पाया जाता है। जब आलू में जड़ निकलती है या वह हरा पड़ जाता है, तो इसके अंदर सोलानिन की मात्रा बढ़ जाती है। यह शरीर के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकता है। अगर गलती से आप ऐसे आलू खा भी लेते हैं, तो इसके असर धीरे-धीरे या तुरंत दिख सकते हैं। सबसे आम लक्षण पेट में दर्द, गैस और उल्टी होना। कुछ लोगों को हल्का या तेज सिर दर्द और चक्कर भी आ सकता है। शरीर में अचानक कमजोरी या थकान महसूस हो सकती है। बहुत ज्यादा खाया तो दिल की धड़कन तेज या अनियमित हो सकती है।

आलू में सोलानिन का स्तर जड़ निकलने या हरे होने पर ज्यादा बढ़ जाता है। यह पौधे के लिए खुद की सुरक्षा का तरीका है, ताकि कीड़े और जानवर इसे न खा सकें, लेकिन जब हम इसे खाते हैं, तो यही जहर हमारे शरीर में प्रवेश कर जाता है। आलू की जड़ें देखें, जो बाहर निकलें या हल्की हरी रंगत दिखे। आलू का छिलका अगर हरा या अजीब दिखे, तो उसे मत खाएं। छोटी जड़ों वाले आलू भी खतरनाक हो सकते हैं, इसलिए थोड़ा भी खतरा दिखे तो छोड़ दें।

आलू की ताजगी पर ध्यान दें। आलू हमेशा ठंडी, सूखी और अंधेरी जगह पर रखें। हरे या जड़ वाले आलू न खाएं। अगर आलू में जड़ निकल गई हो, तो उसे न काटें, सीधा फेंक दें। छोटे बच्चों और बुजुर्गों से दूर रखें। ये लोग ज्यादा संवेदनशील होते हैं। कभी-कभी हल्का हरा दिखे तो वह भी सोलानिन का संकेत हो सकता है। अगर आलू में बहुत हल्की हरी जगह हो, तो उसे पूरी तरह काटकर फेंक दें। पकाने से सोलानिन पूरी तरह खत्म नहीं होता, इसलिए ऐसे आलू खाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। दिखने में छोटा सा आलू, जिसकी बस जड़ थोड़ी बाहर निकली हो, हमारे लिए बड़ा खतरा बन सकता है। ऐसे आलू को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# तालाबों के खात्मे ने बढ़ाई है बाढ़ की विभीषिका



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अनुमान है कि इस वर्ष बाढ़ और भू-स्खलन से डेढ़ लाख करोड़ रुपयों की धनराशि के बराबर मूल्य की संपदा और फसलों की हानि हुई है। इसमें जानी नुकसान शामिल नहीं है। बाढ़ हमेशा नहीं आती, लेकिन जब भी आती है और इसके बीच में जो वर्षों का समय-अंतराल होता है, उस बीच जमीन की सतह में बलाव पड़े पैमाने पर हो चुके होते हैं। पानी के कुदरती बहाव के रास्ते पहले से बने हुए हैं। नदियों और नालों के कुदरती निर्माण से यह बात स्पष्ट होती है। कुदरत ने पानी की निकासी के रास्ते खुद बना लिए हैं।

जरूरत है कुदरत द्वारा खुद बनाए हुए इन प्रवाह मार्गों का सम्मान करना। इसकी गति को बाधित करके उसे और ताकतवर बना देते हैं। यह ताकत मनुष्य निर्मित निर्माणों को भी एक दिन कमजोर कर देती है। पानी की निकासी न होने से वृक्ष और झाड़ सूख कर तबाह हो जाते हैं। खेती वाली भूमि की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है और भूमिगत जलस्तर ऊपर उठने से भवनों को नुकसान होता है। पक्के सड़क मार्ग धंसने लगते हैं। बिजली की पॉवर लाइन्स की देखभाल कठिन हो जाती है। रेलवे लाइन्स और हाइवेज तो बनाने ही होंगे और रिहायशी निर्माण भी पानी के स्रोत से अधिक दूर नहीं बनाए जा सकते।

भारत में इसका एक बढ़िया हल हमारे बुजुर्गों ने तलाशा था। वह है तालाब बनाना। देखा गया है कि सन 1900 के आसपास मुल्क में जितने तालाब थे, उनकी गणना अंग्रेजों ने की थी। इनका रकबा भी मापा गया था और इनके कैचमेंट एरिया को ग्रामीण वनक्षेत्र के रूप में छोड़ा गया था। इस बारे में पूरी जानकारी जिला गजेटियरों और सेटलमेंट रिपोर्ट्स में छापी गई थी। अब ये दस्तावेज ही पुस्तकालयों से गायब कर दिए गए हैं। अगर हैं भी तो इन्हें नए जमाने के इंजीनियर पढ़ते नहीं है।

अगले 100 साल के दौरान अर्थात सन 2000 तक हमने मुल्क के आधे तालाब उपेक्षित कर दिए। बाकी के आधे में से तीन चौथाई गंदे पानी के स्टोर बन गए और बाकी के पाट दिए गए, जिन पर या तो पार्क बन गए, या स्कूल या कालोनियां काट दी गईं। देश में वर्षा जल की काफी मात्रा इन तालाबों में जमा होती थी। इनकी गाद नहीं निकाली जाएगी तो इनकी स्टोरेज क्षमता घटने से पानी आसपास की भूमि पर फैलेगा। यह ज्ञान किसी किताब के जरिए देने की जरूरत नहीं, क्योंकि सभी को समाज से ही मालूम होता है।

जब से तालाबों का प्रबंधन समाज के हाथ से निकलकर पंचायतों और पीडब्लूडी को दिया गया, तभी से तालाब खराब होने शुरू हो गए। तालाबों की काया को अमृत सरोवर परियोजना ने बिलकुल बर्बाद कर दिया है। बाढ़ राहत के लिए तीन-चौथाई पैसा तो पीड़ितों के काम आता है और एक-चौथाई अधिकारी और नेता हजम कर जाते हैं। इस एक चौथाई अंश को अगर समाज को दिया जाए तो वे तालाबों का जीर्णोद्धार पारंपरिक पद्धति से कर लेंगें।

यह पैसा गांव के बड़े-बुजुर्ग या रिटायर हुए फौजी को दिया जाना चाहिए, जो अपनी निगरानी में पारंपरिक समझ से न केवल तालाब के आगार बल्कि इसके आगौर की देखभाल करवाए। इस काम को साफ-सुथरे स्वाभाव वाली ग्रामसभा ही करवा सकती है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह कि जैसे हालत बने हैं और बनेंगे, उसके चलते बाढ़ की विभीषिका बढ़ेगी। राहत के लिए अधिक धनराशि की जरूरत पड़ेगी। लोग स्थानांतर करेंगे अर्थात सुरक्षित जगहों पर आबादी बढ़ेगी और जान माल का नुकसान पहले से अधिक व्यापक असर वाला होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# हर किसी को जानना चाहिए दुनिया बदलने वाली इन खोजों के बारे में



हर सुबह जब सूरज उगता है, तो उसके साथ इंसानी जिज्ञासा भी एक नई दिशा में निकल पड़ती है। आज विज्ञान सिर्फ प्रयोगशालाओं की बात नहीं, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन, करियर और भविष्य से जुड़ा हुआ सच है। हाल में विज्ञान की दुनिया में कई रोमांचक, क्रांतिकारी और उम्मीदों से भरी खोजें सामने आई हैं। ये खोजें सिर्फ तकनीक नहीं ला रहीं, बल्कि इंसानी जिंदगी को नए मायनों में परिभाषित कर रही हैं। इसलिए इनके बारे में हर किसी को जानना चाहिए।



## जीन एडिटिंग की क्रांति

- आज हम तकनीक की मदद से वैज्ञानिक डीएनए में गड़बड़ियों को ऐसे ठीक कर पा रहे हैं जैसे कंप्यूटर कोड में बग हटाते हैं। 2025 में सिकल सेल, थैलेसीमिया और कुछ कैंसर जैसे रोगों के इलाज में जीन एडिटिंग की भूमिका निर्णायक हो रही है। यह सिर्फ चिकित्सा नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को पुनर्परिभाषित करने का युग है। इसलिए जैव प्रौद्योगिकी और नैतिक विज्ञान की इस जटिलता को समझना चाहिए।



## ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस

- अब कंप्यूटर सिर्फ हाथों से नहीं, दिमाग से भी चल रहा है। न्यूरोटेक्नोलॉजी ने ऐसे इंटरफेस बनाए हैं, जो लकवे से पीड़ित व्यक्ति को फिर से चलना, बोलना और संवाद करना सिखा सकते हैं। न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स के इलाज में ये एक नई आशा की किरण हैं।



## स्मार्ट मटीरियल्स

- अब वैज्ञानिक ऐसी सामग्रियां बना रहे हैं, जो अपने आप रिपेयर होती हैं, तापमान या दबाव के अनुसार रंग या रूप बदलती हैं और जिनका उपयोग अंतरिक्ष से लेकर मोबाइल स्क्रीन तक हो रहा है। हर इंजीनियर, वास्तुकार और डिजाइनर को मैटेरियल साइंस की इन संभावनाओं से परिचित होना चाहिए।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सुपर युग

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ वर्चुअल असिस्टेंट या चैटबॉट तक सीमित नहीं रह गई है। एआई अब शोधकर्ता, शिक्षक और डॉक्टर के रूप में उभर रहा है। बड़े भाषा मॉडल्स (जैसे जीपीटी) अब संदर्भ समझते हैं, विश्लेषण करते हैं और ऐसे क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं, जो पहले इंसानी सोच की परिधि में ही आते थे। मेडिकल डायग्नोसिस, न्यायिक विश्लेषण और यहां तक कि कला रचना में भी एआई की भूमिका उल्लेखनीय हो चुकी है। एआई आने वाले समय की सबसे बड़ी शक्ति है। इससे जुड़ी समझ रखना किसी को भी तकनीकी रूप से सक्षम और नैतिक दृष्टिकोण से सतर्क बनाएगा।

## चांद और मंगल: अब केवल कविताओं में नहीं



अंतरिक्ष विज्ञान हमारी जिज्ञासा जगाता है। यह भविष्य की तकनीक, संचार और ऊर्जा प्रणालियों के लिए नई जमीन तैयार करता है। नासा का आर्टेमिस मिशन, यूरोपीय और भारतीय स्पेस एजेंसियों के रोवर और जेम्स वेब टेलीस्कोप मिलकर ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर कर रहे हैं। मंगल की सतह, चंद्रमा के ध्रुव और दूरस्थ गैलेक्सियां अब मानव समझ के दायरे में आ रही हैं।

## क्वांटम कंप्यूटिंग



क्वांटम कंप्यूटर अब विज्ञान गल्प नहीं रह गए हैं। कई स्टार्टअप्स और शोध संस्थान ऐसे क्वांटम सिस्टम पर काम कर रहे हैं, जो दवा विकास, जटिल गणनाओं और एनक्रिप्शन तोड़ने जैसे कार्यों को चुटकियों में कर सकते हैं। इनमें स्थिर क्यूबिट्स, कम त्रुटि दर और बेहतर क्वांटम एल्गोरिदम विकसित किए जा चुके हैं। कंप्यूटर साइंस और फिजिक्स में रुचि रखने वालों के लिए यह एक रोमांचक क्रांति है, जो करियर और शोध की नई राहें खोलती है।

## ग्रीन एनर्जी और सुपर बैटरियां



जलवायु परिवर्तन के युग में सस्टेनेबल ऊर्जा ही एकमात्र रास्ता है। इसका तकनीकी और पर्यावरणीय पक्ष समझना बेहद जरूरी है। ऊर्जा क्रांति अपने चरम पर है। सॉलिड-स्टेट बैटरियां अब सिर्फ प्रयोग नहीं, बल्कि व्यावसायिक रूप ले चुकी हैं। ये बैटरियां जल्दी चार्ज होती हैं, ज्यादा सुरक्षित हैं और लंबी चलती हैं। साथ ही सोलर और विंड पैनल्स पहले से ज्यादा कुशल हो गए हैं।

## जलवायु परिवर्तन पर वैज्ञानिक हमला

- कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, सौर विकिरण प्रबंधन और जलवायु मॉडलिंग की मदद से इंसान धरती को बचाने की ठोस कोशिशें कर रहा है। यह हममें से हर किसी की जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरणीय संकट को समझे और समाधान में सहभागी बने।

- **पर्सनल मेडिसिन- हर किसी के लिए अलग दवा** : हर इंसान की बायोलॉजी अलग होती है, इसलिए दवा भी अलग होनी चाहिए। जीनोमिक्स और फार्माकोजेनेटिक्स अब इस दिशा में इलाज को बिल्कुल पर्सनल बना रहे हैं, जिससे इलाज और ज्यादा सटीक और सुरक्षित हो रहे हैं।
- **गहरे समुद्र के रहस्य और समाधान :** पृथ्वी की 70 प्रतिशत सतह को समझना, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए अनिवार्य है। इसलिए समुद्र विज्ञान ने गहराई से खोज की जा रही है। नई प्रजातियां, जलवायु पर महासागरों का असर और ब्लू इकोनॉमी के लिए नए अवसर खोजे जा रहे हैं।



लेखक
राजेश जैन

## काम की बात

### व्हॉट्सऐप ट्रांसलेशन फीचर

अब व्हॉट्सऐप चैट में भाषा की दीवार बाधा नहीं बनेगी। हाल ही में व्हॉट्सऐप ने एक क्रांतिकारी फीचर लॉन्च किया है, जो दुनियाभर के तीन अरब से ज्यादा यूजर्स को भाषा की बाधा से मुक्त करेगा। व्हॉट्सऐप ट्रांसलेशन फीचर के माध्यम से व्हॉट्सऐप चैट्स को सीधे ऐप के अंदर ही ट्रांसलेट किया जा सकता है, वो भी बिना किसी अन्य पार्टी टूल की मदद से। व्हॉट्सऐप के इस इन-ऐप ट्रांसलेशन फीचर के जरिए अब व्हॉट्सऐप चैट मैसेज को 19 भाषाओं में तुरंत ट्रांसलेट किया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कि यह फीचर कैसे काम करता है और क्या हैं इसके फायदे-



### एंड्रॉइड में मिलेगा ऑटोमैटिक ट्रांसलेशन का विकल्प

- एंड्रॉइड यूजर्स के लिए एक खास सुविधा है। एंड्रॉइड में पूरे चैट थ्रेड के लिए ऑटोमैटिक ट्रांसलेशन ऑन कर सकते हैं। इससे हर नया मैसेज तुरंत चुनी गई भाषा में ट्रांसलेट हो जाएगा।

### प्राइवेसी

- व्हॉट्सऐप का यह फीचर पूरी तरह से डिवाइस पर प्रोसेस होता है। यानी मेटा या व्हॉट्सऐप आपके ट्रांसलेटेड मैसेज को एक्सेस नहीं कर सकते। यह व्हॉट्सऐप की एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन नीति के अनुरूप है?

### यूजर्स तक पहुंचने में लग सकता कुछ समय

- इस फीचर का लाभ का सभी एंड्रॉइड और आई-फोन यूजर्स तक पहुंचने में कुछ समय लग सकता है। व्हॉट्सऐप ने अभी तक सभी भाषाओं के लिए टाइमलाइन साझा नहीं की है, लेकिन ऐप को अपडेट रखना जरूरी है ताकि यह फीचर जल्दी मिले।

- यूजर को किसी मैसेज पर लॉन्ग प्रेस करना होगा और फिर 'ट्रांसलेट' के ऑप्शन को चुनना होगा।
- आई-फोन यूजर्स को 19 से ज्यादा भाषाओं का सपोर्ट मिलेगा, जबकि एंड्रॉइड मोबाइल फोन यूजर्स को शुरुआत में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश, पुर्तगाली, रूसी, अरबी) का विकल्प मिलेगा।
- एक बार भाषा पैक डाउनलोड हो जाने पर, भविष्य के मैसेज भी उसी भाषा में ट्रांसलेट होंगे।

## नए उत्पाद गैजेट

### रेडमी ने लॉन्च किया 6000 एमएएच बैटरी वाला सस्ता फोन

- चाइनीज टेक कंपनी रेडमी ने एक नया मॉडल रेडमी 15 आर 5 जी लॉन्च किया है। फिलहाल कंपनी ने यह मॉडल चीन में लॉन्च किया है। रेडमी ने अपने इस नए मॉडल को 6000 एमएएच की बैटरी और मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 चिपसेट के साथ लॉन्च किया है। इस में यूजर्स को 12 जीबी रैम और 256 जीबी तक स्टोरेज ऑप्शन मिलेगा। साथ ही इसमें 6.9 इंच का डिस्प्ले और कई सारे फीचर्स दिए गए हैं। चलिए जानते हैं इस नए मॉडल में मिलने वाले फीचर्स और कीमत के बारे में।
- रेडमी 15आर 5 जी को कंपनी ने पांच वेरिएंट में लॉन्च किया है। जिसमें 4जीबी+128 जीबी, 6 जीबी +128 जीबी, 8 जीबी +128 जीबी, 8 जीबी +256 जीबी और 12 जीबी +256 जीबी ऑप्शन शामिल है। कीमत कि बात करें तो बेस वेरिएंट की कीमत चीन में 13,000 रुपये है। वहीं, अन्य वेरिएंट की कीमत चीन में लगभग 19000 रुपये। चीन में क्लाउडी व्हाइट, लाइम ग्रीन, शैडो ब्लैक और ट्वाइलाइट पर्पल चीनी से अनुवादित कलर्स ऑप्शन में इसे लॉन्च किया गया है।




#### फीचर

रेडमी 15आर 5 जी में 120 एचजेड तक रिफ्रेश रेट, 240 एचजेड टच सैंपलिंग रेट और 810 एनआईटी पीक ब्राइटनेस के साथ 6.9-इंच डिस्प्ले दिया गया है। परफॉर्मेंस के लिए एक ऑक्टा कोर मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 चिपसेट दिया गया है, जिसे 12 जीबी एलपीडीडीआर 4 एक्स रैम और अधिकतम 256 जीबी यूएफएस 2.2 स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है। यह एंड्रॉइड 15 पर आधारित हाइपर ओएस 2 इंटरफेस पर चलता है। कैमरे कि बात करें तो रेडमी 15आर 5जी में 13 एमपी का रियर कैमरा और 5एमपी का फ्रंट-फेसिंग कैमरा दिया गया है। वहीं, रेडमी 15आर 5जी धूल और पानी प्रतिरोध के लिए आईपी 64 रेटिंग से लैस है। रेडमी 15 आर 5 जी में 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 33 डब्लू वायर्ड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट कर ती है।

## इंटरनेट ऑफ थिंग्स बना रहा नई दुनिया

तेजी से बदलती दुनिया में इंटरनेट ऑफ थिंग्स एक ऐसे गेम चेंजर के रूप में सामने आ रहा है, जो हमारे रोजमर्रा के जीवन को बदलने के साथ भविष्य में एक स्मार्ट, कुशल और वेल कनेक्टेड समाज की राह तैयार कर रहा है। टेक्नोलॉजी के इस विकास में कई गैजेट्स को नेटवर्किंग के जरिए एक साथ जोड़ा जाता है। इससे सभी गैजेट्स एक दूसरे को डाटा ट्रांसफर करके इंटीग्रेटेड रहते हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स ने स्मार्ट घरों से लेकर मरीजों को सशक्त बनाने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और सुरक्षित परिवहन से लेकर औद्योगिक उत्पादकता लाभ तक लगभग सभी क्षेत्रों में क्रांति जैसी कर दी है। स्मार्ट रिटेल, स्मार्ट बैंकिंग, स्मार्ट कृषि, स्मार्ट होम, स्मार्ट सिटी या यूं कहें कि हर कहीं जहां भी स्मार्ट शब्द जुड़ता है, उसका मतलब इंटरनेट ऑफ थिंग्स एप्लिकेशन से है। इसमें स्मार्ट शहरों और कारों से लेकर स्मार्ट स्टेथोस्कोप और कुत्तों के कॉलर तक शामिल हैं।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स के उदाहरणों में स्मार्ट होम डिवाइस जैसे स्मार्ट थर्मोस्टैट, स्मार्ट रेफ्रिजरेटर, स्मार्ट लाइटें, स्मार्ट हेल्थकेयर गैजेट (फिटनेस ट्रैकर, कनेक्टेड एमआरआई मशीनें), स्मार्ट कृषि उपकरण, कनेक्टेड कारें और स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं, जिनमें तकनीकी उपकरण इंटरनेट से जुड़कर डेटा का आदान-प्रदान और आपस में संवाद करके हमारे जीवन को अधिक बेहतर व सुविधाजनक बना सकते हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स डिवाइसेज, जैसे स्मार्ट सेंसर, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट तक में उपयोग हो रहे हैं। ये सेंसर ऊर्जा खपत, सुरक्षा और रखरखाव की निगरानी करते हैं। इसकी मदद से स्मार्ट होम सिस्टम्स खरीदारों को घर की लाइटिंग, तापमान और सुरक्षा को मोबाइल ऐप से नियंत्रित करने की सुविधा देते हैं। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि अगर कभी आप बिना टीवी और दरवाजे बंद किए घर से बाहर निकल जाते हैं तो स्मार्ट घर का कम्बाइंड आर्टिफिशियल ब्रेन इस बात को सेंस कर लेगा और घर के दरवाजे तथा टीवी को बंद कर देगा। इस बात की जानकारी आपके फोन पर भी आ जाएगी। इसी तरह आज आप अपने स्मार्ट फोन से रसोई के उपकरणों, हीटिंग और लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, गर्म और ठंडे पानी नल जैसी बहुत सारी चीजों की निगरानी और नियंत्रण कर सकते हैं। अगर आपके उपकरण एप्पल होम या अमेजन होम कनेक्ट से जुड़े हैं, तो आप एलेक्सा या सीसी का इस्तेमाल करके उन्हें अपनी आवाज से भी नियंत्रित कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में सेंसरों से प्राप्त रीडिंग और अलार्म घर में लगे कंट्रोलर तक आते हैं, फिर इंटरनेट या बैटरी चालित सेलुलर कम्युनिकेटर के माध्यम से क्लाउड तक पहुंचते हैं। क्लाउड आपको घर में किसी भी अप्रिय गतिविधि की फोन या कंप्यूटर ऐप के जरिए सूचित कर देता है। ऐप की मदद से कैमरों की जांच करके आप पता लगा सकते हैं कि घर में क्या और कहां हो रहा है। इसी तरह स्मार्ट रेफ्रिजरेटर में कई ऐसी सुविधाएं होती हैं, जिन्हें आप स्मार्ट फोन ऐप से नियंत्रित कर सकते हैं। ऐसी सुविधाओं में फ्रिज में लगे कैमरे भी होते हैं, जिनसे आप अंदर मौजूद चीजों पर नजर रख सकते हैं और एक टचस्क्रीन भी है, जिस पर आप रेसिपी देख सकते हैं या खरीदारी की सूची बना सकते हैं।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स में कई स्मार्ट कंप्यूटर जैसे उपकरण आज बहुत आम हैं, जो इंटरनेट से जुड़ सकते हैं या वायरलेस नेटवर्क के माध्यम से परस्पर क्रिया कर सकते हैं। इनमें फोन, उपकरण, थर्मोस्टेट, प्रकाश व्यवस्था, सिंचाई प्रणालियां, सुरक्षा कैमरे, वाहन, यहां तक कि जानवर और शहर तक शामिल हैं। आज स्मार्ट घड़ियां व्यायाम और कदमों पर नजर रखती हैं, स्मार्ट स्पीकर खरीदारी की सूची में आइटम जोड़ते हैं और लाइटें चालू और बंद करते हैं। ट्रांसपोंडर कारों को टोल बूथ से गुजरने और इलेक्ट्रॉनिक रूप से शुल्क का भुगतान करने की अनुमति देते हैं।



- स्मार्ट तकनीक जीवन के हर पहलू को तेजी से कर रही प्रभावित
- मोबाइल और कंप्यूटर से निकलकर इंटरनेट पहुंच रहा डिवाइस में
- भविष्य को मिल रहा नया आकार, हजारों उपकरण जुड़ेंगे एक नेटवर्क से

### इंटरनेट ऑफ थिंग्स के कुछ उदाहरण

- कनेक्टेड कारें
- स्मार्ट उपकरण
- कनेक्टेड सुरक्षा प्रणाली
- स्मार्ट कृषि उपकरण
- कनेक्टेड रिटेल बाजार
- कनेक्टेड हेल्थकेयर मॉनिटर
- स्मार्ट जुड़े हुए शहर

**27** अरब तक पहुंच जाएगी इस साल के अंत तक कनेक्टेड डिवाइसों की संख्या

लेखक- मनोज त्रिपाठी
वरिष्ठ पत्रकार

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,159.68 | 24,890.85 |
| गिरावट | 555.95 | 166.05 |
| प्रतिशत में | 0.68 | 0.66 |

सोना- 1,17,370 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1.40,000 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आवासीय मांग 9% घटने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष सात शहरों में मकानों की बिक्री जुलाई-सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 97,080 इकाई रहने का अनुमान है। हालांकि मूल्य के हिसाब से लेनदेन 14% बढ़कर 1.52 लाख करोड़ हो सकता है। रियल एस्टेट के बारे में परामर्श देने वाली एनारॉक ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। 2024 की इसी अवधि में आवास बिक्री 1,07,060 इकाई रही थी। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि बिक्री इस अवधि में नई आपूर्ति से आगे रही जो बाजार की निरंतर बेहतर स्थिति को दर्शाता है। मूल्य के लिहाज से बिक्री में यह बढ़ोतरी प्रीमियम एवं लग्जरी आवास खंड में बढ़े लेन-देन की वजह से है। इन सात शहरों में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई हैं।

### एडवांस एग्रोलाइफ का आईपीओ 30 को

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी एडवांस एग्रोलाइफ लि. ने गुरुवार को अपने आगामी 193 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 95-100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने कहा कि यह आईपीओ 30 सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और तीन अक्टूबर को बंद होगा। एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड का आईपीओ पूरी तरह से 1.93 करोड़ इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर यह निर्गम 193 करोड़ रुपये का बैठता है।

### स्कोडा फिर पेश करेगी ऑक्टेविया मॉडल

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया देश में अपनी प्रीमियम सेडान ऑक्टेविया को दो साल बाद फिर लेकर आ रही है। चेक गणराज्य की यह वाहन विनिर्माता कंपनी ऑक्टेविया आरएस को एक पूर्ण विनिर्मित इकाई (एफबीयू) के रूप में सीमित संख्या में पेश करेगी। इसकी बुकिंग अगले महीने शुरू होगी और आपूर्ति नवंबर में होने की उम्मीद है। ऑक्टेविया भारत में कंपनी का पहला मॉडल था, जिसे कंपनी ने 2023 में बंद कर दिया। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा कि भारत में स्कोडा की 25 साल की विरासत को एक ही कार ने परिभाषित किया, जिससे हमने भारत में सफर शुरू किया, और वह है ऑक्टेविया। 25 साल की विरासत का जश्न मनाने का यह बेहतर तरीका है।

# अनिश्चितता में भी भारत बना रहा जुझारू : सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री बोलीं- भारत का वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलू मजबूत

पुणे, एजेंसी



- सीतारमण ने कहा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, यह मात्र संयोग नहीं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपने मजबूत वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलुओं के दम पर जुझारूपन दिखाने में सफल रहा है। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पिछले एक वर्ष में वैश्विक माहौल में अनिश्चितता बढ़ी है और उसका असर विभिन्न देशों पर महसूस किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लेकिन इन सबके बीच भारत की मजबूती अलग नजर आती है। मजबूत वृहद-आर्थिक बुनियाद, युवा जनसंख्या और घरेलू मांग पर अधिक निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य ताकत है। वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भी यह मजबूती बनी रही और इस अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि यह महज संयोग नहीं है। यह सक्रिय राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों, बड़े पैमाने पर भौतिक एवं डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण, बेहतर शासन और प्रतिस्पर्धा में वृद्धि का परिणाम है।

### एमएसएमई को अधिक ऋण देने पर दिया जोर

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अधिक ऋण देने पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों से शिक्षा ऋण को भी प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा ऋण का कोई भी आवेदन अस्वीकार नहीं होना चाहिए। नागराजू ने बैंकों से कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में ऋण प्रवाह बढ़ाने का आग्रह किया। हालांकि इसके साथ उन्होंने कर्ज की गुणवत्ता को लेकर सतर्क रहने के लिए भी कहा।

# 75 नए उत्पादों को जीआई टैग कराने जा रहा यूपी

## यूपीआईटीएस में मुख्यमंत्री योगी ने गिनाई प्रदेश की औद्योगिक प्रगति

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW 3rd Edition

- योगी बोले- 77 जीआई उत्पाद के साथ देश का शीर्ष कैपिटल बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा




**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के तृतीय संस्करण के उद्घाटन पर बड़ा ऐलान किया कि प्रदेश के 75 नए उत्पादों को जल्द ही जीआई टैग के लिए आवेदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 77 जीआई टैग उत्पादों के साथ प्रदेश पहले ही देश का टॉप जीआई कैपिटल बन चुका है। अब 75 और उत्पाद जुड़ने से राज्य की पहचान वैश्विक बाजार में और मजबूत होगी।

सीएम योगी ने फिरोजाबाद के शिल्पियों द्वारा बनाई मां दुर्गा की प्रतिमा प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की और 532 से अधिक विदेशी खरीदारों व पार्टनर कंट्री रूस का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यूपीआईटीएस प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और नए भारत के नए यूपी की पहचान को और मजबूत बना रहा है। प्रदेश में धरोहर और विरासत को जीआई टैग के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है। इस बार आयोजन में 60 से अधिक जीआई टैग उत्पादों के स्टॉल हैं। स्टार्टअप, ओडीओपी, उभरते एक्सपोर्टर्स, महिला उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि व खाद्य प्रसंस्करण समेत कई क्षेत्रों की उपलब्धियां प्रदर्शित हुई हैं।

योगी ने कहा कि फरवरी 2023 के यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से राज्य को 40 लाख करोड़ के निवेश मिले थे। इनमें से 12 लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं और कई उद्यमों में उत्पादन भी शुरू हो गया है। नवंबर में 5 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों का ग्राउंड ब्रेकिंग होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जिनसे दो करोड़ युवाओं को रोजगार मिला है। निजी औद्योगिक पार्कों और 11 प्लग एंड प्ले पार्कों की स्थापना से निवेश और रोजगार की संभावनाएं और बढ़ी हैं। योगी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर हर जिले में 100 एकड़ में औद्योगिक एवं रोजगार जोन विकसित किए जाएंगे। इसमें एमएसएमई, स्किल डेवलपमेंट, खादी-ग्रामोद्योग और श्रम-सेवायोजन विभाग के दफ्तर भी होंगे, ताकि युवाओं को एक जगह स्वरोजगार व नौकरी से जुड़ी सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल सिंह, बेबीरानी मौर्या, एके शर्मा, डॉ. संजय निषाद, दयाशंकर सिंह, कपिलदेव अग्रवाल, असीम अरुण, ब्रजेश सिंह, सांसद महेश शर्मा, सुरेंद्र नागर आदि रहे।

### यूपी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स का ग्लोबल हब

सीएम ने बताया कि यूपी आज आईटी, सेमी कंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बन रहा है। देश की मोबाइल फोन मैन्यूफैक्चरिंग का 55 तथा मोबाइल कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग में 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी यूपी की है। सेमी कंडक्टर में देश-विदेश की अग्रणी कंपनियां यूपी में निवेश कर रही हैं।

### चार दिन में ही मार्केट में आई नई जीवंतता

सीएम योगी ने कहा कि जुलाई 2017 में लागू वन नेशन-वन टैक्स अब नए सुधारों के बाद दो स्लैब में दिखेगा। गत चार दिनों में बाजार में नई जीवंतता आई है। उपभोक्ता का बाजार की तरफ तेजी से रुख हुआ है। गरीब, श्रमिक, व्यापारी, किसान हर तबके को जीवनदान मिला है।

# भारत हरित ऊर्जा उत्पादन का बनेगा वैश्विक केंद्र : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने कहा- हमारा लक्ष्य उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी बनना

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को हरित ऊर्जा के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स द्वारा आयोजित विश्व 'हाइड्रोजन इंडिया सम्मेलन' को ऑनलाइन संबोधित किया।

जोशी ने कहा कि भारत ने गैर-जीवाश्म संसाधनों से 50 प्रतिशत स्थापित बिजली क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने हमारे अगले लक्ष्य के लिए मंच तैयार कर दिया है जिससे भारत हरित ऊर्जा के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बन जाएगा। भारत की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता लगभग 250 गीगावाट है। हरित हाइड्रोजन के बारे में जोशी ने कहा कि सरकार का हरित हाइड्रोजन कार्यक्रम अविश्वसनीय गति से विचार (विजन) से क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहा है। इस दृष्टिकोण को समर्थन देने के लिए एक स्थिर, भरोसेमंद और लाभदायक निवेश माहौल तैयार किया जा रहा है। सरकार ने 2023 में वित्त वर्ष 2029-30 तक 50 लाख टन उत्पादन के लिए 19,744 करोड़ रुपये के शुरुआती व्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) शुरू किया था।

### भारत में भी हाइड्रोजन की हिस्सेदारी तीन प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के वरिष्ठ विश्लेषक (क्वांटिटेटिव एनालिसिस) अभय सिंह ने कहा कि पुनरुत्थान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन की मांग 2060 तक वर्तमान स्तर से 3.5 गुना तक बढ़ सकती है। यह मौजूदा 1.7% की ऊर्जा मांग से संभावित रूप से 7% से अधिक होगी। भारत में भी ऊर्जा मांग में हाइड्रोजन की हिस्सेदारी मौजूदा 1.8% से बढ़कर 3% से अधिक होने का अनुमान है। इसमें 80% उत्पादन संभावित रूप से हरित हाइड्रोजन से होगा।

# पीएम को महिलाओं ने सुनाई बदलाव की कहानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों से मुलाकात की। इन महिलाओं के लिए यह क्षण किसी सपने के सच होने जैसा था। इन पांच महिलाओं की कहानियां सिर्फ उनकी सफलता नहीं, बल्कि प्रदेश में आए क्रांतिकारी बदलाव की तस्वीर पेश करती हैं। ये कहानियां बताती हैं कि योगी सरकार की नीतियों से अब महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक सुरक्षित माहौल मिला है।

**मेरठ की विद्युत सखी संगीता ने लिखी सफलता की दास्तां :** मेरठ निवासी संगीता विद्युत सखी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि वह हर महीने लोगों के बिजली बिल जमा करके अच्छी कमाई कर लेती हैं। प्रधानमंत्री ने उनकी कहानी को सुना और उनसे पूछा कि आपको फील्ड में काम करते हुए दिक्कत तो नहीं होती? इस पर संगीता ने गर्व से जवाब दिया कि जी नहीं, लोग हमें सम्मान से पहचानते हैं।

**लखनऊ की बैंकिंग सखी सरला घर-घर पहुंचा रहीं सुविधाएं :** लखनऊ से आईं बैंकिंग सखी सरला ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह लोगों के बैंक खाते खुलवाती हैं। पीएम ने उनसे भी उनके अनुभव के बारे में पूछा। सरला ने बताया कि शुरुआत में लोगों को समझाना मुश्किल था, लेकिन अब लोग भरोसा करते हैं।



# बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा देश : मोदी

## बांसवाड़ा में नापला के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने किया विभिन्न राज्यों की बिजली परियोजनाओं की शुरुआत

- राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में 90 हजार करोड़ की बिजली परियोजनाएं शुरू

बांसवाड़ा (राजस्थान), एजेंसी


राजस्थान के बांसवाड़ा में जनसभा में उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अन्य।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न राज्यों की बिजली परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि देश आज बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और इस रफ्तार में इस राष्ट्र के सभी हिस्से शामिल हैं। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज को स्वाभिमान से जीवन जीने का अवसर मिले, यह उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है। वह बांसवाड़ा के नापला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती से आज बिजली क्षेत्र में भारत के सामर्थ्य का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। आज राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में 90 हजार करोड़ से ज्यादा की बिजली परियोजनाएं शुरू हुई हैं। कई परियोजनाओं का एक साथ शुरू होना दिखाता है कि देश आज बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और इसमें देश के सभी हिस्से शामिल हैं। मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा से लेकर परमाणु ऊर्जा तक देश अपनी बिजली उत्पादन क्षमता को नयी ऊंचाई तक लेकर जा रहा है। आज तकनीक एवं उद्योगों के जमाने में विकास की गाड़ी बिजली से ही दौड़ती है। बिजली है, तो उजाला है। बिजली है, तो गति है। बिजली है, तो प्रगति है। बिजली है तो दूरियां मिटी हैं। और बिजली है तो दुनिया हमारे पास है।

### विकास करना है तो बिजली उत्पादन बढ़ाना ही होगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इक्कीसवी सदी में जिस देश को तेजी से विकास करना है उसे अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना ही होगा। इसमें भी सबसे सफल वही देश होंगे जो स्वच्छ उर्जा में आगे रहेंगे। इसलिए हमारी सरकार स्वच्छ उर्जा के अभियान को एक जन आंदोलन बना कर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज को स्वाभिमान से जीवन जीने का अवसर मिले, यह हमारी प्रतिबद्धता है। जीएसटी की दरों में सरलीकरण पर उन्होंने कहा कि आज पूरा भारत जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है तथा हर रोज इस्तेमाल की जाने वाली चीजें सस्ती हो गई हैं। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लेकिन देश में कांग्रेस की सरकार ने बिजली के महत्त्व पर ध्यान ही नहीं दिया। जब 2014 में आपने मुझे सेवा का अवसर दिया और मैंने दायित्व संभाला तो देश के ढाई करोड़ घर ऐसे थे जहां बिजली कनेक्शन नहीं था। आजादी के सत्तर साल बाद भी देश के 18000 गांवों में बिजली खंभा ही नहीं लगा था। बड़े शहरों में घंटों-घंटों की बिजली कटौती होती थी। गांवों में चार-पांच घंटे बिजली आ जाये तो बड़ी बात होती थी, 2014 में हमारी सरकार ने इन हालातों को बदलने का संकल्प लिया। हमने ढाई करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया और जहां जहां बिजली के तार पहुंचे वहां बिजली भी पहुंची।

# सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर तोड़फोड़ व पथराव, 60 हिरासत में

**अहमदाबाद।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के बाद गांधीनगर जिले के गांव में अल्पसंख्यक समुदाय ने कई दुकानों तथा वाहनों में तोड़फोड़ की और पथराव किया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने बुधवार देर रात हुई झड़प और दंगे के लिए देहगाम तालुका के बहियाल गांव से 60 लोगों को हिरासत में लिया है। हमले में चार दुकानें और पांच से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गांधीनगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रवि तेजा वासमसेट्टी ने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रहे अभियान आई लव मुहम्मद पर हिंदू व्यक्ति द्वारा किए पोस्ट से अल्पसंख्यक नाराज हो गए, जिससे हमला हुआ। बुधवार रात 11 बजे एक बड़े समूह ने व्हाट्सएप पर स्टेट्स लगाने वाले एक व्यक्ति की दुकान का शटर तोड़ा और सामान जला दिया।

# विवेक गुप्ता बने आईएनएस अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- विकसित बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय समाचार पत्र सूचना का विश्वसनीय स्रोत बने हुए

सन्मार्ग समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) विवेक गुप्ता को समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के प्रकाशकों की सर्वोच्च संस्था द इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) का अध्यक्ष चुना गया है।

आईएनएस ने गुरुवार को बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित सोसाइटी की 86वीं वार्षिक आम बैठक में गुप्ता को 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। वह 'मातृभूमि' के एमवी श्रेयम्स कुमार की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा करण राजेंद्र दर्डा (लोकमत) को डिप्टी प्रेजिडेंट, तन्मय माहेश्वरी (अमर उजाला) को वाइस प्रेजिडेंट और अनंत नाथ (गृहशोभिका) को मानद कोषाध्यक्ष चुना गया है। सुश्री मैरी पॉल सोसाइटी की महासचिव होंगी। सोसाइटी की कार्यसमिति में 41 सदस्य बनाए गए हैं। बैठक में बताया गया कि पिछला साल समाचार पत्र उद्योग के लिए लचीलेपन, सुधार और सतर्क आशावाद का रहा है। वैश्विक स्तर पर, समाचार पत्र अभूतपूर्व दबाव में हैं, कई विकसित बाजारों में प्रसार और विज्ञापन में भारी गिरावट आई है फिर भी, भारत में हमारी कहानी अलग है। हम दृढ़ हैं, समाचार पत्र सूचना का एक विश्वसनीय स्रोत बने हुए हैं, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में, जहां प्रिंट में गहरी आस्था है। यह लचीलापन आसान नहीं रहा है। इन सबके मूल में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैः विश्वसनीयता। विश्वसनीयता की रक्षा करना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं है, यह हमारे अस्तित्व की नींव है।

# लद्दाख में लगा कर्फ्यू, 50 लोग हिरासत में

लेह, एजेंसी



भड़की हिंसा के एक दिन बाद लेह में तैनात पुलिसकर्मी।

हिंसा प्रभावित लेह में गुरुवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने लगे कर्फ्यू के दौरान 50 लोगों को हिरासत में लिया। लेह में एक दिन पहले हुई झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को जारी आंदोलन हिंसक हो गया था और सड़कों पर आगजनी और झड़पें हुईं। इस घटना के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 15 दिन से जारी भूख हड़ताल बुधवार को समाप्त कर दी थी। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा ने प्रदर्शन और बंद का आह्वान किया था क्योंकि 10 सितंबर से 35 दिन की भूख हड़ताल पर बैठे 15 लोगों में से दो की हालत मंगलवार शाम बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मुझे जेल में डालने से समस्याएं बढ़ सकती हैं : वांगचुक

**लेह।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने गुरुवार को कहा कि उनका जेल में रहना सरकार के लिए उनकी आजादी से ज्यादा समस्याएं पैदा कर सकता है। वांगचुक ने लद्दाख में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने को बलि का बकरा बनाने की रणनीति बताया। गृह मंत्रालय के उस बयान पर वांगचुक ने कहा कि वह कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि वे कुछ ऐसा मामला बना रहे हैं ताकि मुझे जन सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार करके दो साल के लिए जेल में डाल सकें। मैं इसके लिए तैयार हूं, लेकिन सोनम वांगचुक को आजाद रखने के बजाय जेल में डालने से समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

# फलस्तीन मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाना चाहिए : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को फलस्तीन के मुद्दे पर मोदी सरकार के रुख की तीखी आलोचना की और कहा कि अब भारत को नेतृत्व का परिचय देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्रतिक्रिया तथा गहरी चुप्पी और मानवता एवं नैतिकता, दोनों का परित्याग है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक लेख में कहा कि सरकार के कदम मुख्य रूप से भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित प्रतीत होते हैं। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक नहीं हो सकती।

# हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम पर सुनवाई में बरतेंगे सावधानी

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के प्रावधानों को दी चुनौतियों पर विचार करते समय सावधानी बरतेगा। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आर महादेवन की पीठ 1956 अधिनियम के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने कहा कि हिंदू समाज की जो संरचना मौजूद है, उसे कमतर मत कीजिए। एक अदालत के रूप में, हम आपको सावधान कर रहे हैं। हिंदू एक सामाजिक संरचना है और आप इसे गिरा नहीं सकते... हम नहीं चाहते कि हमारा फैसला किसी ऐसी चीज को नष्ट कर दे जो हजारों सालों से चली आ रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यद्यपि महिलाओं के अधिकार महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सामाजिक संरचना और महिलाओं को अधिकार देने के बीच संतुलन होना चाहिए। पीठ ने व्यापक मुद्दों पर विचार किए जाने तक समाधान की संभावना तलाशने के लिए संबंधित पक्षों को उच्चतम न्यायालय के मध्यस्थता केंद्र में भेज दिया।

याचिकाकर्ताओं में से एक के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनौती दिए गए प्रावधान महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण हैं। महिलाओं को केवल परंपराओं के कारण समान उत्तराधिकार के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि यह समुचित ढंग से तैयार किया गया अधिनियम है और आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता सामाजिक ढांचे को नष्ट करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष विचारणीय मुद्दा हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 15 और 16 है, जो बिना वसीयत के या बिना वसीयत के मरने वाली हिंदू महिलाओं की संपत्ति के हस्तांतरण को नियंत्रित करती है।

### फिरोजाबाद जिले के स्कूल के मैदान में रामलीला पर रोक संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में स्कूल के मैदान में रामलीला उत्सव के आयोजन पर रोक संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस शर्त पर उत्सव जारी रखने की अनुमति दी कि इससे छात्रों को कोई असुविधा न हो। पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के उस पैराग्राफ पर रोक लगाते हुए कहा कि वैसे तो हम स्कूल के मैदान में धार्मिक उत्सव के आयोजन की अनुमति नहीं देते हैं, लेकिन यह रामलीला 100 वर्षों से चली आ रही है और इस वर्ष उत्सव 14 सितंबर से शुरू हुआ है। पीठ ने श्री नगर रामलीला महोत्सव द्वारा दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय से जिला प्रशासन को भविष्य में किसी अन्य स्थल के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश देने को कहा। पीठ ने हाईकोर्ट से कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर अन्य हितधारकों के साथ श्री नगर रामलीला महोत्सव की याचिका पर सुनवाई करे और किसी अन्य स्थल के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करे।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### थाईलैंड : खारिज किया गया कैसीनो विधेयक

**बैंकॉक।** थाईलैंड की सीनेट ने कैसीनो सहित एकीकृत मनोरंजन परिसरों की स्थापना के लिए सरकार के मसौदा विधेयक को खारिज कर दिया है। इस निर्णय के पीछे सामाजिक प्रभाव, आर्थिक व्यवधान और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं प्रमुख कारण रहीं। पूर्व प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा के प्रशासन द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक की समीक्षा सीनेटर डॉ. वीरपुन सुवन्नामई की अध्यक्षता वाली विशेष समिति ने की। उप-सीनेट अध्यक्ष जनरल क्रिएंगक्राई श्रीराक के नेतृत्व में समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि यह विधेयक मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा दे सकता है और जनता का विश्वास कम कर सकता है।

### गाजा: इजराइली हमले में 17 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइली हमले में बृहस्पतिवार को कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुताबिक, मध्य शहर ज़वैदा में हुए एक इज़राइली हमले में 12 लोग मारे गए। इस हमले में एक तंबू और एक घर को नुकसान पहुंचा। पीड़ितों में आठ बच्चे भी शामिल हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि एक और लड़की अब भी मलबे में दबी हुई है। अस्पताल ने कहा कि दीर अल-बलाह में एक तंबू पर हुए हवाई हमले में एक और लड़की मारी गई तथा सात लोग घायल हो गए।

### वेनेजुएला में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप

**काराकस।** उत्तर पश्चिमी वेनेजुएला में बुधवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि भूकंप का केंद्र राजधानी काराकस से 600 किलोमीटर पश्चिम में जूलिया राज्य में मेने ग्रांडे समुदाय से 24 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में जमीन से 7.8 किलोमीटर की गहरायी में था। कई राज्यों और पड़ोसी देश कोलंबिया में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। कई लोगों ने सीमा के पास के इलाकों में आवासीय और कार्यालय भवनों को खाली कर दिया।

### श्रीलंका: हादसे में सात बौद्ध भिक्षुओं की मौत

**कोलंबो।** उत्तर पश्चिमी श्रीलंका में जंगल में स्थित मठ में केबल संचालित रेलगाड़ी पलटने से एक भारतीय समेत सात बौद्ध भिक्षुओं की मौत हो गई और छह घायल हो गए। घटना बुधवार रात को ना उयाना आरण्य सेनासनाया में हुई जो कोलंबो से 125 किमी दूर निकावेरेटिया में ध्यान शिविरों के लिए प्रसिद्ध बौद्ध मठ है जहां दुनिया भर से साधक पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि सात मृतक बौद्ध भिक्षुओं में से एक भारतीय, एक रूसी और एक रोमानिया का नागरिक था।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पांच साल की जेल

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को लीबियाई नेता कर्नल मुअम्मर गद्दाफी से लाखों यूरो के अवैध धन से संबंधित एक मामले में आपराधिक साजिश का दोषी पाए जाने के बाद पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

पेरिस आपराधिक अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार और चुनाव अभियान में धन के अवैध के इस्तेमाल सहित अन्य आरोपों से बरी कर दिया है। सरकोजी का दावा है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में गद्दाफी से धन लेकर अपने चुनाव अभियान में उसका उपयोग किया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक इसकी एवज में सरकोजी ने गद्दाफी से पश्चिमी देशों में उनकी छवि बनाने में मदद करने का वादा किया था।



- चुनाव अभियान के लिए लीबियाई नेता से धन लेने का था आरोप

जज नथाली गवारिनो ने कहा कि सरकोजी ने अपने अभियान के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से अपने करीबी सहयोगियों को लीबियाई अधिकारियों से संपर्क करने की अनुमति दी थी। लेकिन अदालत ने फैसला सुनाया कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं कि सरकोजी धन के अवैध लेन-देन अभियान के लाभार्थी थे। उन्हें पांच साल जेल की सजा सुनाई गई।

## बेशुमार उपलब्धियां अब इतिहास में दर्ज

करीब 60 साल लंबे बेहद शानदार और गौरवपूर्ण कार्यकाल के बाद भारतीय वायुसेना शुक्रवार को अपने सबसे ज्यादा साथ निभाने वाले लड़ाकू विमान मिग- 21 को रिटायर करने जा रही है। भारत ने सन् 1961 में सोवियत संघ से मिग-21 खरीदा था। यह भारतीय वायुसेना में शामिल होने वाला पहला सुपरसोनिक यानी आवाज की गति से भी तेज उड़ने वाला लड़ाकू विमान था। कालांतर में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने लाइसेंस लेकर इसका निर्माण किया। 1960 और 70 के दशक में मिग-21 ने भारत की वायुसेना को आधुनिक ताकत दी। भारत में भारत में मिग-21 का इतिहास उसकी उपलब्धियों और विवाद दोनों से भरा हुआ है। मिग-21 ने भारत को दशकों तक ताकत दी और कई युद्धों में अपनी छाप छोड़ी। लेकिन समय के साथ इसे फ्लाइंग कॉफिन कहा जाने लगा। इसके रिटायर होने के बाद तेजस भारत की नई उम्मीद है जो आधुनिक तकनीक और स्वदेशी क्षमता दोनों का प्रतीक है।

# एक था मिग- 21



### मिग-21 का स्वर्णिम प्रदर्शन

- सन् 1965 में भारत और पाकिस्तान के युद्ध में मिग-21 का पहली बार सीमित इस्तेमाल हुआ जिसमें उसने पाकिस्तानी एफ-104 स्टारफाइटर से मुकाबला किया।
- सन् 1971 में हुआ भारत-पाकिस्तान युद्ध मिग-21 का स्वर्णकाल था, भारतीय पायलटों ने मिग-21 से पाकिस्तान के एफ-104 के साथ कई विमान गिराए।
- ढाका पर हवाई हमलों में भी निर्णायक भूमिका, तकनीक काफी पुरानी होने के बाद भी कारगिल युद्ध में इस्तेमाल।
- सन् 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने मिग-21 बाइसन उड़ाते हुए अमेरिका निर्मित एफ-16 को गिराकर इतिहास रचा।

### कैसे बना फ्लाइंग कॉफिन

- यह विमान 1960-70 के दशक में ही पुराना हो गया था और तमाम देशों ने इसका इस्तेमाल बंद कर दिया।
- इसके बाद भी भारतीय वायुसेना इसका इस्तेमाल 60 साल तक करती रही, इस बीच क्रैश भी होते रहे।
- लगातार क्रैश के बाद 1980 में इसे फ्लाइंग कॉफिन या विधवा बनाने वाला विमान नाम दे दिया गया।

### क्रैश और पायलटों की मौत

- भारत में 1963 से 2023 के बीच मिग-21 के 400 से ज्यादा विमान क्रैश होने की घटनाएं हुई हैं।
- इन दुर्घटनाओं में 200 से ज्यादा पायलट और 50 से अधिक नागरिकों के मारे जाने का रिकॉर्ड है।
- वर्ष 2010 से 2022 के बीच करीब 40 मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हुए जिनमें कई पायलटों की मौत हुई।

### रिटायरमेंट का निर्णय

- भारतीय वायुसेना ने इस विमान को तकनीकी रूप से पुराना और असुरक्षित हो जाने की बात कही है।
- सेंसर, एवियोनिक्स और हथियार कमजोर पड़ गए हैं, आधुनिक लड़ाई में उपयोगिता कम हो गई है।
- इन्हीं कारणों से इस विमान के रखरखाव की लागत बहुत बढ़ गई है, अब इस विमान के विकल्प भी हैं।



### तेजस की खूबियां

- लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस भारत का स्वदेशी विमान होने के साथ चौथी पीढ़ी का मल्टी-रोल लड़ाकू विमान है।
- तेजस विमान पूरी तरह कंपोजिट मटेरियल से बना, हल्का और टिकाऊ है, इसलिए ज्यादा उपयोगी माना जाता है।
- इसमें आधुनिक ग्लास कॉकपिट बना है, साथ फ्लाई बाय वायर सिस्टम है जो इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाती है।
- इसमें हवा से हवा और हवा से जमीन में मार करने वाले हथियार, आधुनिक रडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम है।
- इस विमान की गति मैक 1.8 तक है। इसे भारतीय वायुसेना और नौसेना दोनों के लिए विकसित किया गया है।

# ट्रंप ने गुटेरस को लिखा पत्र... यूएन में मेरे खिलाफ हुई तिहरी साजिश, जांच कराएं

## एस्केलेटर, टेलीप्रॉम्पटर, ऑडियो की खराबी पर बोले- संयुक्त राष्ट्र को शर्म आनी चाहिए

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन 'खतरनाक घटनाओं' की जांच की मांग की है जिनमें एक घटना तब हुई जब वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप एस्केलेटर पर थे और वह अचानक रुक गया। उन्होंने इसे 'तिहरी साजिश' बताया।

ट्रंप ने बुधवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र को खुद पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, कल संयुक्त राष्ट्र में बड़ी अपमानजनक घटनाएं हुईं- एक नहीं, दो नहीं, बल्कि तीन बहुत भयावह घटनाएं। पहली घटना तब हुई जब ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप मुख्य सभागार तक जाने के लिए एस्केलेटर पर चढ़े, तो स्वचालित सीढ़ियां अचानक रुक गयीं, जिससे दोनों को खुद चलकर ऊपर जाना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह पलक झपकते ही रुक गया। गनीमत रही कि मेलानिया और मैं मुंह के बल आगे नहीं गिरे। हम दोनों ने मजबूती से हैंडरेल पकड़ा हुआ था, वरना एक बड़ा हादसा हो जाता। यह पूरी तरह से साजिश थी।

ट्रंप ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद जब ट्रंप संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र को संबोधित करने के लिए मंच पर चढ़े तो टेलीप्रॉम्प्टर खराब हो गया। ट्रंप ने बिना टेलीप्रॉम्पटर के 57 मिनट का भाषण दिया। हालांकि, 15 मिनट बाद टेलीप्रॉम्पटर फिर से काम करने लगा। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भाषण को शानदार समीक्षाएं मिली हैं। शायद लोग इस बात की कद्र करते हैं कि बहुत कम लोग वह कर सकते थे जो मैंने किया। तीसरी बात ट्रंप ने कहा कि उन्हें अपना भाषण समाप्त करने के बाद बताया गया कि महासभा के सभागार में ध्वनि पूरी तरह बंद थी और विश्व के नेता कुछ भी सुन नहीं पा रहे थे, सिवाय दुभाषिए के ईयरपीस के उपयोग के।

उन्होंने कहा कि जब भाषण समाप्त करने के बाद उन्होंने मेलानिया से पूछा, मैंने कैसा किया तो उन्होंने कहा, मैंने आपकी एक भी बात नहीं सुनी। ट्रंप ने कहा कि ये घटनाएं महज संयोग नहीं थीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र में 'तिहरी साजिश' थीं और इस संस्था को खुद पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इस पत्र की एक प्रति संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेज रहा हूं, और मैं तत्काल जांच की मांग करता हूं। इसमें हैरानी नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र वह काम नहीं कर पाया जिसके लिए इसे स्थापित किया गया था।



ट्रंप ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र को संबोधित किया। फाइल फोटो

### मेरा मजाक बनाया गया

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर 'द लंदन टाइम्स' की एक खबर का जिक्र करते हुए अपना मजाक बनाने का आरोप भी लगाया। खबर में बताया गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन को लेकर संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने मजाक में कहा था कि वे एस्केलेटर और लिफ्ट बंद कर कर सकते हैं और राष्ट्रपति को यह बता सकते हैं कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं, इसलिए उन्हें सीढ़ियों से ऊपर जाना होगा।

## पूर्व राष्ट्रपति का अपमान

### व्हाइट हाउस : प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में जो बाइडेन की जगह लगाया गया पेन का फोटो



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का चित्र नहीं लगाया गया है।

इस निवास के वेस्ट विंग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप तक के हैं लेकिन ट्रंप के पूर्ववर्ती बाइडेन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडेन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडेन केवल दस्तखत करते थे। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन ने ट्रंप को पटखनी दे दी थी मगर इस बार ट्रंप ने वापसी की, हालांकि इस बार उनके सामने बाइडेन के बजाय भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटस की उम्मीदवार थीं। इस महीने की शुरुआत में ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था, मुझे लगता है कि उन्होंने जिस एकमात्र दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए थे या जिन कुछ दस्तावेज़ों पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे, उनमें से एक उनके बेटे के लिए क्षमादान था। ऑटोपेन का "अवैध रूप से इस्तेमाल किया गया था।

# कश्मीर भारत-पाकिस्तान का मामला दखल देने में रुचि नहीं : अमेरिका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- अमेरिकी विदेश विभाग ने किया भारत के रुख का समर्थन, कहा- हमारे पास और कई मसले

अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है और अमेरिका की इस मामले में दक्षिण एशिया के दो पड़ोसियों के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है।

विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि यह अमेरिका की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है। हालांकि अधिकारी ने कहा कि यदि अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त मसले हैं और हम कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान पर छोड़ रहे हैं। हमें भारत और पाकिस्तान के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवाया है। विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि यह सच है कि अमेरिका उस संकट में शामिल था और उसने निश्चित रूप से युद्ध विराम कराने में मदद की थी। भारत का कहना है कि वह आतंकवाद जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ अपनी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करना चाहता, क्योंकि उसका मानना है कि ये द्विपक्षीय ही रहने चाहिए।

## ट्रंप और मोदी में सकारात्मक संबंध, जल्द ही मिलेंगे दोनों

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बहुत बहुत सकारात्मक संबंध हैं और दोनों नेताओं की मुलाकात होगी। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने यह कहते हुए रेखांकित किया कि अगली क्वाड शिखर बैठक इस वर्ष के अंत या अगले वर्ष कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

भारत इस बार क्वाड शिखर बैठक में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं की मेजबानी करेगा। विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, जहां तक आगामी बैठक की बात है, मैं राष्ट्रपति की ओर से कोई भी घोषणा पहले से नहीं करना चाहता, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि आप मोदी और ट्रंप की मुलाकात होते हुए देखेंगे। अधिकारी ने कहा, हम क्वाड शिखर बैठक की योजना पर काम कर रहे हैं। यह किसी न किसी समय होगी, यदि इस वर्ष नहीं तो अगले साल की शुरुआत में होगी। तारीख तय करने पर काम चल रहा है। उन्होंने अमेरिका-भारत के बीच वर्तमान सम्पर्क को अत्यंत उपयोगी बताया ।

## चाबहार और एच-1 बी वीजा पर दी सफाई

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। उन्होंने पुष्टि की कि अमेरिका ने ईरान स्वतंत्रता एवं प्रसार रोधी कानून के तहत दी गई छूटों को समाप्त कर दिया है। इसके तहत अफगानिस्तान में पुनर्निर्माण कार्यों के अंतर्गत चाबहार बंदरगाह के उपयोग की भारत को दी गई छूट वापस ले ली गई हैं। अधिकारी ने कहा, ट्रंप ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति वाले अभियान पर लौट रहे हैं, इसी कारण न केवल भारत बल्कि सभी देशों के लिए चाबहार बंदरगाह तक पहुंच की अनुमति रद्द कर दी गई है। एच1बी वीजा पर कहा कि अमेरिका इस मुद्दे पर भारत के साथ सम्पर्क बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें अब तक कोई खास आपत्ति नहीं मिली है। देखेंगे कि यह कैसे चलता है।

# अमेरिका के विरोध के बावजूद दुनिया वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने पर दे पूरा ध्यान

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि अमेरिकी विरोध के बावजूद दुनिया को वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और एनडीसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शी ने चीन के नए लक्ष्य का भी एलान किया जिसके तहत वर्ष 2035 तक उत्सर्जन में सात से 10 फीसदी की कटौती की जाएगी।

शी ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा, चीन 2035 तक अपनी अर्थव्यवस्था में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को उसके चरम स्तर से सात से 10 प्रतिशत तक कम कर देगा तथा बेहतर करने के लिए प्रयासरत है। चीन सबसे बड़ा कार्बन प्रदूषण फैलाने वाला देश है, जिसके बाद अमेरिका का स्थान है।



- शी जिनपिंग ने किया आह्वान, चीन के नए लक्ष्य की भी की घोषणा

शी ने कहा कि चीन कुल ऊर्जा खपत में गैरजीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाएगा, पवन और सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता को 2020 के स्तर से छह गुना से अधिक तक करेगा, वन क्षेत्र को 24 अरब घन मीटर से अधिक बढ़ाएगा और वाहनों की बिक्री में नवीन ऊर्जा संचालित वाहनों को मुख्यधारा में लाएगा। शी ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा, हरित और कम कार्बन उत्सर्जन आज के समय का चलन है। लेकिन कुछ देश इसके खिलाफ काम कर रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सही दिशा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## स्लोवेनिया में नेतन्याहू के प्रवेश पर लगी रोक

**लजुब्लजाना।** स्लोवेनिया ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून के अपने संरक्षण को रेखांकित करने के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के यूरोपीय संघ के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहा है।

एसटीए समाचार एजेंसी के अनुसार विदेश मंत्रालय की अधिकारी नेवा ग्रासिक ने कहा कि यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा इजराइली प्रधानमंत्री के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट से जुड़ा है। लगभग 20 लाख की आबादी वाला यूरोपीय संघ का यह राष्ट्र गाजा में इजराइली कार्रवाइयों का मुखर आलोचक रहा है।

# वैश्विक कार्यबल की जरूरत से बच नहीं सकती दुनिया

## आव्रजन और टैरिफ पर ट्रंप के सख्त रुख के बीच न्यूयॉर्क में बोले जयशंकर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आज की बदलती दुनिया को वैश्विक कार्यबल की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस वास्तविकता से बच नहीं सकते कि राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के कारण कई देशों में वैश्विक कार्यबल की मांग पूरी नहीं की जा सकती।

उनकी यह टिप्पणी व्यापार और शुल्क चुनौतियों के साथ-साथ आव्रजन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के बीच आई है, जिसमें एच-1बी वीजा पर 100,000 अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क भी शामिल है, जो मुख्य रूप से भारतीय पेशेवरों को प्रभावित करता है। भारतीय इन अस्थायी कार्य वीजा के लाभार्थियों में अधिसंख्यक हैं। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एट द हार्ट ऑफ डेवलपमेंटः एड, ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी' को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक ऐसे वैश्विक कार्यबल के निर्माण का आह्वान किया जो अधिक स्वीकार्य, समकालीन और कुशल हो और जिसे फिर एक विकेन्द्रित, वैश्विक कार्यस्थल में स्थापित किया जा सके।



न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम में बोलते जयशंकर।

- ओआरएफ के कार्यक्रम में विदेशमंत्री बोले-कई देश अपने दम पर पूरी नहीं कर सकते ये जरूरत

उन्होंने कहा, उस वैश्विक कार्यबल को कहां रखा जाए और उसकी तैनाती कहां हो, यह एक राजनीतिक बहस का विषय हो सकता है। लेकिन इससे बचा नहीं जा सकता। अगर आप मांग और जनसांख्यिकी को देखें, तो कई देशों में सिर्फ उनकी राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के आधार पर मांग पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, यह एक वास्तविकता है। आप इस वास्तविकता से भाग नहीं सकते।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 09.33 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शरद।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- विशाखा 22.09 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें। पैतृक व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। करियर को लेकर अत्यंत सकारात्मक रहेंगे। मित्रों के साथ संपर्क और मजबूत होगा। वैवाहिक जीवन को लेकर अत्यधिक आशावान रहेंगे।

**वृष** – आज व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाहर का भोजन करने से बचें। सहकर्मियों के साथ झड़प हो सकती है। प्रतिद्वंद्वी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। अपने क्रोध पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर बढ़ेंगे। भावुकता में कार्य बिगड़ सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें। लोग चिकनी-चुपड़ी बातें करके आपको बहकाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कर्क** – आज कुसंगति से पड़ने की संभावना बन रही है। प्रेम-संबंधों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिम्मेदारियों के कारण आप थोड़े असहज हो सकते हैं। पति-पत्नी आपसी संवाद में कमी न आने दें।

**सिंह** – आज अपने व्यवहार को लेकर संयमित रखना चाहिए। अवसरों का अच्छा लाभ उठा पाएंगे। कार्यक्षेत्र की समस्याओं का निराकरण होगा। आपको मार्गदर्शकों का सहयोग लेना पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कन्या** – आज जल्दबाजी के कारण आपको कार्यों में नुकसान हो सकता है। विवादित मामलों में प्रतिक्रिया न दें। कारोबार में अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। जीवन में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। उदासी और डिप्रेशन वाले विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**तुला** – आज नौकरीपेशा लोग अपने लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त कर लेंगे। रिश्तेदारों के घर जाना पड़ सकता है। आपको लोग अत्यधिक सम्मान की दृष्टि से देखेंगे। समाज में संबंधियों के मध्य आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलने में अभी और देर लग सकती है। गृहस्थ जीवन में शांति का वातावरण रहेगा। सहयोगियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। किसी को उधार न दें, वरना धन का नुकसान झेलना पड़ेगा।

**धनु** – आज प्रगति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। प्राइवेट नौकरी कर रहे जातकों की आय में वृद्धि होगी। व्यापार में कुछ अप्रत्याशित स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। गृहस्थ जीवन में सुख की अनुभूति करेंगे। छोटे कर्मचारियों की अवहेलना न करें।

**मकर** – आज आपको लोगों से प्रशंसा सुनने को मिलेगी। शेयर मार्केट से आपको काफी अच्छा धन-लाभ प्राप्त होगा। घरेलू समस्याओं को लेकर तनाव में हो सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नया सीखने के अवसर प्रदान करेगा।

**कुंभ** – आज थोड़ी सी सुस्ती आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। प्रेमीजन आपसे किसी उपहार की मांग कर सकता है। विद्यार्थियों को अधिकारियों से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अनेक अधूरे कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

**मीन** – आज बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। रिलेशनशिप से जुड़े मामलों को लेकर संवेदनशील रहेंगे। अपनी गलतियों को दूसरों के ऊपर न थोपें। लोग आपसे अत्यधिक अपेक्षा रख रहे हैं, जिसका दबाव आपके ऊपर देखने को मिलेगा।

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |

## सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |



बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। यह टीम दोनों टेस्ट के लिए है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है।
-अजित अगरकर


# स्टेडियम

कानपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### संगकारा राजस्थान से जुड़ने को तैयार

**नई दिल्ली** : राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स में कोचिंग स्टाफ का नेतृत्व करने के लिए वापसी करेंगे। 2021 से राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक रहे संगकारा द्रविड़ के जाने से खाली हुई जगह को भरने के लिए तैयार हैं और उन्होंने 2026 सत्र की योजना बनाना शुरू कर दिया है। 2021 में राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने के बाद से संगकारा मुख्य कोच की दोहरी भूमिका भी निभा रहे हैं और संजू सैमसन की अगुवाई वाली फ्रेंचाइजी ने उनके मार्गदर्शन में चार सत्र में दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई है।

### राकेश, तोमन के बीच होगा फाइनल

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)** : राकेश कुमार और तोमन कुमार के पुरुष वर्ग तथा शीतल देवी के महिला कंपाउंड वर्ग के फाइनल में पहुंचने से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पैरा तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में कम से कम तीन पदक सुनिश्चित कर लिए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपेक्षाकृत नए खिलाड़ी तोमन ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के कंपाउंड ओपन व्यक्तिगत वर्ग के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त राकेश ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैकक्वीन को 147-143 से हराया, जबकि तोमन ने हमवतन श्याम सुंदर स्वामी को रोमांचक मुकाबले में 144-143 से मात दी।

### एलेक्जेंडर मुलर ने खाचानोव को हराया

**बीजिंग** : फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने चाइना ओपन में बड़ा उलटफेर कर एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष एकल के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को हरा दिया। यहां नेशनल टेनिस सेंटर के डायमंड कोर्ट पर बुधवार को खेले गये मुकाबले में मुरल ने खाचानोव को दो घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराया। मैच की शुरुआत में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में 4-2 की बढ़त गंवा दी, जबकि मुलर ने अगले छह में से पाच अंक हासिल कर निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया।

### अश्विन ने सिडनी थंडर से करार किया

**सिडनी** : अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बृहस्पतिवार को बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने अश्विन के हवाले से कहा सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।



# वेस्टइंडीज से टेस्ट शृंखला में बुमराह खेलेंगे

**दुबई, एजेंसी**

- चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करूण नायर की जगह ली।

कार्यभार प्रबंधन के कारण इंग्लैंड में पांच में से तीन ही टेस्ट खेल सके बुमराह ने दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही शृंखला के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। रविंद्र जडेजा को शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम का उपकप्तान बनाया गया है। दूसरा मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। हम उसके लिए सर्वश्रेष्ठ चाहते हैं, लेकिन टीम सर्वोपरि है। बड़े टूर्नामेंट आने वाले हैं तो हमें एहतियात बरतनी होगी। नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। अगरकर ने कहा उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला में दो टेस्ट कोलकाता और गुवाहाटी में 14 नवंबर से 26 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैच होंगे। दक्षिण अफ्रीका का दौरा 19 दिसंबर को आखिरी टी20 के साथ खत्म होगा।

**टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव।

**देवदत्त पडिक्कल पर जताया भरोसा**

अगरकर ने कहा पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करुण से बेहतर की उम्मीद की थी। पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था। पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है। अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है।

# फाइनल से पहले अंतिम तैयारियों को परखना चाहेगी टीम इंडिया

## एशिया कप : सुपर 4 चरण में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला आज

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में अपनी अंतिम तैयारियों को परखने के लिए उतरेगी। मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी। जितेश शर्मा को आजमा सकता है।

भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे।

बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाए जा सकते। वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा वैसे 'रिंग आफ फायर' से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है । हमें इसकी आदत डालनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं पर मध्यक्रम में बायां. दायां संयोजन रखने के लिये यह सही नहीं था। हार्दिक पांड्या को उनसे पहले बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया। फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है। ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाए।

**समय रात 8 बजे से**



कप्तान सूर्यकुमार यादव।

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका** : चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

### हमारे बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों से निपटने में सक्षम

**दुबई** : श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच थिलिना कंदाम्बी का मानना है कि उनके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले एशिया कप के औपचारिकता वाले मैच में भारत के स्पिन आक्रमण से निपटने के लिए सकारात्मक मानसिकता के साथ खेलना होगा। श्रीलंका सुपर चार चरण में दो हार के साथ पहले ही फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है जबकि भारत ने रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन तिकड़ी ने टूर्नामेंट में अब तक बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किलें खड़ी की हैं। कंदाम्बी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा हमने इस बारे में चर्चा की है पर हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से स्पिन खेल रहे हैं। वे जानते हैं कि बि कैसे संभालना है।

### इन पिचों पर स्पिनरों को मदद नहीं मिल रही : चक्रवर्ती

**दुबई** : भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है एशिया कप में पावरप्ले के दौरान गेंद कठोर रहने से स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही इसके बाद गेंद नरम हो जाती है और क्षेत्ररक्षण की पाबंदियां नहीं रहने से मदद मिलती है। एशिया कप में चार मैचों में छह से कम की प्रभावी इकॉनॉमी रेट से चार विकेट लेने वाले चक्रवर्ती का किस्मत ने साथ नहीं दिया क्योंकि टूर्नामेंट में उनकी गेंदों पर काफी कैच छूटे। यह पूछे पर कि क्या इस टूर्नामेंट में आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करते हुए उन्होंने ज्यादा सहज महसूस किया, तमिलनाडु के इस रहस्यमयी स्पिनर ने कहा कि गेंद नरम होने और फील्ड फैल जाने से मदद मिलती है। चक्रवर्ती ने कहा गेंद जब कठोर होती है तो स्पिनरों को मदद नहीं मिलती । स्पिनर के नजरिये से कहूं तो पावरप्ले या उसके ठीक बाद गेंदबाजी में इन पिचों पर मदद नहीं मिलती।


पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा आउट होने के बाद पवेलियन वापस जाते हुए। एजेंसी

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 135 रनों पर रोका

**दुबई, एजेंसी**

पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 सुपर चार चरण के मैच में बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 135 रन बनाये। पाकिस्तान के शुरुआती बल्लेबाजी क्रम के ध्वस्त होने के बाद मोहम्मद हारिस (31), शाहीन शाह अफरीदी (19) और मोहम्मद नवाज (25) ने उपयोगी पारियों के साथ टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने तीन जबकि महेदी हसन और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट लिये। इस मैच को जीतने वाली टीम रविवार को फाइनल में भारत का सामना करेगी।

**पाकिस्तान**

**135/8 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| साहिबजादा का रिशाद बो तस्कीन | 04 |
| फखर जमां का तंजीम बो रिशाद | 13 |
| सईम अयूब का रिशाद बो महेदी | 00 |
| आगा का जाकीर बो मुस्ताफिजूर | 19 |
| हुसैन तलत का हसन बो रिशाद | 03 |
| मोहम्मद हारिस का एवं बो महेदी | 31 |
| अफरीदी का जाकीर बो तस्कीन | 19 |
| नवाज का इमॉन बो तस्कीन | 25 |
| फहीम अशरफ नाबाद | 14 |
| हारिस रऊफ नाबाद | 03 |

**गेंदबाजी** : तस्कीन 4-0-28-3, महेदी 4-0-28-2, तनजीम 4-0-28-0, मुस्ताफिजूर 4-0-33-1, रिशाद 4-0-18-2

### बीसीसीआई ने साहिबजादा व रऊफ की शिकायत की

**दुबई** : भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है। आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार यादव की टिप्पणी राजनीतिक थी।

अभी तकनीकी तौर पर यह देखना होगा कि शिकायत कब दर्ज कराई गई है, क्योंकि टिप्पणी के सात दिन के भीतर ही शिकायत की जा सकती थी। भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के कोहली कोहली चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था। रऊफ ने मैच के दौरान भारतीय अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को भी गालियां दी, जिसका जवाब दोनों युवा क्रिकेटरों ने अपनी बल्लेबाजी से दिया।

# भारतीय महिला टीम जीत के प्रति आश्वस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्मृति मंधाना ने कहा- हमारी सभी खिलाड़ियों को लगता है कि वे हैं मैच विजेता

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना का कहना है कि पिछले टी20 विश्व कप के बाद से महिला टीम में सबसे बड़ा बदलाव यही आया है कि अब हर खिलाड़ी खुद को एक मैच विजेता मानती है। उनका कहना है कि यह बदलाव फिटनेस और तैयारी पर अधिक ध्यान देने से आया है। भारतीय टीम आने वाले हफ्ते में महिला विश्व कप नहीं जीत पाने के मिथक को तोड़ना चाहेगी और 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

मंधाना ने जियोस्टार से कहा, मुझे लगता है कि हमारे भरोसे में बहुत बदलाव आ गया है और यह केवल इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी मेहनत करते हैं। जब प्रयास होता है तो संघर्ष हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा यही एक चीज है जो इस टीम के साथ बदल गई है। हर कोई मानता है कि वे मैच विजेता हैं।


स्मृति मंधाना।

उनतीस वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि पिछले टी20 विश्व कप ने बतौर खिलाड़ी उन पर गहरी छाप छोड़ी है।

उन्होंने कहा, पिछला टी20 विश्व कप मेरे लिए बहुत बड़ा झटका था। मैंने मन ही मन सोचा मैं एक एथलीट के तौर पर जिंदगी में ऐसा महसूस नहीं करना चाहती। इसके बाद फिटनेस और पोषण संबंधित कई बदलाव हुए हैं। मंधाना ने कहा हम सभी इस विश्व कप का इंतजार कर रहे हैं।

2013 में जब मैं बच्ची थी तब से भारत में महिला क्रिकेट के लिए बहुत कुछ बदल गया है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि स्टेडियम कैसे तैयार होते हैं और लोग किस तरह से समर्थन करते हैं। महिला प्रीमियर लीग ने हमें शोरगुल वाली भीड़ के बावजूद एकाग्र होकर खेलना सीखा दिया है।

### रेड्डी के चोटिल होने से भारत को झटका

**बेंगलुरु** : महिला विश्व कप से पहले भारत को करारा झटका लगा जब बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी चोटिल हो गईं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज एमी जोन्स को आउट करने वाली इस तेज गेंदबाज ने 13वें ओवर में हीथर नाइट की गेंद पर रिटर्न कैच लेने की कोशिश की, पर गेंद उनके बाएं पैर पर लग गई जिसके बाद वह जमीन पर गिर गईं।

## चोटिल अल्काराज ने सेबेस्टियन बाएज को हराया

**टोक्यो** : विश्व के नंबर टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने गुरुवार को जापान ओपन टेनिस के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 6-4, 6-2 से हराकर एक भयावह चोट के डर को मात दी। एरियाके कोलोसियम में खेले गये मुकाबले में उस समय सन्नाटा छा गया जब स्पेन के दिग्गज अल्काराज मैच के 20 मिनट बाद दर्द से कराहते हुए पीठ के बल गिर पड़े और उनका सिर और बायां टखना दोनों ही चोटिल हो गए। उन्हें चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ी। लेकिन छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने न केवल पहला सेट जीता, बल्कि बारिश के कारण देरी के बाद भी अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। वे चिकित्सा सहायता के लिए बेंच पर गए और वापसी करने में कामयाब रहे। और उन्होंने जीत हासिल की।

**मुकाबला** | कानपुर में आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होगी तीन वनडे मैचों की शृंखला

# श्रेयस अय्यर को मिली भारत ए की कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे शृंखला के लिए भारत ए का कप्तान बनाया गया है। लेकिन कमर की तकलीफ के कारण वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे।

तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेट कीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। एशिया कप सुपर 4 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा, तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूर) के लिए भारत ए टीम से जुड़ेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम के कप्तान को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई, लेकिन भारत ए शृंखला से अय्यर को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

अगरकर ने कहा हम चाहते हैं कि श्रेयस अय्यर खेलें और अच्छा खेलें। ऐसा नहीं है कि वह पहले भारत ए के कप्तान नहीं रहे हैं। उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की भी शानदार कप्तानी की है और भारत ए की कप्तानी से हमें आंकने का मौका मिलेगा। हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे कप्तानी (अक्टूबर में) पर कोई बात नहीं की है। अय्यर ने लाल गेंद से क्रिकेट से अलग होने के अपने फैसले से बीसीसीआई को अवगत करा दिया है।



**30** सितंबर से शुरू होगी तीन मैचों की वनडे शृंखला, 3 और 5 अक्टूबर को होगा अगला मुकाबला

### पहले वनडे के लिए भारत ए टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्य, सिमरजीत।

### रजत पाटीदार होंगे विदर्भ के कप्तान

चयनकर्ताओं ने रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप मैच में शेष भारत का कप्तान बनाया गया है। पाटीदार ने इस महीने की शुरूआत में दलीप ट्रॉफी में मध्य क्षेत्र के लिये दो शतक और दो अर्धशतक लगाए। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।